राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 188
लखनऊ, गुरुवार 12 मार्च, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





छात्रों के लिए शुरू हुआ एसपीईएल प्रशिक्षण 10

ममता बनर्जी के शासन में भ्रष्टाचार में डूबा पश्चिम बंगाल : केशव प्रसाद मौर्य 03


# विकसित भारत बनाने के लिए विकसित तमिलनाडु का निर्माण हमारा लक्ष्य : प्रधानमंत्री

- प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत तमिलनाडु में 370 किमी लंबी 89 ग्रामीण सड़कों का उद्घाटन
- दो अमृत भारत एक्सप्रेस, दो एक्सप्रेस ट्रेन और एक पैसेंजर ट्रेन सेवा का किया शुभारंभ




**एजेंसी, त्रिची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने त्रिची में एक कार्यक्रम में कहा कि हम तमिलनाडु के विकास के लिए बिना थके काम कर रहे हैं। हम काम करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि विकसित भारत बनाने के लिए विकसित तमिलनाडु का निर्माण हमारा लक्ष्य है। तमिलनाडु और केरल राज्यों में विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की शुरुआत करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज यहां का दौरा किया। सबसे पहले प्रधानमंत्री केरल गए और वहां से आज शाम करीब 4 बजे तिरुचिरापल्ली (त्रिची) पहुंचे। तमिलों की पारंपरिक पोशाक वेष्टि और शर्ट पहनकर पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी का हवाई अड्डे पर भव्य स्वागत किया गया। इसके बाद वे हेलीकॉप्टर से पंचप्पूर गए। वहां आयोजित एक सरकारी कार्यक्रम में उन्होंने 5,650 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया और नई परियोजनाओं की आधारशिला भी रखी। इस कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल, एल. मुरुगन, तमिलनाडु के मंत्री थंगम तेनारासु, एआईएडीएमके के महासचिव ईपीएस, तमिलनाडु भाजपा अध्यक्ष नयिनार नागेंद्रन सहित कई नेता शामिल हुए। कार्यक्रम में एल. मुरुगन ने प्रधानमंत्री मोदी को स्मृति-चिन्ह भेंट किया और मंत्री थंगम तेनारासु ने उन्हें शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। साथ ही पोरुनई संग्रहालय का स्मारक चिन्ह भी भेंट किया गया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि त्रिची आकर मुझे बहुत खुशी हो रही है। आज का कार्यक्रम तमिलनाडु के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण है। आज 5,650 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन किया गया है। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं से कनेक्टिविटी बेहतर होगी और तमिलनाडु के युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा होंगे। उन्होंने कहा कि भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन की पाइपलाइन परियोजना के माध्यम से नीलगिरि और ईरोड जिलों में लगभग 9 लाख परिवारों और सैकड़ों व्यापारिक संस्थानों को पाइपलाइन के जरिए प्राकृतिक गैस कनेक्शन मिलेगा। उन्होंने कहा कि घरों तक पाइपलाइन गैस पहुंचने से लोगों का जीवन स्तर बेहतर होगा। इससे प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से हजारों रोजगार भी पैदा होंगे। प्राकृतिक गैस पर्यावरण के लिए अनुकूल है और वायु प्रदूषण को कम करती है। यह परियोजना लगभग 4 करोड़ पेड़ लगाने के बराबर पर्यावरणीय लाभ देगी। उन्होंने कहा कि चेन्नई में इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के ल्यूब ब्लेंडिंग प्लांट को भी राष्ट्र को समर्पित किया गया है।

## स्पेन ने इजराइल से अपना राजदूत हटाया राजनयिक तनाव गहरा

**एजेंसी, मेड्रिड।** स्पेन ने इजराइल में अपने राजदूत को औपचारिक रूप से वापस बुला लिया है। इस कदम को स्पेन की सरकार ने पिछले दिन ही मंजूरी दी थी। राजनयिक तनाव पिछले साल सितंबर से बढ़ रहा था, जब स्पेन ने राजदूत को अस्थायी तौर पर परामर्श के लिए बुलाया था। सरकार के निर्णय के बाद अब तेल अवीव स्थित स्पेनिश दूतावास का कामकाज 'चार्ज डी अफेयर्स' के माध्यम से चलाया जाएगा। यह स्थिति दोनों देशों के बीच संबंधों को अब तक के सबसे निचले स्तर पर ले गई है। दरअसल, स्पेन ने ईरान में अमेरिका और इजराइल के सैन्य हमलों की आलोचना की थी। प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज ने इस कार्रवाई को 'अनुचित' बताया था। यहीं नहीं, पीएम सांचेज ने गाजा में इजराइल की सैन्य कार्रवाइयों को भी 'नरसंहार' करार देते हुए कड़े शब्दों में निंदा की थी। इनके अलावा, स्पेन ने इजराइल को हथियार और ईंधन पहुंचाने वाले जहाजों और विमानों पर प्रतिबंध लगा दिया।

## केन्द्र सरकार ने दिया टेलीग्राम को नोटिस, अवैध कंटेंट वाले चैनल 3 घंटे में हटाने के निर्देश

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

केंद्र सरकार ने मैसेजिंग प्लेटफॉर्म टेलीग्राम को नोटिस जारी कर उन चैनलों को हटाने का निर्देश दिया है, जिन पर बिना अनुमति के फिल्मों, वेब सीरीज और ओटीटी प्लेटफॉर्म का कंटेंट साझा किया जा रहा है। बुधवार को सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने जारी नोटिस में कहा है कि ऐसे चैनलों पर कॉपीराइट वाले कंटेंट को अवैध रूप से अपलोड और वितरित किया जा रहा है, जो कॉपीराइट एक्ट 1957 का उल्लंघन है। मंत्रालय के अनुसार यह कार्रवाई सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम 2000 की धारा 79(3)(b) और आईटी (इंटरमीडियरी गाइडलाइंस एवं डिजिटल मीडिया एथिक्स कोड) नियम 2021 के तहत की गई है। इन नियमों के मुताबिक यदि किसी सोशल मीडिया या डिजिटल प्लेटफॉर्म को सरकार या उसकी एजेंसी द्वारा किसी अवैध सामग्री की जानकारी दी जाती है, तो उस प्लेटफॉर्म को तुरंत उस सामग्री को हटाना या उस तक पहुंच बंद करना अनिवार्य होता है। मंत्रालय के अनुसार कुछ टेलीग्राम चैनलों पर ओटीटी प्लेटफॉर्म, कंटेंट मालिकों और निर्माताओं के स्वामित्व वाले कार्यक्रमों को बिना अनुमति के साझा किया जा रहा था। इस तरह की गतिविधियां कॉपीराइट कानून का उल्लंघन होने के साथ-साथ डिजिटल प्लेटफॉर्म के नियमों के भी खिलाफ हैं। इसी को देखते हुए सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने टेलीग्राम को निर्देश दिया है कि नोटिस जारी होने के तीन घंटे के भीतर ऐसे सभी चैनलों और उनसे जुड़े कंटेंट को हटाया या ब्लॉक किया जाए, साथ ही कार्रवाई करते समय डिजिटल साक्ष्यों को सुरक्षित रखा जाए। मंत्रालय ने यह भी स्पष्ट किया है कि यदि कोई इंटरमीडियरी प्लेटफॉर्म आईटी नियमों का पालन नहीं करता है, तो उसे आईटी एक्ट के तहत मिलने वाली कानूनी सुरक्षा नहीं मिलेगी और उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। यह आदेश सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा नियुक्त नोडल अधिकारी की ओर से जारी किया गया है।

## विहिप का सांसद संपर्क अभियान शुरू, 27 मार्च तक सांसदों से मिलकर उठाए जाएंगे तीन प्रमुख मुद्दे

**एजेंसी, नई दिल्ली।** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने देशभर के सांसदों से संवाद के लिए तीन हफ्ते का सांसद संपर्क अभियान शुरू किया है। नौ मार्च से शुरू यह अभियान 27 मार्च तक तीन चरणों में चलेगा। इस दौरान संगठन के कार्यकर्ता संसद के दोनों सदनों के सभी सदस्यों से मिलकर जनसंख्या असंतुलन और तीर्थ स्थलों के विकास समेत तीन प्रमुख विषयों पर चर्चा करेंगे। विहिप के केंद्रीय महामंत्री बजरंग लाल बागड़ा ने बुधवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि सांसद संपर्क अभियान संगठन की वार्षिक योजना का हिस्सा है। सामान्य तौर पर यह अभियान शीतकालीन सत्र के दौरान आयोजित किया जाता है, लेकिन इस बार सत्र की अवधि कम होने के कारण इसे बजट सत्र के दौरान आयोजित किया जा रहा है। इस दौरान विहिप के अखिल भारतीय विशेष संपर्क प्रमुख अंबरीश सिंह भी मौजूद रहे।

## छत्तीसगढ़ में 108 माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण

माओवादी कैडरों ने हिंसा का मार्ग त्याग कर समाज की मुख्यधारा में शामिल होने का लिया निर्णय

**एजेंसी, जगदलपुर।**

बस्तर संभाग मुख्यालय जगदलपुर स्थित लालबाग पुलिस ऑडिटोरियम के शौर्य भवन में बुधवार को 'पूना मारगेम- पुनर्वास से पुनर्जीवन' पहल के अंतर्गत आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी से जुड़े कुल 108 माओवादी कैडरों ने हिंसा का मार्ग त्याग कर समाज की मुख्यधारा में शामिल होने का निर्णय लिया। माओवादियों ने नागरिकों, परिजनों, पुलिस महानिदेशक अरुण देव गौतम, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (नक्स. अभि) विवेकानंद, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (बीएसएफ) सिवांग नामग्याल, पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज सुन्दरराज पी, पुलिस महानिरीक्षक सीआरपीएफ शालीन, पुलिस महानिरीक्षक छसबल बीएस. ध्रुव, बस्तर संभाग के सभी सात जिलों के पुलिस अधीक्षकगण, केंद्रीय सुरक्षाबलों तथा जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारीगण की उपस्थिति में आत्मसमर्पण किया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले कैडरों में माओवादी संगठन के विभिन्न स्तरों के पदाधिकारी शामिल रहे। इनमें 5 डिवीजनल कमेटी सदस्य, 2 जोनल स्तर के पीएलजीए कंपनी के प्रमुख पदाधिकारी, 15 प्लाटून पार्टी कमेटी के सदस्य, 21 एरिया कमेटी सदस्य तथा 63 पार्टी सदस्य शामिल हैं। इन सभी पर मिलाकर लगभग 3.29 करोड़ रुपये की इनाम राशि घोषित थी।




## सिद्धार्थनगर, महाराजगंज और गोरखपुर में प्रेशर सिंचाई परियोजनाओं से किसानों को बड़ी राहत



- प्रेशर सिंचाई परियोजनाओं के निर्माण से 57 गांवों के लगभग 4405 हेक्टेयर क्षेत्र में हो रहा है सिंचाई सुविधा का विस्तार

### किसानों की आय में बढ़ोतरी लाने में सहायक सिद्ध होगी

राज्य सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग की यह पहल क्षेत्र के किसानों के लिए लाभकारी सिद्ध होने के साथ कृषि उत्पादकता और किसानों की आय में बढ़ोतरी लाने में सहायक सिद्ध होगी।

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग प्रदेश में सिंचाई व्यवस्था के विस्तार और सुदृढ़ीकरण के लिए विभिन्न परियोजनाओं का निर्माण कर रहा है। इस क्रम में सिद्धार्थनगर, महाराजगंज और गोरखपुर जनपदों में बेहतर सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्रेशर सिंचाई प्रणाली की कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं पर कार्य किया जा रहा है। इन परियोजनाओं में आधुनिक प्रेशर तकनीक का उपयोग करते हुए कम जल उपलब्धता वाले क्षेत्रों में भी सिंचाई सुविधा का विस्तार किया जा रहा है, जिससे प्रदेश की सिंचाई व्यवस्था को अधिक प्रभावी और सुगम बनाया जा सके। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सतत विकास के विजन को साकार करने के उद्देश्य से यूपी सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग सिद्धार्थनगर, महाराजगंज और गोरखपुर जनपदों में लगभग 111.62 करोड़ की लागत से 7 प्रमुख प्रेशर सिंचाई परियोजनाओं का विकास कर रहा है। इन परियोजनाओं के निर्माण से 4405 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई क्षमता में वृद्धि होगी, जिससे इन जनपदों के लगभग 57 गांव प्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित होंगे। इस क्रम में जनपद सिद्धार्थनगर में पड़रिया प्रेशर सिंचाई प्रणाली परियोजना का निर्माण किया गया है, जिसके तहत 3.6 किलोमीटर लंबी नहर प्रणाली का निर्माण किया गया है। इससे जनपद के 454 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा का विस्तार हुआ है। इसी क्रम में सिद्धार्थनगर एवं महाराजगंज जनपद की कैम्पियरगंज शाखा पर भी प्रेशर सिंचाई परियोजना का लगभग 95 प्रतिशत निर्माण किया जा चुका है, जिससे क्षेत्र में लगभग 600 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा का विस्तार होगा। साथ ही क्षेत्र के लगभग 09 गांवों के किसान सीधे लाभान्वित होंगे। महाराजगंज जनपद में मैहनवा, बृजमनगंज और फरेंदा रजवाहा पर भी प्रेशर सिंचाई परियोजनाओं का निर्माण किया जा रहा है। इनमें से अधिकांश परियोजनाओं का निर्माण लगभग पूरा हो चुका है। इसी क्रम में गोरखपुर जनपद में बैकुंठपुर रजवाहा पर 4.6 किलोमीटर लंबी प्रेशर सिंचाई वितरण प्रणाली विकसित की जा रही है। इस परियोजना के निर्माण से गोरखपुर के लगभग 10 गांव प्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित होंगे और 690 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा का विस्तार होगा। प्रेशर सिंचाई प्रणाली पानी के अधिकतम उपयोग को सुनिश्चित करती है, जिसका लाभ क्षेत्र के किसानों को रबी और खरीफ दोनों फसलों के दौरान मिलेगा।

# यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षाएं शांतिपूर्वक संपन्न

- 67 हजार से अधिक परीक्षार्थी हुए शामिल



**एजेंसी, प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की वर्ष 2026 की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षाएं बुधवार को दोनों पालियों में शांतिपूर्वक संपन्न हुईं। प्रथम पाली में प्रदेश के कुल 2697 परीक्षा केंद्रों पर हाईस्कूल संगीत गायन तथा इंटरमीडिएट लेखाशास्त्र (वाणिज्य वर्ग) एवं एनसीसी विषय की परीक्षा आयोजित की गई। वहीं द्वितीय पाली में 169 परीक्षा केंद्रों पर हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के पाली, अरबी और फारसी विषयों की परीक्षा कराई गई। प्रथम पाली में कुल 68,773 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से 66,255 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए। वहीं द्वितीय पाली में कुल 1,279 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से 1,049 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। इस प्रकार दोनों पालियों की परीक्षा में कुल 67,304 परीक्षार्थियों ने भाग लिया। इस संबंध में यूपी बोर्ड के सचिव भगवती सिंह ने बताया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर कड़ी निगरानी और व्यवस्थाओं के बीच परीक्षाएं सकुशल संपन्न कराई गईं। परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थीं।

## गारो पहाड़ में हिंसा के चलते 10 अप्रैल को होने वाले ऑटोनॉमस डिस्ट्रिक्ट काउंसिल के चुनाव टले

**एजेंसी, शिलांग।** मेघालय सरकार ने राज्य में हिंसा चलते 10 अप्रैल को होने वाले 'गारो हिल्स ऑटोनॉमस डिस्ट्रिक्ट काउंसिल' (जीएचएडीसी) के चुनाव टालने का फैसला लिया है। मंगलवार को हिंसक घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल हो गए थे। बुधवार को एक वीडियो मैसेज के जरिए मुख्यमंत्री कॉनराड के. संगमा ने कहा कि 'गारो पहाड़ जिले में मौजूदा कानून-व्यवस्था की स्थिति और लोगों को हो रही मुश्किलों का रिव्यू करने और उन पर विचार करने के बाद मेघालय सरकार ने 'गारो हिल्स ऑटोनॉमस डिस्ट्रिक्ट काउंसिल' के चुनाव टालने का फैसला किया है।

# सामौर बाबा महोत्सव में भक्तों की भीड़ देख गदगद हुईं मंत्री बेबी रानी मौर्य



**समृद्धि न्यूज़, फिरोजाबाद।** प्रसिद्ध सामौर बाबा धाम पर चल रहे सात दिवसीय महोत्सव में मंगलवार देर रात को आयोजित भजन संध्या में प्रसिद्ध भजन गायक कन्हैया मित्तल ने अपनी मधुर और भावपूर्ण आवाज़ से श्रद्धालुओं के दिलों को मंत्रमुग्ध कर दिया। भक्तों ने तालियां बजाकर और भक्ति में डूबकर पूरे कार्यक्रम का आनंद लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार मंत्री बेबी रानी मौर्य उपस्थित रहीं। उन्होंने कहा कि 'सामौर बाबा महोत्सव में भक्तों की इतनी बड़ी संख्या देखकर मैं अत्यंत प्रभावित हूं। यह आयोजन न सिर्फ भक्ति और संस्कृति को आगे बढ़ाता है, बल्कि समाज में सामूहिक प्रेम और श्रद्धा की भावना को भी मजबूत करता है। मैं विशेष रूप से जयवीर सिंह की मेहनत और प्रतिबद्धता की सराहना करती हूं। उनके समर्पित प्रयासों से यह महोत्सव हर दृष्टिकोण से सफल और यादगार बन पाया है। भजन गायक कन्हैया मित्तल ने कहा, 'सामौर बाबा महोत्सव में अपने भजनों के माध्यम से भक्तों के बीच भावनाओं की ऊर्जा को महसूस करना मेरे लिए अत्यंत आनंददायक अनुभव रहा। श्रद्धालुओं की भावपूर्ण सहभागिता ने इस संध्या को और भी खास बना दिया। मैं विशेष रूप से मंत्री जयवीर सिंह के प्रयासों की सराहना करता हूं, जिनकी मेहनत से यह महोत्सव इतने भव्य रूप में आयोजित हो पाया।

## प्राइवेट डिग्री कालेजों के प्राध्यापक भी अब पीएचडी करा सकेंगे : बाबूलाल तिवारी



**समृद्धि न्यूज, लखनऊ/उरई।** जी हां अब प्राइवेट डिग्री कालेज के प्राध्यापक भी गाइड बनेंगे और मेधाबी छात्रों को प्रमुख विषयों में शोध पीएचडी करायेंगे। यह बात शिक्षक विधायक डा.बाबूलाल तिवारी ने कही। उन्होने कहा कि बीते कई वर्षो से वे प्रयासरत थे कि प्राइवेट वित्तविहीन प्राध्यापकों को भी गाइड बनाया जाय और उनकी देखरेख में प्रमुख विषयों के शोधकर्ता मेधाबी छात्र/ छात्राएं शोध कार्य पूर्ण कर,पीएचडी की डिग्री प्राप्त करें। शिक्षक विधायक डा.तिवारी ने बताया कि उनकी इस मांग को शासन,उच्च शिक्षा विभाग एवं विश्वविद्यालय प्रशासन ने स्वीकार कर लिया है और समस्त प्राइवेट डिग्री कालेजों में कार्यरत विषय विशेषज्ञ प्राध्यापकों से प्रार्थना पत्र मांगे गये हैं। उन्होने बताया कि अब मेधाबी छात्र/छात्राएं गाइड के अभाव में पीएचडी शोध कार्य करने से वंचित नहीं रहेंगी। प्रत्येक प्राध्यापक अपने अधीन चार से छह मेधावी छात्र-छात्राओं को उनके शोध कार्य में गाइड बनकर सहयोग करेंगे और मेधाबी छात्र/छात्राओं को अवशोध कार्य में लम्बा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। उनकी मांग को विश्वविद्यालय प्रशासन, शासन व उच्च शिक्षा विभाग ने छात्र हित में स्वीकार करके मेधाबी छात्र/छात्राओं को बड़ी राहत प्रदान की है। इधर मेधाबी छात्र/छात्राओं ने भी यह सूचना पाकर अपने लोकप्रिय शिक्षक विधायक डा.बाबूलाल तिवारी का आभार व्यक्त किया है।


## अव्यवस्थाओं के बीच संपन्न हुई 308 जोड़ों की शादी

**समृद्धि न्यूज, अमेठी।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत जिला समाज कल्याण विभाग द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम में बुधवार 308 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। कार्यक्रम का शुभारंभ राज्य मंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह व जिलाधिकारी संजय सिंह चौहान ने दीप प्रज्वलित कर किया तथा नवदंपत्तियों को प्रमाणपत्र व आशीर्वाद दिया, लेकिन उक्त आयोजन में अव्यवस्थायें अधिक नजर आईं। वैदिक रीति से विवाह की रस्में तीन बजे तक पूर्ण हुईं। कार्यक्रम की पूर्व घोषणा के अनुसार सुबह 7 से पंजीकृत जोड़ों का बायोमेट्रिक सत्यापन होना सुनिश्चित किया गया था किंतु विवाह की रस्में पूर्ण होने के बाद भी तमाम जोड़े सत्यापन के लिए भटकते दिखाई पड़े।

# लोकसभा में गिरा स्पीकर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव

- अमित शाह ने राहुल पर किया जोरदार पलटवार

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



लोकसभा में स्पीकर ओम बिरला के खिलाफ विपक्ष का अविश्वास प्रस्ताव ध्वनिमत से गिर गया, जिसके बाद गृह मंत्री अमित शाह ने संसदीय परंपराओं को कमजोर करने के लिए विपक्ष की आलोचना की। बहस के दौरान शाह ने स्पीकर का जोरदार बचाव किया और कहा कि भाजपा ने विपक्ष में रहते हुए कभी भी पद की गरिमा को ठेस नहीं पहुंचाई। सदन में तीखी बहस के बाद लोकसभा ने स्पीकर ओम बिरला के खिलाफ विपक्ष के अविश्वास प्रस्ताव को खारिज कर दिया। ध्वनिमत से मतदान के बाद प्रस्ताव गिर गया, क्योंकि सत्ताधारी भाजपा और उसके सहयोगी दलों ने प्रस्ताव का विरोध किया था। बहस के दौरान सरकार और विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक हुई, जिसमें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने स्पीकर का जोरदार बचाव किया और विपक्ष पर संसदीय परंपराओं को कमजोर करने का आरोप लगाया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर तीखा हमला बोलते हुए उनकी लगातार विदेश यात्राओं पर सवाल उठाया और उन पर संसद में बोलने की अनुमति न मिलने की गलत सूचना फैलाने का आरोप लगाया। गांधी की विदेश यात्राओं का विशेष रूप से जिक्र करते हुए शाह ने कहा कि जब सदन में बोलने का मौका होता है, तो कांग्रेस नेता बहसों में भाग लेने के बजाय जर्मनी या इंग्लैंड में नजर आते हैं। शाह की ये टिप्पणियां लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ विपक्ष के अविश्वास प्रस्ताव पर गरमागरम बहस के दौरान आईं। गृह मंत्री ने विपक्ष के नेता की आवाज दबाए जाने के आरोप को खारिज करते हुए कहा कि बहसों के दौरान कब बोलना है, यह तय करना सदस्यों का अपना अधिकार है। शाह ने कहा कि विपक्ष के नेता को शिकायत है कि उन्हें बोलने नहीं दिया जाता और उनकी आवाज दबाई जाती है। मैं उनसे पूछना चाहता हूं कि कौन तय करेगा कि किसे बोलना है? अध्यक्ष? नहीं, यह आपको तय करना है। उन्होंने आगे कहा कि 18वीं लोकसभा के आंकड़ों से पता चलता है कि कांग्रेस सांसदों ने सामूहिक रूप से 157 घंटे और 55 मिनट तक भाषण दिया, और सवाल उठाया कि गांधी जी ने स्वयं इन अवसरों का लाभ क्यों नहीं उठाया। उन्होंने कहा कि लेकिन जब बोलने का मौका मिलता है, तो आप जर्मनी या इंग्लैंड में नजर आते हैं। फिर वे शिकायत करते हैं... कांग्रेस सांसदों ने 18वीं लोकसभा में 157 घंटे और 55 मिनट तक भाषण दिया। विपक्ष के विपक्ष ने कितना भाषण दिया? आप क्यों नहीं बोले? किस स्पीकर ने आपको रोका? कोई नहीं रोक सकता। लोकसभा को बदनाम करने के लिए गलत सूचना फैलाई जा रही है।

## स्वरोजगार के अवसर सृजित करने की दृष्टि से मशरूम उत्पादन का विशेष महत्व : डॉ. वीरेंद्र सिंह

**एजेंसी, प्रयागराज।** सब्जियों की मांग लगातार बढ़ रही है। वर्तमान समय में शाकाहारी लोगों के लिए समुचित पोषण सुनिश्चित करने के साथ-साथ पढ़े-लिखे युवाओं के लिए स्वरोजगार के अवसर सृजित करने की दृष्टि से मशरूम उत्पादन का विशेष महत्व है। किसानों द्वारा मशरूम उत्पादन अपनाकर अच्छी आय अर्जित की जा सकती है। यह बातें बुधवार को मशरूम उत्पादन तकनीक पर आधारित तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए मुख्य उद्यान विशेषज्ञ डॉ. वीरेंद्र सिंह ने कहीं। उन्होंने कम जोत के आकार को ध्यान में रखते हुए आम, अमरूद सहित अन्य फलदार पौधों की सघन बागवानी, उसके लाभ, कनोपी प्रबंधन तथा फसल सुरक्षा के विषय में विस्तृत जानकारी दी। तकनीकी सत्र में डॉ. एस. आर. बघेल ने मशरूम की विभिन्न प्रजातियों विशेष रूप से ओयस्टर, बटन और मिल्की मशरूम की विशेषताओं तथा उनके बाजार मूल्य पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मशरूम सब्जियों की पूर्ति का एक महत्वपूर्ण साधन है और यह पूर्णतः शाकाहारी तथा उच्च पोषणयुक्त आहार है, जिसका उपयोग पौष्टिक सब्जी के रूप में किया जाता है। प्रशिक्षण के दौरान मशरूम प्रसंस्करण विशेषज्ञ कुमारी ईशा ने मशरूम से बनने वाले विभिन्न मूल्य संवर्धित उत्पादों जैसे बर्गर, नमकीन, अचार, बिस्किट आदि के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इन उत्पादों के निर्माण से किसान और उद्यमी अतिरिक्त आय प्राप्त कर सकते हैं। केंद्र के प्रशिक्षण प्रभारी ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को तकनीकी जानकारी के साथ-साथ प्रायोगिक कार्यों के माध्यम से भी प्रशिक्षित किया जाएगा।

# सेमरहना में हैवानियत की हद : 5 माह के बच्चे की मां की संदिग्ध मौत

- मायके वालों का आरोप–पति ने गला दबाकर उतारा मौत के घाट




**मिहींपुरवा, बहराइच समृद्धि न्यूज़।** मोतीपुर थाना क्षेत्र के मिहींपुरवा इलाके से इंसानियत को शर्मसार कर देने वाली घटना सामने आई है। शादी के महज कुछ महीनों बाद ही 22 वर्षीय नवविवाहिता की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। मायके पक्ष का आरोप है कि यह आत्महत्या नहीं बल्कि एक सोची-समझी साजिश के तहत की गई हत्या है। परिजनों का कहना है कि शराबी पति ने उनकी बेटी का गला दबाकर उसे मौत के घाट उतार दिया। मझांव कॉलोनी निवासी अर्जुन निषाद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी पुत्री सविता की शादी 5 जुलाई 2024 को सेमरहना गांव निवासी रविंदर पुत्र चंद्रभान के साथ हुई थी। शादी के कुछ ही समय बाद सविता एक 5 माह के मासूम बच्चे की मां बनी, लेकिन ससुराल में उसे प्यार और सम्मान की जगह अत्याचार और मारपीट का सामना करना पड़ा। परिजनों के मुताबिक होली से कुछ दिन पहले रविंदर सविता को मायके लेकर आया था। उस समय भी उसने सबके सामने सविता को गालियां दीं और बेरहमी से पीटना शुरू कर दिया। परिवार के लोगों ने किसी तरह बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। इसके बाद वह सविता को वापस अपने घर ले गया और मायके वालों के सभी नंबर ब्लॉक कर दिए, जिससे बेटी की कोई खबर तक नहीं मिल पा रही थी। मृतका की मां का आरोप है कि उनकी बेटी ने फांसी नहीं लगाई, बल्कि उसके पति ने गला दबाकर उसकी हत्या कर दी और उसे आत्महत्या का रूप देने की कोशिश की। मृतका की छोटी बहन ने भी चौंकाने वाला खुलासा करते हुए बताया कि जीजा अक्सर शराब के नशे में बहन को बुरी तरह पीटता था। इतना ही नहीं, वह कई बार पांच महीने के मासूम बच्चे को भी उठाकर जमीन पर फेंक देता था। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंच गए। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और सच्चाई सामने लाने के लिए फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया है। शव का पंचनामा और अन्य कानूनी कार्रवाई तहसीलदार धर्मेंद्र कुमार की मौजूदगी में कराई जा रही है। थाना प्रभारी आनंद चौरसिया का कहना है कि परिजनों की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस दर्दनाक घटना ने एक बार फिर यह सवाल खड़ा कर दिया है कि आखिर कब तक बेटियां ससुराल में अत्याचार की भेंट चढ़ती रहेंगी और कब ऐसे दरिंदों पर कानून का शिकंजा कसकर उन्हें सजा दिलाई जाएगी।

# स्पेशल एजुकेटर ने समस्त स्टाफ को प्रशस्त ऐप कराया डाउनलोड



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह तथा खण्ड शिक्षा अधिकारी डॉली मिश्रा के आदेशानुपालन एवं जिला समन्वयक समेकित शिक्षा लाल जी दुबे, जय वीर सिंह के तत्वाधान मे आयोजित विकास क्षेत्र पयागपुर के स्पेशल एजुकेटर राजेश कुमार पटेल तथा आरती सिंह के द्वारा समस्त विद्यालयों के समस्त शिक्षकों को प्रशस्त एप डाउनलोड कराया जा रहा है, इसी क्रम में बुधवार को उच्च प्राथमिक विद्यालय पिपरा कमल शिवदहा में समस्त स्टाफ को प्रशस्त ऐप डाउनलोड कराया इस ऐप के माध्यम से विद्यालय में अध्ययनरत दिव्यांग बच्चों की स्क्रीनिंग की जानी है, स्क्रीनिंग में पहचान किए गए बच्चों का नामांकन तथा प्रमाण पत्र एवं उनसे संबंधित सारी सुविधाओं को प्रदान करने की योजना बनाई जाएगी। स्पेशल एजुकेटर राजेश कुमार पटेल तथा आरती सिंह ने बताया कि विकास क्षेत्र के 167 विद्यालयों तथा कस्तूरबा गांधी विद्यालयों में प्रशस्त ऐप डाउनलोड करने की प्रक्रिया जारी है।

# जनजागरुकता के साथ मनाया गया धूम्रपान निषेध दिवस

- गोष्ठी, हस्ताक्षर अभियान एवं जागरूकता रैली का हुआ आयोजन
- तम्बाकू छोड़ने की दिलायी शपथ



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** बुधवार को राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत विश्व धूम्रपान निषेध दिवस जनपद की समस्त स्वास्थ्य इकाइयों पर बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर धूम्रपान उत्पादों से होने वाली बीमारियों से बचाव हेतु कार्यशाला/ गोष्ठी के साथ साथ हस्ताक्षर अभियान एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सीएमओ कार्यालय के सभागार में सीएमओ डॉ संजय कुमार की अगुवाई में हुई। गोष्ठी का संचालन डॉ पारितोष तिवारी ने किया। उन्होने धूम्रपान उत्पादो का सेवन न करने और तम्बाकू सेवन छोड़ने की शपथ भी दिलाई। एनसीडी कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ संदीप मिश्रा ने कहा कि तम्बाकू की लत व्यक्ति के साथ-साथ पूरे परिवार को बर्बाद कर देती है। तम्बाकू के सेवन से कई तरह की बीमारियां फैलती है, जो स्वास्थ्य एवं जीवन के लिए घातक है। समाज में विशेषकर युवा समुदाय जानकारी के अभाव में तंबाकू उत्पाद को अपनाकर बीमारी से ग्रसित हो रहे है। लोगों को बीमारियों से बचाना उन्हें जागरूक करना स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों व कर्मियों का कर्तव्य है। कैंसर डे केयर सेंटर देख रहे डॉ परितोष तिवारी ने कहा कि स्मोकिंग की लत लड़कों के साथ साथ लड़कियों में भी तेजी से बढ़ी है। पहले हाई रिच सोसायटी की गर्ल्स में शुरु हुई उसके बाद में अब आम लड़कियां तेजी से सिगरेट पीना पसंद कर रही हैं। स्मोकिंग को नेक्स्ट लेवल तक एंजॉय कर रही हैं।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली की भिड़ंत में दो बाइक-सवारों की मौत, एक गंभीर घायल

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** थाना सुजौली क्षेत्र अंतर्गत गिरिजापुरी-सुजौली मार्ग पर मंगलवार रात एक भीषण सड़क हादसा हुआ। इस दुर्घटना में एक बाइक की ट्रैक्टर-ट्रॉली से भिड़ंत हो गई, जिसमें बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। जनजाति गांव विशुनापुर निवासी अमरेश, अमर और सुधांशु रात करीब 9:30 बजे पड़ोस के गांव भैसाही में एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए बाइक से जा रहे थे। गिरिजापुरी-सुजौली मार्ग पर कारीकोट के निकट मीना रिसॉर्ट के सामने उनकी बाइक एक ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकरा गई। भिड़ंत इतनी जबरदस्त थी कि बाइक समेत तीनों युवक सड़क किनारे झाड़ियों में जा गिरे।

# ओनाय वैश्य समाज के होली मिलन कार्यक्रम का हुआ आयोजन

## समाज की महिलाओं ने भी काफी बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** नगर के मोहल्ला किला स्थिति वैश्य समाज के महाजनी विद्यालय में ओनाय वैश्य समाज के लोगो द्वारा होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अध्यक्ष नगर पालिका परिषद प्रतिनिधि श्याम करन टेकड़ीवाल का स्वागत सम्मान समाज के जिलाध्यक्ष दिलीप गुप्ता, महामंत्री आशीष गुप्ता, उपाध्यक्ष कुमार केतन व अजय गुप्ता के द्वारा माल्यार्पण व पटका पहना कर किया गया। स्वागत सम्मान के क्रम में संरक्षक कमल शेखर गुप्ता, उमा शंकर लोहिया, रुद्र कुमार गुप्ता, अशोक गुप्ता, सुशील गुप्ता, दिनेश गुप्ता, संतोष गुप्ता, विनोद गुप्ता, कृष्ण कुमार लोहिया आदि को समाज के पदाधिकारियों के द्वारा माल्यार्पण कर पटका पहना कर किया गया। समाज की महिला जिलाध्यक्ष हेमा निगम का भी स्वागत सम्मान किया गया। हर बार की तरह इस बार भी समाज की महिलाओं ने भी काफी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।होली मिलन समारोह में समाज के लोगों द्वारा एक दूसरे से गले मिल कर पावन पर्व होली की बधाई दिया। समारोह में कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें समाज के लोगों द्वारा होली के मनमोहक गीतों पर सामूहिक मस्ती में खूब झूमे । समाज की महिलाओं ने सामूहिक राधा कृष्ण संग फूलों की होली खेलते हुए सामूहिक नृत्य किया,बच्चों ने भी रंगारंग कार्यक्रम की अपनी प्रस्तुतियां दी,कार्यक्रम में हाऊजी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं के आयोजन से उपस्थिति समाज के बच्चों में काफी उत्साह रहा, बच्चों के उत्साहवर्धन हेतु उनको पुरस्कृत किया गया, हाऊजी प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार समाज की महिला सदस्यों एवं पदाधिकारियों द्वारा प्रदान किया गया। समाज के संरक्षक राघवेंद्र गुप्ता ने आए हुए आगंतुको को चन्दन का तिलक लगा कर व बैज लगाकर स्वागत किया।कार्यक्रम में लकी ड्रॉ का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम पुरस्कार के रूप में एक वाशिंग मशीन,द्वितीय पुरस्कार एक एयर कूलर, तृतीय पुरस्कार एक इंडक्शन चूल्हा, चतुर्थ पुरस्कार एक फर्राटा पंखा, पंचम पुरस्कार एक टेबल फैन के साथ ही साथ ग्यारह सांत्वाना पुरस्कार समाज के पदाधिकारियों के द्वारा लकी ड्रॉ के माध्यम से विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। पुरुस्कार पा कर समाज के लोगो में काफी प्रसन्नता रही। कार्यक्रम के अंत में आए हुए समाज के लोगों को हलुआ प्रसाद प्रदान किया गया।

# खबरें एक नजर में

## मूलभूत सुविधाओं से संवर रहा माधवपुर विधायक का चारों तरफ हो रहा गुणगान



**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।** विधानसभा तरबगंज क्षेत्र के अंतर्गत विकास खंड बेलसर के ग्राम पंचायत माधवपुर सदियों से अपने मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहा था,2017 में तरबगंज से भाजपा विधायक प्रेम नारायण पांडेय ने प्रतिद्वंदी पूर्व कैबिनेट मंत्री विनोद कुमार उर्फ पंडित सिंह को भारी मतों से पराजित कर विधायक बने और उन्होंने क्षेत्र के विकास हेतु दिनरात मेहनत कर सड़कों का जाल बिछाया।जिससे जनता का विश्वास जीता और 2022 विधानसभा चुनाव में जनता ने दिल खोलकर वोट किया।जिस क्रम में माधवपुर बूथ भारी मतों से जीते।जिसको संकल्प के रूप में लेते हुए, विधायक प्रेम नारायण पांडेय ने दद्दा ओझा की अगुआई में माधवपुर का चारों तरफ विकास कर मूलभूत सुविधाओं से लैस कर दिया।आज हर आदमी उनके विकास कार्यो का गुड़गान कर रहा है।विकास की बात करें तो हन्ना पुरवा से पाही,तिवारी पुरवा,चौबे पुरवा तक डामर रोड़,माधवपुर गाँव से पांडेय पुरवा तक सीसी रोड़,माधवपुर गांव में इंटरलॉकिंग का कार्य,दामोदर पुरवा में इंटरलॉकिंग का जाल बिछाया। गोण्डा-बेलसर रोड़ स्थित बाबा मार्केट में स्ट्रीट लाईट का कार्य कराया।

## विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट के पद हेतु आवेदन आमंत्रित



**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।** न्यायालय गोण्डा में विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट के एक पद पर नियुक्ति के लिए इच्छुक एवं पात्र व्यक्तियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। यह प्रक्रिया माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद के निर्देशों के अनुपालन में प्रारंभ की गई है। जारी आदेश के अनुसार ऐसे व्यक्ति आवेदन कर सकते हैं जो बी.एन.एस.एस. की धारा-11 में निर्धारित योग्यता रखते हों। इसके अंतर्गत वे व्यक्ति पात्र होंगे जो शासन के अधीन कोई पद धारण करते हों अथवा पूर्व में कर चुके हों तथा विधि स्नातक हों। इसके अलावा विधिक मामलों में अनुभव रखने वाले व्यक्ति भी आवेदन कर सकते हैं। आवेदकों को आवेदन पत्र के साथ शैक्षिक योग्यता से संबंधित प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित छायाप्रतियां तथा पिछले पांच वर्षो की चारित्रिक प्रविष्टियां संलग्न करनी होंगी। आवेदन का निर्धारित प्रारूप जनपद न्यायालय गोण्डा के प्रशासनिक कार्यालय से किसी भी कार्यदिवस में प्राप्त किया जा सकता है। इच्छुक अभ्यर्थियों को पूर्ण आवेदन पत्र मय संलग्नकों सहित 13 अप्रैल 2026 तक जनपद न्यायालय गोण्डा के प्रशासनिक कार्यालय में जमा करना होगा। इसके बाद प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा।

## मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप जनपद में आपातकालीन सेवाओं को किया जा रहा सुदृढ़

**समृद्धि न्यूज़, बलरामपुर।** मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप जनपद में जन-सुविधाओं और आपातकालीन सेवाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में जिला प्रशासन ने तुलसीपुर तहसील क्षेत्र में लंबित फायर स्टेशन के स्थायी भवन की समस्या का समाधान करते हुए गौरा थाने के पास गैड़हवा में 5310 वर्ग मीटर भूमि का अधिग्रहण कर अग्निशमन विभाग को हस्तांतरित कर दिया गया है। मानक से अधिक भूमि की उपलब्धता:* पूर्व में फायर स्टेशन के लिए 4600 वर्ग मीटर भूमि की मांग की जा रही थी, लेकिन भविष्य की जरूरतों और आधुनिक संसाधनों के विस्तार को देखते हुए प्रशासन ने तत्परता दिखाते हुए 5310 वर्ग मीटर से अधिक की विस्तृत भूमि उपलब्ध कराई है। अग्निशमन विभाग को कब्जा हस्तांतरित:* जिला प्रशासन द्वारा भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया पूर्ण कर इसे आधिकारिक तौर पर अग्निशमन विभाग को सौंप दिया गया है। इससे अब विभाग अपने विशाल वाहनों और आधुनिक उपकरणों के लिए सुव्यवस्थित परिसर तैयार कर सकेगा। भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित होने के बाद अब शासन स्तर से निर्माण कार्य हेतु बजट शीघ्र ही उपलब्ध करा दिया जाएगा। इसके बाद अत्याधुनिक भवन का निर्माण कार्य युद्धस्तर पर शुरू होगा। गैड़हवा में मुख्य मार्ग के निकट पर्याप्त भूमि मिलने से दमकल वाहनों के आवागमन में सुगमता होगी।

# गायत्री विद्यापीठ पीजी कॉलेज में यूथ पार्लियामेंट का हुआ आयोजन

- लोकतंत्र के महत्व को समझें और भारत में लोकतंत्र को करें मजबूत : रामूलाल



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** गायत्री विद्यापीठ पीजी कॉलेज रिसिया के शांति देवी सभागार में विकसित भारत जिला स्तरीय विकसित 2026 युवा संसद का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत के अंतर्गत किया गया। जिसमें महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा आपातकाल में देश की व्यवस्था पर अपने विचार व्यक्त किया। इस विचार गोष्ठी में प्रथम स्थान अवंतिका मिश्रा द्वितीय स्थान पल्लवी सिंह तृतीय स्थान मानसी मिश्रा चतुर्थ स्थान राधिका तथा पंचम स्थान दरक्शा ने प्राप्त की। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में नगर पंचायत रिसिया के अध्यक्ष प्रतिनिधि रामलाल ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए बधाई दी और कहा कि लोकतंत्र के महत्व को वह समझे और भारत में लोकतंत्र को मजबूत करें। इस अवसर पर युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय की तरफ से विनय श्रीवास्तव, रजनीकांत तिवारी एवं लेखा अधिकारी इंद्रसेन चौधरी ने स्वयंसेवकों का उत्साह वर्धन किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना के डॉ मुकेश चंद्र श्रीवास्तव ने युवाओं को लोकतंत्र हेतु प्रेरित करते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों पर भी प्रकाश डाले। कार्यक्रम के अंत में आए हुए सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते प्राचार्य प्रोफेसर दिव्य दर्शन तिवारी ने छात्र-छात्राओं से अपेक्षा की वह लोकतंत्र के मजबूती हेतु हमेशा जागरूक करें। इस अवसर पर निर्णायक मंडल के सदस्य प्रोफेसर दयाराम यादव प्रोफेसर सुभाष चंद्र और प्रोफेसर सी डी सिंह बिसेन तथा गायत्री विद्यापीठ इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य रीति निगम ने आए हुए लोग प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को अच्छे उद्बोधन हेतु अपने टिप्स प्रदान करते हुए उनको उत्साहित किया।कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ इस अवसर पर डॉक्टर मुरारी लाल श्रीवास्तव डॉ मिथिलेश चौधरी, डॉ पवन कुमार वर्मा डॉक्टर दुर्गेश कुमार श्रीवास्तव, धर्मेंद्र श्रीवास्तव, उमेश कुमार वर्मा, शिवम टंडन, नंदन श्रीवास्तव, सुबी खान रविंद्र श्रीवास्तव, आशीष श्रीवास्तव, ओम प्रकाश यादव, परशुराम, कृपाराम, बरसाती, राम बरसाती, वीरेंद्र आदि लोग उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग प्रदान किया।

# बिना रजिस्ट्रेशन संचालित क्लीनिक पैथालॉजी और मेडिकल स्टोर सील

## नगर मजिस्ट्रेट ने स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ की कार्रवाई



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** एक निजी नर्सिंग होम को अवैध संचालन के आरोप में सीज कर दिया गया है। जिलाधिकारी के निर्देश पर नगर मजिस्ट्रेट और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने पुलिस बल के साथ यह कार्रवाई की। यह नर्सिंग होम पिछले तीन साल से बिना वैध दस्तावेजों के आवासीय भूखंड पर संचालित हो रहा था। यह नर्सिंग होम देहात कोतवाली क्षेत्र के जेल रोड पर स्थित था। इसका संचालन आर पी चौधरी नामक व्यक्ति कर रहे थे। स्थानीय निवासियों ने जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी से शिकायत की थी कि यह नर्सिंग होम बिना वैध दस्तावेजों के चलाया जा रहा है।शिकायत मिलने के बाद बुधवार को नगर मजिस्ट्रेट राजेश प्रसाद, स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी अनुराग वर्मा और पुलिस बल मौके पर पहुंचे। जांच के दौरान, नर्सिंग होम संचालक कोई भी वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाए। इसके बाद, नर्सिंग होम को सीज कर दिया गया। नगर मजिस्ट्रेट ने बताया कि मौके पर संचालित पैथोलॉजी, मेडिकल स्टोर और नर्सिंग होम तीनों बिना लाइसेंस के चल रहे थे। इसके अतिरिक्त, आवासीय भूखंड का उपयोग व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए किया जा रहा था। जांच के दौरान, चिकित्सक अपनी डिग्री भी नहीं दिखा पाए।

# ग्राम सभा में खर्च किए गए पैसे पर लगा आरटीआई, अधिकारी नहीं दे रहे जवाब

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।**

गोंडा जनपद के विकासखंड मनकापुर अंतर्गत ग्राम सभा अम्बरपुर में जनसूचना अधिकार कानून की अनदेखी का मामला सामने आया है। अम्बरपुर निवासी अवनीश प्रजापति, पुत्र नाथूराम प्रजापति ने 31 दिसंबर 2025 को ग्राम सभा अम्बरपुर में खर्च किए गए बजट की 10 बिन्दु पर जानकारी पाने के लिए जन सूचना अधिकार अधिनियम 2005 के तहत आवेदन दिया था। लेकिन आरोप है कि ग्राम प्रधान और संबंधित अधिकारियों की ओर से निर्धारित समय सीमा के भीतर कोई जवाब नहीं दिया गया। जवाब न मिलने पर आवेदक ने 31 जनवरी 2026 को दोबारा आरटीआई आनलाइन के माध्यम से ग्राम सभा में खर्च हुए बजट का पूरा विवरण मांगा। प्रार्थी का कहना है कि आवेदन किए हुए लगभग दो महीने बीत जाने के बावजूद अभी तक किसी भी प्रकार की सूचना उपलब्ध नहीं कराई गई है।

अब सवाल उठ रहा है कि आखिर जनसूचना का अधिकार कानून होने के बावजूद जानकारी देने में देरी क्यों की जा रही है। अब देखने वाली बात होगी कि संबंधित अधिकारी इस मामले में क्या कार्रवाई करते हैं और आवेदक को जानकारी कब तक उपलब्ध कराई जाती है।

# ‘मीना शाह पब्लिक स्कूल’ का भव्य उद्घाटन हुआ संपन्न




**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।**

बताते चलें कि मीना शाह ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट के अंतर्गत पहले से ही मीना शाह डिग्री कॉलेज और बचपन प्ले स्कूल का सफल संचालन किया जा रहा है। मीना शाह पब्लिक स्कूल का भव्य उद्घाटन संस्था के मैनेजर श्री हसन सईद एवं अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम की शुरुआत संस्था के वाइस प्रेसिडेंट डॉ. लाइक अली खान के संबोधन से हुई, जिसमें उन्होंने संस्था की स्थापना से लेकर अब तक के विकास और उपलब्धियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में मीना शाह डिग्री कॉलेज के डीन श्री अजय टंडन ने अपने संबोधन में समाज में शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत में संस्था के मैनेजर श्री हसन सईद ने अपने उद्बोधन में उपस्थित अतिथियों और लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि मीना शाह पब्लिक स्कूल की स्थापना का मुख्य उद्देश्य बच्चों को बेहतर और आधुनिक शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराना है। उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान मीना शाह डिग्री कॉलेज और बचपन प्ले स्कूल के बच्चों द्वारा विभिन्न मनमोहक एवं ज्ञानवर्धक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिनकी उपस्थित लोगों ने खूब सराहना की। कार्यक्रम का संचालन मीना शाह डिग्री कॉलेज के प्राध्यापक श्री अखिलेश पाठक द्वारा किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि सैय्यद राशिद इक़बाल हाजी जकी, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के चीफ मैनेजर उमेश आर्या, बैंक ऑफ इंडिया के रिटायर्ड मैनेजर अशोक सिंह, फाइनेंस मैनेजर नवीन सिंह, फिरोज़, डॉ. इरशाद आलम, डॉ. सादिर आलम, फातिमा, प्रिंसिपल अरुण मोरस, श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के अध्यक्ष कैलाश नाथ वर्मा सहित शहर के सैकड़ों गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। साथ ही मीना शाह डिग्री कॉलेज और बचपन प्ले स्कूल के स्टाफ सदस्य भी कार्यक्रम में मौजूद रहे।

# फर्जी बैनामा प्रकरण में नया दावा, दुबई में होने की बात कहकर नामजद ने मांगी निष्पक्ष जांच



**उतरौला (बलरामपुर)।** उतरौला कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बनगवां में जमीन के कथित फर्जी बैनामे के मामले में दर्ज मुकदमे ने अब नया मोड़ ले लिया है। इस मामले में नामजद एक आरोपी ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र भेजकर खुद को निर्दोष बताते हुए पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। आरोपी का दावा है कि जिस समय कथित बैनामा होने की बात कही जा रही है, उस समय वह भारत में मौजूद ही नहीं थे बल्कि रोजगार के सिलसिले में संयुक्त अरब अमीरात (दुबई) में रह रहे थे। मामला ग्राम बनगवां महदेइया मोड़ का है, जहां के निवासी मोहम्मद अमीन का नाम इस प्रकरण में नामजद किया गया है। उन्होंने पुलिस अधीक्षक को भेजे गए प्रार्थना पत्र में बताया कि कोतवाली उतरौला में अलीशाह की तहरीर पर 26 फरवरी 2026 को अकरम अली, सिराज अहमद, इबरार अली, मोहम्मद रजा, मोहम्मद अमीन तथा नूरुद्दीन के विरुद्ध जमीन का फर्जी बैनामा कराने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है। प्राथमिकी में आरोप लगाया गया है कि सभी आरोपियों ने मिलकर साजिश के तहत जमीन का फर्जी बैनामा करा लिया। मोहम्मद अमीन का कहना है कि इस पूरे मामले में उन्हें जानबूझकर फंसाया गया है। उन्होंने अपने प्रार्थना पत्र में स्पष्ट किया कि जिस घटना की तिथि 5 दिसंबर 2025 बताई गई है, उस समय वह भारत में नहीं थे। उनके अनुसार वह 19 सितंबर 2025 को ही रोजगार के लिए दुबई चले गए थे और तब से वहीं निवास कर रहे हैं। ऐसे में बैनामे की प्रक्रिया में उनके शामिल होने का प्रश्न ही नहीं उठता। अमीन ने अपने दावे के समर्थन में पासपोर्ट, हवाई यात्रा से संबंधित दस्तावेज और अन्य साक्ष्यों का हवाला दिया है। उन्होंने बताया कि इन सभी प्रमाणों को पुलिस अधीक्षक को ईमेल के माध्यम से उपलब्ध करा दिया गया है, ताकि जांच के दौरान सच्चाई सामने आ सके। प्रार्थना पत्र में उन्होंने यह भी आरोप लगाया है कि ग्राम पंचायत बनगवां में आगामी प्रधान पद के चुनाव को लेकर राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता के कारण उन्हें इस मामले में फंसाया जा रहा है। उनका कहना है कि वह आगामी ग्राम प्रधान चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे हैं। इसी वजह से वर्तमान प्रधान प्रतिनिधि सद्दाम कुरेशी और उनके भाई अलीशाह कुरेशी पुत्र फारूक द्वारा राजनीतिक द्वेष के चलते उनके खिलाफ झूठा मुकदमा दर्ज कराया गया है। मोहम्मद अमीन ने पुलिस प्रशासन से पूरे प्रकरण की निष्पक्ष एवं गहन जांच कराने की मांग की है, ताकि वास्तविक तथ्यों का पता चल सके और उन्हें न्याय मिल सके। उन्होंने यह भी कहा कि यदि जांच निष्पक्ष रूप से की जाती है तो उनके निर्दोष होने की सच्चाई स्वयं सामने आ जाएगी। उधर इस मामले में पुलिस का कहना है कि दर्ज मुकदमे के आधार पर जांच प्रक्रिया जारी है।

# मोकलपुर की बालिका टीम ने टेबल टेनिस में तीसरा स्थान प्राप्त कर जीता ब्रॉन्ज मेडल

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।**

36वीं, राज्य स्तरीय बालक्रीड़ा प्रतियोगिता जो दिनांक 9 से 11 मार्च तक,अंतर्राष्ट्रीय स्पोर्ट्स स्टेडियम डाबा सेमर, सेमर अयोध्या में संपन्न हुआ । देवीपाटन मंडल से खेलते हुए पूर्व माध्यमिक विद्यालय मोकलपुर की बालिका टीम ने टेबल टेनिस में तीसरा स्थान प्राप्त कर ब्रॉन्ज मेडल जीता और प्रदेश में जनपद का नाम रोशन किया बालिका संवर्ग में नव्या चौबे, आसानी, शिवानी शुक्ला, अंशी, महक, आराध्या, रही।

**सीमावर्ती महाविद्यालय रुपईडीहा बहराइच उ.प्र.**

**(संबद्ध- मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय बलरामपुर)**

स्वावित्त पोषित योजना अंतर्गत प्राचार्य पद पर आवश्यकता है

प्राचार्य - 01 पद

शैक्षिक योग्यता-यू.जी.सी. /विश्वविद्यालय की परिनियमावली के अनुसार।

वेतनमान-विश्वविद्यालय/ उ.प्र. सरकार के मानकानुसार

इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन तिथि के 21 कार्य दिवस के अंदर अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखों की स्वप्रमाणित छायाप्रतियों दो पासपोर्ट साइज फोटो के साथ साथ स्वयं या महाविद्यालय के पते पर संपर्क करें।

**प्रबंधक**

समृद्धि न्यूज़
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
समृद्ध समाज का आधार
लखनऊ, गुरुवार 12 मार्च, 2026



# यूपी रेसिपी आधारित पुष्टाहार व्यवस्था लागू करने वाला पहला राज्य

## बच्चों, गर्भवती और धात्री महिलाओं को मिलेगा पौष्टिक आहार

**एजेंसी, लखनऊ।**

योगी सरकार ने बच्चों, गर्भवती और धात्री महिलाओं के बेहतर पोषण के लिए बड़ा कदम उठाया है। उत्तर प्रदेश के आंगनबाड़ी केंद्रों में अप्रैल से रेसिपी आधारित अनुपूरक पुष्टाहार की नई व्यवस्था लागू हो जाएगी। भारत सरकार की गाइडलाइन और राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के तहत लागू की जा रही इस व्यवस्था के साथ उत्तर प्रदेश ऐसा करने वाला देश का पहला राज्य बन जाएगा। नई व्यवस्था के तहत प्रदेश में सात श्रेणी के लाभार्थियों को ध्यान में रखकर पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया



जाएगा। इसके लिए उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से रेसिपी आधारित पुष्टाहार तैयार कर सीधे आंगनबाड़ी केंद्रों तक पहुंचाया जाएगा। जिन जिलों या परियोजनाओं में इसकी व्यवस्था नहीं होगी, वहां नैफेड के जरिए आंगनबाड़ी केंद्रों तक आपूर्ति की जाएगी। सरकार ने अलग अलग आयु वर्ग के बच्चों और महिलाओं के लिए अलग भोजन तय किया है। छह माह से एक वर्ष तक के बच्चों को आटा-बेसन का हलवा मीठा दिया जाएगा। एक से तीन वर्ष तक के बच्चों को भी आटा-बेसन हलवा ममीठा मिलेगा, जबकि तीन से छह वर्ष तक के बच्चों को आटा-बेसन बर्फी मीठा और दलिया-मूंग-सोया खिचड़ी नमकीन दी जाएगी। गर्भवती और धात्री महिलाओं को आटा-बेसन-सोया बर्फी और दलिया-मूंग-दाल खिचड़ी उपलब्ध कराई जाएगी। अतिकुपोषित बच्चों के लिए पौष्टिक आहार का प्रावधान रखा गया है। इसके अंतर्गत 6 माह से 1 वर्ष तक के बच्चों को पौष्टिक हलवा, 1 वर्ष से 3 वर्ष तक के बच्चों को पौष्टिक हलवा 'बाल संजीवनी' तथा 3 वर्ष से 6 वर्ष तक के बच्चों को पौष्टिक हलवा एवं पौष्टिक दलिया उपलब्ध कराया जाएगा।

**भारत सरकार के मानकों के अनुरूप कैलोरी और प्रोटीन के साथ-साथ 11 अन्य आवश्यक माइक्रोन्यूट्रिएंट्स को किया गया है शामिल**

यह रेसिपी आधारित व्यवस्था बच्चों, गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को संतुलित और पौष्टिक आहार उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। रेसिपी के पोषण मानकों में भारत सरकार के मानकों के अनुरूप कैलोरी और प्रोटीन के साथ-साथ 11 अन्य आवश्यक माइक्रोन्यूट्रिएंट्स को शामिल किया गया। इस व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए राज्य सरकार ने वायबिलिटी गैप फंड भी मंजूर किया है। प्रदेश में अनुपूरक पुष्टाहार की आपूर्ति वर्ष 2017 के कॉस्ट नॉर्म्स पर की जा रही है। इसके कारण राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन एसआरएलएम के अंतर्गत रेसिपी आधारित पुष्टाहार का उत्पादन करने वाली इकाइयों को आर्थिक दबाव का सामना करना पड़ रहा था। लाभार्थियों को गुणवत्तापूर्ण टेक होम राशन टीएचआर उपलब्ध कराते हुए इसकी गुणवत्ता पर किसी प्रकार का समझौता न हो, इसे ध्यान में रखते हुए इन इकाइयों को होने वाली संभाव हानि की प्रतिपूर्ति के लिए वायबिलिटी गैप फंड वीजीएफकी आवश्यकता पाई गई।

# राजधानी में गैस सिलेंडर के लिए सुबह से लंबी लाइनें

**एजेंसी, लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में गैस सिलेंडर की किल्लत बढ़ गई है। आम लोगों से लेकर होटल, ढाबा और कैटरिंग कारोबारियों तक सभी मुश्किल में हैं। गैस एजेंसियों पर सुबह से ही उपभोक्ताओं की लंबी लाइनें लगी हुई हैं। कई लोगों का कहना है कि एक सप्ताह पहले बुकिंग कराने के बावजूद सिलेंडर नहीं मिल रहा है। कमर्शियल सिलेंडर की सप्लाई प्रभावित होने से कालाबाजारी की शिकायतें भी सामने आ रही हैं। लोगों का आरोप है कि सिलेंडर 3500 रुपए तक में ब्लैक में बेचे जा रहे हैं। वहीं कमर्शियल सिलेंडर न मिलने के कारण लोग वैकल्पिक इंतजाम करने को मजबूर हैं। कुछ शादी समारोहों में गैस की जगह लकड़ी के चूल्हे पर खाना बनाया जा रहा है। इस बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी जिलाधिकारियों और पुलिस



- कई लोगों का कहना है कि एक सप्ताह पहले बुकिंग कराने के बावजूद सिलेंडर नहीं मिल रहा

कप्तानों को निर्देश दिए हैं कि गैस और पेट्रोलियम उत्पादों की कालाबाजारी किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों के खिलाफकड़ी कार्रवाई के निर्देश भी दिए गए हैं।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने साफ कहा है कि प्रदेश में गैस और पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति को लेकर गलत जानकारी फैलाने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने पुलिस मुख्यालय और सभी जिलों की पुलिस को सोशल मीडिया पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं। सभी जिलाधिकारियों और पुलिस अधिकारियों को पेट्रोल पंपों और गैस एजेंसियों के आसपास की स्थिति पर लगातार नजर रखने को कहा गया है। सरकार ने यह भी स्पष्ट किया है कि गैस का अवैध भंडारण करने और कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। बुधवार सुबह से ही शहर के अलग-अलग इलाकों में लोग घरेलू गैस सिलेंडर की तलाश में एजेंसियों के चक्कर लगाते नजर आए।

## खबरें एक नजर में

### 21वें रमजान में जुलूस निकाला, शियाओं का नंगे पांव मातम

**एजेंसी, लखनऊ।** पुराने लखनऊ से 21वें रमजान का जुलूस निकाला गया। नम आंखों के साथ शिया समुदाय के लोग हजरत अली के ताबूत की जियारत किया। ईरान-इजराइल जंग के विरोध में जुलूस के रास्ते में सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस शेख मोहम्मद बिन सलमान और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की तस्वीरें सड़क पर चिपकाई गई। जुलूस में शामिल अकीदतमंद 'या अली मौला' और 'हैदर मौला' के नारे लगाते हुए इन तस्वीरों को पैरों से रौंदते हुए गुजरे। नंगे पांव और काले कपड़े पहने महिला-पुरुष, बुजुर्ग और बच्चों में ताबूत को छूने और चूमने की होड़ मची हुई है। जुलूस नजफ इमामबाड़ा, सआदतगंज से शुरू होकर कर्बला, तालकटोरा पर समाप्त हुआ। इस दौरान हैदरगंज में परंपरा के मुताबिक कुएं के पास कुछ देर के लिए ताबूत को रोका गया और उस पर काली चादर चढ़ाई गई। करीब 6 किलोमीटर लंबे जुलूस में लगभग 50 हजार लोग शामिल हुए। जुलूस सुबह 5 बजे निकला और 11.30 बजे समाप्त हुआ। जुलूस में हजारों की संख्या में शिया समुदाय के लोग काले कपड़े पहनकर पहुंचे। फूलों की चादर से लदे ताबूत को छूने-चूमने की होड़ मची रही। जुलूस के रास्ते में सड़क पर सऊदी अरब के शेख मोहम्मद बिन सलमान और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की तस्वीर चिपकाई गई है। लोग उन्हें रौंदते हुए गुजर रहे हैं। शिया समुदाय का मानना है कि 19वीं रमजान को हजरत अली जब नमाज के लिए मस्जिद पहुंचे तो उनके ऊपर तलवार से हमला हुआ था। इसके बाद 21वें रमजान को हजरत अली शहीद हो गए थे। उसी घटना को याद करते हुए जुलूस निकाला जाता है।



### पिकअप ब्रिज पर कार में लगी आग, लपटें देखकर डरे राहगीर

**एजेंसी, लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के गोमतीनगर स्थित पिकअप ब्रिज पर बुधवार को एक कार में अचानक आग लग गई। बताया जा रहा है कि कार लोहिया पार्क से पॉलिटेक्निक चौराहे की ओर जा रही थी। इसी दौरान अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई और कुछ ही देर में उसमें आग लग गई। हादसे के बाद कार सवार लोगों ने तुरंत गाड़ी से उतरकर अपनी जान बचाई। देखते ही देखते कार से धुआं और आग की ऊंचीं लपटें निकलने लगीं, जिससे आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची। करीब 20 मिनट की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। हालांकि, तब तक कार का आगे का हिस्सा काफी हद तक जल चुका था। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि डिवाइडर से टकराने के बाद कार में आग लगी। राहत की बात यह रही कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### विधायक राजेश्वर सिंह ने जन्मदिन पर युवाओं को हेलमेट-लैपटॉप दिया, महिलाओं को सिलाई मशीन

**एजेंसी, लखनऊ।** सरोजिनी नगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक राजेश्वर सिंह बुधवार को अपना जन्मदिन 'आभार दिवस' के रूप में मनाया। इस अवसर पर क्षेत्र के युवाओं, छात्रों और महिलाओं को प्रोत्साहित करने के लिए कई उपयोगी सामग्रियों का वितरण किया। विधायक राजेश्वर सिंह अपने जन्मदिन को सामाजिक सरोकारों से जोड़ते हुए जनता के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए यह आयोजन किया। जिसमें बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोग भी शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान युवाओं को हेलमेट वितरित किए किए, ताकि सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाई जा सके और दुर्घटनाओं को कम किया जा सके। मेधावी और जरूरतमंद छात्रों को लैपटॉप भी दिए गए, जिससे उन्हें पढ़ाई और तकनीकी शिक्षा में मदद मिल सके। छात्रों और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं को बेहतर अध्ययन सुविधा देने के लिए लाइब्रेरी की व्यवस्था की गई। कई जरूरतमंद युवाओं को साइकिल भी वितरित की गई, जिससे उन्हें स्कूल, कॉलेज या अन्य कार्यस्थलों तक पहुंचने में आसानी हो सके। आर्थिक रूप से कमजोर और जरूरतमंद महिलाओं को सिलाई मशीन वितरित की गई, ताकि वे घर पर रहकर भी रोजगार से जुड़ सकें और आत्मनिर्भर बन सकें। युवाओं को स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कंप्यूटर और प्रिंटर भी वितरित किए गए। इससे युवा छोटे स्तर पर प्रिंटिंग और डिजिटल सेवाओं से जुड़े काम शुरू कर सकेंगे। विधायक राजेश्वर सिंह का कहना है कि जन्मदिन को केवल व्यक्तिगत उत्सव के रूप में मनाने के बजाय समाज के लिए उपयोगी कार्यों से जोड़ना ज्यादा महत्वपूर्ण है। इसी सोच के साथ इस दिन को 'आभार दिवस' के रूप में मनाते हुए जनता और क्षेत्र के युवाओं-महिलाओं को सहयोग देने की पहल की गई है।

# मुख्यमंत्री से मिले नोबेल पुरस्कार विजेता कॉन्स्टेंटिन नोवोसेलोव

- लोहम कंपनी के सीईओ व चीफ ऑफ स्टाफ ने भी की मुलाकात
- उत्तर प्रदेश को एडवांस्ड मटेरियल रिसर्च और इंजीनियरिंग का प्रमुख हब बनाने की संभावनाओं पर चर्चा

**एजेंसी, लखनऊ।**



नोबेल पुरस्कार विजेता कॉन्स्टेंटिन नोवोसेलोव ने आज बुधवार सुबह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। इस दौरान लोहम कंपनी के सीईओ रजत वर्मा और कंपनी के चीफ ऑफ स्टॉफ आयुष सबात भी मौजूद रहे। तीनों अतिथियों ने निवेश के लिए उत्तर प्रदेश के सकारात्मक माहौल की सराहना की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नोबेल पुरस्कार विजेता कॉन्स्टेंटिन नोवोसेलोव, लोहम के सीईओ रजत वर्मा और चीफ ऑफ स्टाफ आयुष सबात का उत्तर प्रदेश में स्वागत किया। बैठक में उत्तर प्रदेश को देश में एडवांस्ड मटेरियल रिसर्च और इंजीनियरिंग का प्रमुख हब बनाने की संभावनाओं पर चर्चा हुई। इस क्रम में लोहम द्वारा प्रदेश में भारत की पहली रेयर अर्थ टू मैग्नेट इंटीग्रेटेड फैसिलिटी स्थापित करने की योजना पर भी विस्तार से चर्चा हुई। इस फैसिलिटी के स्थापित होने से देश में उच्च तकनीक आधारित मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा मिलेगा। नोबेल पुरस्कार विजेता कोंस्टेंटिन नोवोसेलोव, जो ग्रैफीन की खोज के लिए विश्व प्रसिद्ध हैं, लोहम कंपनी के साथ स्ट्रैटेजिक एडवाइजर और सहयोगी के रूप में कार्य कर रहे हैं। उनका उद्देश्य उन्नत मटेरियल साइंस को औद्योगिक स्तर पर बैटरी तकनीक और ऊर्जा क्षेत्र में लागू करना है।लोहम और नोवोसेलोव के सहयोग का मुख्य फोकस दो महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर है।

पहला 2 डी मटेरियल जैसे ग्रैफीन का उपयोग कर अगली पीढ़ी की लिथियम-आयन बैटरियों की क्षमता, सुरक्षा व लाइफ को बढ़ाना। दूसरा बैटरियों और परमानेंट मैग्नेट का उन्नत रीसाइक्लिंग सिस्टम विकसित कर महत्वपूर्ण खनिजों की बेहतर रिकवरी सुनिश्चित करना, जिससे सर्कुलर इकॉनमी को मजबूती मिलेगी।

# ममता बनर्जी के शासन में भ्रष्टाचार में डूबा पश्चिम बंगाल : केशव प्रसाद मौर्य

**एजेंसी, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने पश्चिम बंगाल में मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी जी के नेतृत्व में राज्य में भ्रष्टाचार और अराजकता का माहौल पैदा हो गया है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल की जनता आज परिवर्तन की अपेक्षा कर रही है। उप मुख्यमंत्री श्री मौर्य ने कहा कि पश्चिम बंगाल में विभिन्न योजनाओं और प्रशासनिक कार्यों में लगातार भ्रष्टाचार के आरोप सामने आ रहे हैं, जिससे आम जनता का विश्वास शासन-प्रशासन से उठता जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य सरकार भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने में पूरी तरह विफल रही है। श्री मौर्य ने कहा कि लोकतंत्र में जनता सर्वोपरि होती है और जनता ही तय करती है कि राज्य की दिशा और दशा क्या होगी।



उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि पश्चिम बंगाल की जनता आने वाले समय में सुशासन, विकास और पारदर्शिता को प्राथमिकता देगी। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का उद्देश्य देश के हर राज्य में पारदर्शी और जनकल्याणकारी शासन स्थापित करना है, ताकि आम नागरिकों को योजनाओं का सीधा लाभ मिल सके और भ्रष्टाचार पर प्रभावी रोक लग सके।

# गरीबी नहीं गरीबों को मिटाना चाहती है भाजपा सरकार : अजय राय




- उप्र में सामाजिक न्याय की लड़ाई को बुलंद करने के लिए कांग्रेस पार्टी की सरकार जरूरी है : डॉ. राजेन्द्र पाल गौतम

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने आज प्रदेश कांग्रेस कार्यालय लखनऊ पर प्रेसवार्ता को सम्बोधित किया। प्रेसवार्ता में अखिल भारतीय कांग्रेस पिछड़ा वर्ग विभाग के चेयरमैन डॉ.अनिल जय हिन्द एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के चेयरमैन डॉ.राजेन्द्र पाल गौतम जी-पूर्व मंत्री एवं मीडिया विभाग के चेयरमैन डॉ.सीपी राय जी प्रदेश महासचिव (संगठन) अनिल यादव, मीडिया विभाग के वाइस चेयरमैन मनीष हिंदवी एवं उप्र कांग्रेस पिछड़ा वर्ग विभाग के चेयरमैन मनोज यादव जी मुख्य रूप से शामिल रहे। प्रेसवर्ता को सम्बोधित करते हुए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के चेयरमैन डॉ.राजेन्द्र पाल ने कहा कि आजादी के लिए लाखों लोगों ने अपने प्राणों की आहूति दी, मगर क्या उन लोगों अपनी आहूति देते वक्त ऐसे भारत का सपना देखा था बच्चे धन के आभाव में पढ़ाई छोड़ने को विवश हो, इलाज के अभाव में लोगों की जान चली जाए, दूसरे देश के दबाव में हम एक ऐसी व्यापारिक समझौता कर ले जो किसानों के लिए काल बन जाए। जवाब है नहीं मगर दुर्भाग्य यह है कि वर्तमान भाजपा सरकार पूरी तरह से आजादी की लड़ाई के मूल सिद्धांतों के विपरीत कार्य कर रही है। भाजपा दावा को राष्ट्रवाद का करती है मगर जनहितों पर प्रधानमंत्री जी हमेशा सरेंडर कर देते हैं। श्री राय ने कहा कि योगी सरकार ने दलितों के खिलाफ अपराध बढ़ते ही जा रहे हैं, हालात इतने भयावह हैं कि दलित अब इस सरकार में खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। अभी दो दिन पहले भदोही में जसलाल सरोज को जिंदा जलाकर मारने की कोशिश की गई। उन्होंने कहा कि यह सरकार गरीबी नहीं बल्कि गरीबों को ही मिटा देना चाहती है, मगर कांग्रेस प्रतिबद्ध है दलितों के मान-सम्मान और सुरक्षा के लिए।

# लोक अदालत : न किसी की जीत न किसी की हार, केवल सम्मान

- नेशनल लोक अदालत 14 को, बिना वकील और कोर्ट फीस के मुकदमा होगा खत्म

**एजेंसी, लखनऊ।** इस बार साल 2026 की पहली लोक अदालत लगने जा रही है। यदि अदालतों के चक्कर काटकर थक चुके हैं या किसी पुराने कानूनी विवाद से तुरंत छुटकारा पाना चाहते हैं तो 14 मार्च खास मौका है। देश में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाता है। इस मंच पर आपसी सहमति के जरिए लंबे समय से लंबित मामलों को बहुत कम समय में सुलझाने का अवसर मिलता है। यहां कई विवादों का निपटारा मिनटों में कर दिया जाता है, जिससे लोगों को जल्दी




न्याय मिलने में मदद मिलती है। लोक अदालत एक ऐसी जगह है जहां न तो किसी की जीत होती है और न ही किसी की हार बल्कि दोनों पक्ष सम्मानजनक समझौते के साथ हाथ मिलाते हैं। अब आप बैंक लोन रिकवरी, बिजली बिल विवाद, चेक बाउंस और छोटे-मोटे सिविल मामलों के लिए यह गोल्डन अवसर है, जहां बिना किसी कानूनी फीस के बोझ हल्का कर सकते हैं। किसी बैंक से लोन लिया है और किश्तें नहीं चुका पा रहे हैं तो ल यहां आकर वन टाइम सेटलमेंट के जरिए अपना खाता बंद करवा सकते हैं। बिजली और पानी से जुड़े पुराने बकाया बिलों या चोरी से संबंधित मामलों में भी इस दिन राहत मिल सकती है। ऐसे मामलों में आपसी सहमति से समझौता कर भारी छूट के साथ भुगतान करने का अवसर दिया जाता है। इससे लोगों को अपने पुराने विवाद और बकाया आसानी से निपटाने में मदद मिलती है। बिजनेस या व्यक्तिगत लेनदेन में फंसे चेक बाउंस के मामलों को यहां सुलझाया जा सकता है।पति पत्नी के बीच के झगड़े तलाक के छोड़कर बाकी विवाद और भरण-पोषण के मामले।छोटे-मोटे आपराधिक मामलों और ट्रैफिक पुलिस द्वारा चालानों का निपटारा भी यहां आसानी से किया जा सकता है। लोग अपने जुर्माने का भुगतान कर मामला जल्दी समाप्त कर सकते हैं। लोक अदालत का सबसे बड़ा फायदा होता है कि केस पहले से कोर्ट में चल रहा और आप लोक अदालत में समझौता कर लेते हैं, तो आपके द्वारा जमा की गई कोर्ट फीस वापस मिल जाती है।लोक अदालत के फैसले के खिलाफ ऊपरी अदालत में अपील नहीं की जा सकती है। इसका सीधा मतलब है कि फैसला अंतिम होगा और केस हमेशा के लिए खत्म हो जाता है। इसके लिए वकील की जरुरत नहीं होगी।

# जंग के अंत के लिए विशेष दुआ की अपील, जुमातुल विदा 13 मार्च को



- जामा मस्जिद ईदगाह लखनऊ में नमाज़ 12:45 पर

**एजेंसी, लखनऊ।** इस्लामिक सेन्टर आफइण्डिया के जिम्मेदारों की एक अहम् मीटिंग इमाम ईदगाह लखनऊ मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली चेयरमैन इस्लामिक सेन्टर आफ इण्डिया की अध्यक्षता में हुई। मीटिंग को सम्बोधित करते हुए मौलाना खालिद रशीद ने तमाम इमाम हजरात और अवाम से अपील की कि जो जंग चल रही है उसके जल्द से जल्द अंत के लिए जुमे की नामज में विशेष दुआयें करें। उन्होने यह भी अपील की कि इस जंग में जो निर्दोष मुसलमान शहीद हुए हैं उनके लिए और जंग के जो भयानक परिणाम हैं उससे भी हिफाजत के लिए विशेष दुआ करें। मोलाना ने संयुक्त राष्ट्र और अन्तर्राष्ट्रीय लीडरों पर जोर दिया कि वह इंस जंग को रोकने के लिए हर सम्भव प्रयास करें ताकि पूरी दुनिया में अमन व अमान कायम हो सके। मौलाना ने कहा कि इंस जुंग से जरूरी चीजों जैसे गैस, पेट्रौल, डीजल की कीमतों में भयानक बढ़ौतरी या उन की कमी होने वाली है उसको भी राकने की भरपूर कोशिश करें। मौलाना ने अपने एक बयान में कहा कि शबे कद्र रमजानुल मुबारक की आखिरी दस ताक रातों में से एक बेहद बरकत वाली रात है, जो कुरआन पाक के मुताबिक एक हजार महीनों (तिरासी साल चार महीने) की इबादत से बेहतर है। यह रात मगफिरत, तकदीर के फैसलों, फरिश्तों के नुजूल और इबादत व दुआ की कुबूलियत की महान रात है। इस मुकद्दस रात में एक लम्हे की इबादत भी बहुत बड़ा अज्र रखती है। मौलाना फरंगी महली ने शबे कद्र की अहम फजीलतें बयान करते हुए कहा कि यह वही मुकद्दस रात है जिसमें अल्लाह तआला ने अपना सच्चा कलाम कुरआन करीम, नबी पाक सल्ल0 पर हजरत जिब्रील अलैहिस्सलाम के जरिये नाजिल फरमाया।

## गैस, पेट्रोल-डीजल पर कालाबाजारी को लेकर निर्देश पूरे प्रदेश में छापेमारी

**एजेंसी, लखनऊ।** गैस, पेट्रोल और डीजल को लेकर फैल रही अफवाहों और संभावित कालाबाजारी को गंभीरता से लेते हुए उत्तर प्रदेश सरकार सतर्क हो गयी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश के बाद प्रशासन और आपूर्ति विभाग की टीमें प्रदेश भर में सक्रिय हो गई हैं। नोएडा से लेकर गोरखपुर तक जिलों में पेट्रोल पंप, गैस एजेंसियों और गोदामों का निरीक्षण किया जा रहा है। कई स्थानों पर छापेमारी कर स्टॉक और वितरण व्यवस्था की जांच की जा रही है, ताकि किसी भी तरह की जमाखोरी या कालाबाजारी को रोका जा सके।

**कोहरा** | **विजिबिलिटी कम होने से 6 फ्लाइट रद्द**

# राजधानी में मार्च में छाया घना कोहरा

**एजेंसी, लखनऊ।** राजधानी में बुधवार सुबह मौसम ने अचानक करवट ली। घना कोहरा छा गया, जिससे लोगों को मार्च में भी सर्दियों जैसा अनुभव हुआ। विजिबिलिटी कम होने के चलते 6 फ्लाइट कैंसिल, 3 लेट और 1 दिल्ली डायवर्ट हुई। स्थानीय लोग इस असामान्य मौसमी बदलाव से हैरान हैं। क्षेत्र के निवासियों ने बताया कि मार्च के महीने में इस तरह का कोहरा शायद ही कभी देखने को मिलता है। कोहरा घना था, लेकिन आमतौर पर कोहरे के समय महसूस होने वाली ठंड उतनी नहीं थी। सुबह के समय कोहरे के कारण विजिबिलिटी काफी कम हो गई, जिससे वाहन चालकों को सावधानी बरतनी पड़ी। किसानों की चिंता बढ़ गई है। दशहरी आम के लिए प्रसिद्ध मलिहाबाद



क्षेत्र में इस समय आम के पेड़ों पर बौर आ चुका है। किसानों का कहना है कि मौसम में इस तरह अचानक बदलाव और कोहरा पड़ने से आम की फसल को नुकसान होने की आशंका बढ़ जाती है। नमी और मौसम की अनिश्चितता के कारण बौर झड़ने या कीट-रोग लगने का खतरा बढ़ सकता है, जिससे आम का उत्पादन प्रभावित हो सकता है। बुधवार सुबह अचानक छाए घने कोहरे के कारण विमान संचालन बुरी तरह प्रभावित हुआ। विजिबिलिटी कम होने के चलते 6 फ्लाइट कैंसिल, 3 लेट और 1 डायवर्ट हुई। इसकी वजह से यात्रियों को काफी परेशानी हुई। एयरपोर्ट सूत्रों के अनुसार, सुबह 8.05 बजे हैदराबाद से लखनऊ पहुंचने वाली इंडिगो की उड़ान (6ई 608) कम विजिबिलिटी के कारण लखनऊ एयरपोर्ट पर नहीं उतर सकी। एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) से लैंडिंग की अनुमति न मिलने पर इसे दिल्ली डायवर्ट कर दिया गया। कोहरे के कारण लखनऊ से सुबह रवाना होने वाली कई घरेलू उड़ानें भी विलंब से गईं। इनमें सुबह 6.10 बजे दिल्ली जाने वाली इंडिगो की उड़ान (6ई 2108) लगभग एक घंटा देरी से रवाना हुई। दम्माम जाने वाली फ्लाइनेस की उड़ान (एक्सवाई 897) सुबह 6.15 बजे के बजाय 9.05 बजे उड़ान भर सकी। सुबह 8.45 बजे बेंगलुरु जाने वाली इंडिगो की उड़ान (6ई 325) 10 बजे रवाना हुई। ईरान और इजरायल के बीच जारी युद्ध के कारण खाड़ी देशों को आने-जाने वाली कई अंतरराष्ट्रीय उड़ानें बुधवार को भी रद्द रहीं। रद्द की गई अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में अबूधाबी से सुबह 6.05 बजे लखनऊ पहुंचने वाली इंडिगो की उड़ान (6ई 1416) और शारजाह से सुबह 7.05 बजे लखनऊ पहुंचने वाली इंडिगो की उड़ान (6ई 1424) शामिल हैं। दम्माम से रात 8 बजे लखनऊ पहुंचने वाली इंडिगो की उड़ान (6ई 98) भी रद्द रही। लखनऊ से रात 8.35 बजे अबूधाबी जाने वाली इंडिगो की उड़ान (6ई 1415), रात 9 बजे दम्माम जाने वाली इंडिगो की उड़ान (6ई 97) और रात 10 बजे शारजाह जाने वाली इंडिगो की उड़ान (6ई 1423) भी रद्द कर दी गई।

# यूपी बार काउंसिल चुनाव की वोटिंग शुरू

- लखनऊ हाईकोर्ट में 5 दिन में 27 हजार वकील डालेंगे वोट

**एजेंसी, लखनऊ।**

उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के चुनाव के लिए लखनऊ हाईकोर्ट परिसर में आज, बुधवार से वोटिंग शुरू हो गई। 5 दिनों तक चलने वाले इस मतदान में करीब 27 हजार अधिवक्ता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इससे पहले जनवरी में अव्यवस्था और हंगामे के कारण वोटिंग रद्द कर दी गई थी। अब संशोधित कार्यक्रम के तहत कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान कराया जा रहा है। हाईकोर्ट परिसर में बुधवार सुबह 10 बजे से मतदान शुरू हुआ जो शाम पांच बजे तक चलेगा। पांच दिन तक चलने वाली इस प्रक्रिया में रोजाना अधिवक्ताओं के पंजीकरण वर्ष के आधार पर



मतदान कराया जा रहा है। पहले दिन यानी 11 मार्च को वर्ष 1962 से 2000 तक पंजीकृत 5410 अधिवक्ता मतदान कर सकेंगे। इसके बाद अन्य वर्षों में पंजीकृत अधिवक्ताओं के लिए अलग-अलग दिन मतदान निर्धारित किया गया है। दरअसल, यूपी बार काउंसिल का चुनाव पहले 27 और 28 जनवरी को प्रस्तावित था, लेकिन मतदान के दौरान अव्यवस्था और हंगामे की स्थिति बनने के कारण चुनाव प्रक्रिया स्थगित करनी पड़ी थी। अब नए कार्यक्रम के तहत लखनऊ जिले में 11 से 15 मार्च के बीच मतदान कराया जा रहा है। प्रदेश के अधिकांश जिलों में मतदान की प्रक्रिया पहले ही पूरी हो चुकी है। लखनऊ जिले के 26 हजार से अधिक अधिवक्ता इस चुनाव में अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे।

## खबरें एक नजर में

### पुलिस ने एक अभियुक्त को तमंचा व कारतूस समेत किया गिरफ्तार




**कलान-शाहजहांपुर।** पुलिस अधीक्षक शाहजहाँपुर के निर्देशानुसार,अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी जलालाबाद के पर्यवेक्षण तथा थानाध्यक्ष परौर के नेतृत्व में चलाये जा रहे अभियान रोकथाम जुर्म जरायम, अवैध शराब, चोरी, लूट डकैती, गौ तस्कर व तलाश वांछित अपराधी व वारन्टी तथा बरामदगी अवैध शस्त्र व मादक पदार्थ के क्रम में थाना परौर पुलिस टीम को बड़ी सफलता मिली। बुधवार को थाना परौर पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त अनिल कुमार पुत्र स्व. कश्मीर सिंह निवासी ग्राम अस्तोली थाना परौर जनपद शाहजहाँपुर को एक तमंचा 315 बोर व एक कारतूस 315 बोर सहित समय करीब 10:30 बजे ग्राम अस्तोली-जरौली तिराहा के पास से गिरफ्तार किया गया। बरामदगी के आधार पर थाना परौर पर मुअसं-13/26 धारा 3/25 आयुध अधिनियम पंजीकृत किया गया।गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।जहां से उसे जेल भेज दिया गया। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक अनिल कुमार, कांस्टेबल अंकित कुमार पुलिस कर्मी शामिल रहे।

### घर के सामने गेट लगाने को लेकर विवाद, दो लोग घायल

**बंडा, शाहजहांपुर।** घर के सामने गेट लगाने को लेकर विवाद हो गया। कहासुनी के बाद हुई मारपीट में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए पुलिस को तहरीर दी है। गांव निवासी रघुनंदन ने बताया कि मंगलवार को दोपहर करीब 1:10 बजे वह अपने घर के सामने गेट लगवा रहा था। तभी गांव के अमरीक, संदीप, नन्हें और सतेंद्र की पत्नी वहां पहुंच गए और गेट पर लात मारकर उसे गिरा दिया। आरोप है कि इसके बाद उन्होंने गाली-गलौज करते हुए उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। उक्त लोगों से बचने के लिए वह घर के अंदर चला गया, लेकिन आरोपी घर में घुस आए और उसके भाई शिवनंदन के साथ भी मारपीट जमकर मारपीट की। मारपीट में वह और भाई शिवनंदन घायल हो गए। पीड़ित ने आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार राय ने बताया कि तहरीर मिली है, घायलों को मेडिकल के लिए भेजा गया है और मामले में मुकदमा दर्ज किया जा रहा है।

### पूर्णागिरी दर्शन को जा रही महिला की सड़क हादसे में मौत, परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से किया इनकार



**खुटार, शाहजहांपुर।** उत्तराखंड स्थित मां पूर्णागिरी धाम के दर्शन के लिए जा रही एक महिला की सड़क हादसे में मौत हो गई। घटना के बाद यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। जानकारी के अनुसार कानपुर देहात जनपद के थाना रसूलपुर क्षेत्र के गांव खपरेमऊ निवासी अंगद सिंह (52) अपनी पत्नी राजन देवी (50), नातिन चांदनी, बहनोई सुशील कुमार और भांजी कोमल के साथ मंगलवार को निजी बस से मां पूर्णागिरी धाम के दर्शन करने जा रहे थे। खुटार-पूरनपुर रोड पर रास्ते में बस एक ढाबे पर यात्रियों के भोजन के लिए रुकी। इसी दौरान राजन देवी बस से उतरकर लघुशंका के लिए सड़क किनारे गईं। बताया जाता है कि उसी समय तेज रफ्तार से आ रही एक अज्ञात कार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर 102 एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायल महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खुटार ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरने की कार्रवाई की, लेकिन परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया। मृतका के पति अंगद सिंह ने घटना की जानकारी अपने पुत्र जयचंद और हरिओम को दी, जिसके बाद परिवार में कोहराम मच गया। थानाध्यक्ष श्यामवीर सिंह ने बताया कि परिजनों की ओर से पोस्टमार्टम न कराने का प्रार्थना पत्र दिया गया है। यदि तहरीर मिलती है तो मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी और हादसे में शामिल कार का पता लगाया जाएगा।

# सड़क सुरक्षा मित्र अनुभवात्मक शिक्षण कार्यक्रम अंतर्गत स्वयंसेवकों का प्रशिक्षण

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



सड़क सुरक्षा के प्रति युवाओं और आम नागरिकों में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से व अभियान में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका सुनिश्चित करने के लिए सड़क सुरक्षा मित्र एक्सपीरिएंशियल लर्निंग प्रोग्राम के अंतर्गत एक सप्ताह तक चलने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ माय भारत कार्यालय में किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय तथा ट्रैफिक पुलिस विभाग के समन्वय से आयोजित किया जा रहा है। जिला युवा अधिकारी मयंक भदौरिया ने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को सड़क सुरक्षा के नियमों, सुरक्षित यातायात व्यवहार तथा दुर्घटनाओं की रोकथाम के बारे में व्यावहारिक जानकारी प्रदान करना है जिससे युवाओं में जागरूकता आये और वे समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला सकें। प्रशिक्षण में उपस्थित संभागीय निरीक्षक विकास यादव व माल एवं कर अधिकारी आरपी गौतम ने प्रतिभागियों को यातायात नियमों, सड़क संकेतों, हेलमेट और सीट बेल्ट के उपयोग, ओवरस्पीडिंग के दुष्प्रभाव तथा सड़क दुर्घटनाओं से बचाव के उपायों के बारे में विस्तार से बताया। यातायात पुलिस से मोहम्मद यूसुफ, राकेश त्यागी, अजयपाल सैनी ने बताया कि युवा स्वयंसेवक सड़क सुरक्षा मित्र के रूप में कार्य करते हुए आम नागरिकों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करेंगे और सुरक्षित सड़क संस्कृति को बढ़ावा देंगे। साथ ही उन्होंने सड़क सुरक्षा से सम्बंधित विभिन्न नियमों पर भी प्रकाश डाला। इस अवसर पर लेखा एवं कार्यक्रम सहायक सोनम सचान, रिंकू गौतम, अमित श्रीवास्तव, दिव्यांशी मिश्रा, आकांक्षा मिश्रा, वैष्णवी सक्सेना, रुद्र प्रताप, देवेश कुमार, सूरज शर्मा, नीतीश यादव, हिमांशु सक्सेना, रामबहोरे, साहिल खान, शगुन सक्सेना, देवेश कुमार सहित माय भारत स्वयंसेवक, एआरटीओ कार्यालय, ट्रैफिक पुलिस विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# प्रचार-प्रसार वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया



**शाहजहांपुर।** जिला जज एवंअध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विष्णु कुमार शर्मा के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में 14 मार्च को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार-प्रसार हेतु प्रचार-प्रसार वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। प्रचार-प्रसार वाहन 13 मार्च तक समस्त तहसीलों, ब्लॉकों, गॉवों, मोहल्लों एवं सार्वजनिक स्थानों पर जाकर लोक आदलत का प्रचार-प्रसार करेगा। इस अवसर पर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय नरेन्द्र कुमार-तृतीय, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुदीप कुमार जायसवाल, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश आशीष वर्मा, राष्ट्रीय लोक अदालत के नोडल अधिकारी अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ओमप्रकाश मिश्र-तृतीय, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश पंकज कुमार श्रीवास्तव, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ज्योति अग्रवाल, अपर अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट-सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मनीष कुमार सिंह एवं अन्य न्यायिक अधिकारी एवं कर्मचारी आदि मौजूद रहे।कार्यक्रम में विधिक सेवा प्राधिकरण के समस्त स्टॉफ का सहयोग रहा।

### रोजगार सेवकों ने बीडीओ को दिया ज्ञापन

**पुवायां, शाहजहांपुर।** रोजगार सेवकों ने बीडीओ को पत्र देकर मानदेय एवं ईपीएफ दिलाये जाने की मांग की। बुधवार को रोजगार सेवकों ने ब्लाक परिसर में एकत्र होकर बीडीओ को पत्र दिया। रोजगार सेवकों ने बताया कि उनको कई महीनों से मानदेय नही मिला, होली से पूर्व भी पत्र देकर मानदेय की मांग की थी लेकिन किसी ने नही सुना, इस तरह रोजगार सेवकों के साथ अनदेखी की जा रही है जो कि गलत है यदि ऐसा ही रहा तो सभी रोजगार सेवक एक साथ कार्य बहिस्कार करेगें। पत्र देने बालों में अक्षय मिश्रा, अवनीश मिश्रा, विवेक वर्मा, स्वतंत्र कुमार, बजेश कुमार, सुधीर कुमार, रामनिवास यादव, अभय सिंह, गौरव कुमार, नीलकंठ, राकेश चंद्र आदि मौजूद रहे।

# नन्हें कदमों ने देखा ज्ञान का संसार शैक्षिक भ्रमण ने बच्चों के चेहरों पर बिखेरी मुस्कान

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



मंगलवार को राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत विकासखण्ड सिंधौली क्षेत्र के परिषदीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के लिए एक यादगार शैक्षिक भ्रमण का आयोजन किया गया। जिज्ञासा से भरे नन्हें-मुन्ने छात्रों ने शाहजहाँपुर महानगर का एक दिवसीय शैक्षिक भ्रमण कर नई-नई जानकारियों से अपने अनुभवों की झोली भर ली।ब्लॉक मुख्यालय से खण्ड शिक्षा अधिकारी कृष्णदेव यादव ने हरी झंडी दिखाकर छात्र-छात्राओं को रवाना किया। बस में सवार बच्चों के चेहरे पर उत्साह और जिज्ञासा साफ झलक रही थी। सबसे पहले छात्र गन्ना शोध परिषद पहुँचे, जहाँ उन्हें गन्ने की विभिन्न उन्नत प्रजातियों और गुड़ की अलग-अलग किस्मों के बारे में रोचक जानकारी दी गई। वैज्ञानिक जानकारी से रूबरू होते हुए बच्चों ने खेती और कृषि विज्ञान के विभिन्न पहलुओं को करीब से समझा। इसके बाद छात्रों ने शहीद संग्रहालय का भ्रमण किया। यहाँ स्वतंत्रता संग्राम के अमर शहीदों की यादों और ऐतिहासिक धरोहरों को देखकर बच्चों के मन में देशभक्ति की भावना और भी प्रबल हो उठी। इस अवसर पर जिला समन्वयक रोहित सिंह तथा जितेन्द्र मिश्र ने बच्चों को फल और अन्य जलपान सामग्री वितरित कर उनका उत्साह बढ़ाया। पूरे कार्यक्रम को सफल बनाने में अतुल शुक्ला, उपेन्द्र तिवारी, रुपेन्द्रजीत सिंह, वली मोहम्मद सहित वरिष्ठ शिक्षक आशुतोष मिश्रा, पंकज पाण्डेय, ब्रजेश मिश्र, हरीश राजानी, विनोद कुमार, विजयपाल, रमेशचन्द्र,वसीम, अनुराधा गौतम, शशिप्रभा आर्य और रिचा शर्मा का सराहनीय सहयोग रहा। इसके अतिरिक्त व्यवस्थाओं को सुचारु रूप से संचालित करने में अंशुमान सिंह, अनुज गुप्ता और जमीर सहित अन्य सहयोगियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।शैक्षिक भ्रमण के इस अवसर ने न केवल बच्चों को किताबों से बाहर निकलकर वास्तविक ज्ञान से परिचित कराया,बल्कि उनके मन में सीखने की नई उत्सुकता भी जगा दी। नन्हें-मुन्नों के चेहरे पर लौटते समय दिखाई दे रही मुस्कान इस बात की गवाही दे रही थी कि यह दिन उनके लिए जीवन भर यादगार रहने वाला है।

# शुभ मुहूर्त- 12 से 18 मार्च तक बजेगी शहनाइयां, बनने लगे पकवान

**जिला प्रशासन की ओर से सामूहिक विवाह समारोह की तिथियां घोषित**

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह कार्यक्रम के लिए जिला प्रशासन की ओर से मंगलवार को तिथियां घोषित कर दी गई है। इस बार विवाह समारोह वर-वधू की सुविधा को देखते हुए विधानसभावार संपन्न कराएं जाएगें। जिला समाज कल्याण अधिकारी राजेश शर्मा ने बताया कि 12 से 18 मार्च तक अलग अलग दिनों में शादी होगी। जिसके लिए मैरिज लॉन बुकिंग करा ली गई है। बारातियों के स्वागत पकवान बनने लगे और पंडालों की भी सजावट कराई जा रही है। विवाह समारोह में जनप्रतिनिधियों व स्थानीय लोगों को आमंत्रित किया गया है। डीएम द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जिला व तहसील स्तरीय अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

**विधानसभावार शादी की तिथियां घोषित**

- 12 मार्च ददरौल विधानसभा में संगम मैरिज लॉन, समय सुबह 10 बजे से।
- 13 मार्च पुवायां विधानसभा में सूरज मैरिज लॉन, समय सुबह 10 बजे से।
- 14 मार्च जलालाबाद विधानसभा में वैष्णो धाम मैरिज लॉन, समय सुबह 10 बजे से।
- 15 मार्च कटरा विधानसभा में माधव मैरिज लॉन जैतीपुर, समय सुबह 10 बजे से।
- 16 मार्च शहर विधानसभा में ओसीएफ रामलीला मैदान, समय सुबह 10 बजे से।
- 18 मार्च तिलहर विधानसभा में आदर्श इंटर कॉलेज, रामलीला मैदान निगोही, समय सुबह 10 बजे से।

> मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह की तिथियां घोषित कर दी गई है। जिन आवेदकों द्वारा पंजीकरण शादी के लिए करा रखा गया है। उनका वेरीफिकेशन उपरांत विवाह संपन्न कराया जाएगा। इस बार समारोह का आयोजन विधानसभावार वर-वधू की सुविधानुसार किया गया है। जिससे कि कोई दिक्कत उत्पन्न न हो। कार्यक्रम के लिए विभागवार ड्यूटी लगाई गई है। लापरवाही बरतने वालों पर एक्शन लिया जाएगा।
>
> -डा.अपराजिता सिंह
> सीडीओ

# भोर फाउंडेशन ने पोषण पोटली वितरण किया



**शाहजहांपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तिलहर में सीएमओ डा.विवेक कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में भोर फाउंडेशन लखनऊ की ओर से एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें फाउंडेशन की ओर 50 क्षय मरीजों को गोद लेकर पोषण पोटली का वितरण किया गया। जिला क्षय रोग अधिकारी डा. ओमेंद्र राठौर ने लोगों को क्षय रोग के बारे में जानकारी दी। भोर फाउंडेशन की डायरेक्टर स्वाति सिंह व उनकी टीम ने पोषण पोटली वितरण किया। कार्यक्रम में डीपीसी सिध्दार्थ गुप्ता, डीपीपीएमसी आरती सिंह आदि मौजूद रहे।

# कृष्ण जन्म के साथ नंदालय में उत्सव की कथा का प्रसंग सुनाया

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



शहर स्थित चित्रा टाकीज में चल रही चतुर्थ दिवस नवम व दशम स्कंध की व्याख्या कृष्ण जन्म के साथ नंदालय में उत्सव की कथा सुनाई गई। श्रीमद्भागवत महापुराण की कथा का आज के प्रसंग का आरम्भ नवम् स्कन्ध से करते हुए मनु महाराज के वंश वर्णन से किया। राजा अंबरीश की कथा सुनाई। व्यासजी के अनुसार राजा अम्बरीष वैवस्वत मनु के प्रपौत्र और राजर्षि नाभाग के पुत्र थे सात द्वीप वाली पृथ्वी के स्वामी होने पर भी उनकी भोगों में बिल्कुल आसक्ति नहीं थी उन्होंने अपना पूरा जीवन परमात्मा के चरणों में समर्पित कर दिया था पौराणिक कथा के अनुसार भगवान विष्णु को प्रसन्न करने के लिए उन्होंने पत्नी सहित एकादशी व्रत का नियम लिया था व्रत पूरा करने पर जब वे उसका पारण करने लगे तभी महर्षि दुर्वासा वहां आ गए राजा के भोजन कीजिये प्रार्थना स्वीकार कर वे यमुना तट पर स्नान के लिए चले गए जब द्वादशी में केवल एक घड़ी शेष होने तक भी महर्षि नहीं पहुंचे तो व्रत भंग होने का विचार कर राजा ने भगवान के चरणामृत से पारण कर लिया जब दुर्वासा ऋषि को पता चला तो उन्हें भोजन कराए बिना व्रत का पारण करने पर वे नाराज हो गए उन्होंने सिर के एक बाल से कृत्या नाम की राक्षसी पैदा कर दी, जो राजा अम्बरीष को मारने दौड़ी. तभी भगवान विष्णु ने अपने सुदर्शन चक्र सेवा राक्षसी का वध कर दिया राक्षसी का वध करके दूर्वासा की ओर दौड़ पड़े तो दूर्वासा जी भागे ब्रह्मलोक, शिवलोक, इंद्रलोक आदि की शरण गये किसी ने रक्षा नहीं की, नारदजी ने कहा जिनके प्रति अपराध किया उन्ही के पास जाओ तब दूर्वासा जी ने अंबरीश जी के समीप जाकर क्षमा याचना की तब भगवान से प्रार्थना करके दूर्वासा जी की रक्षा की। भगवान ने सिद्ध किया कि हमारे भक्त को निरअपराध कोई दंड नहीं दे सकता। दशम स्कन्ध में प्रवेश करते हुए चंद्र वंश की कथा का शुभारम्भ हुआ। सूरसेन के पुत्र वासुदेव का विवाह देवक की पुत्री देवकी से संपन्न हुआ। राजा कंस अपनी चचेरी बहन को पहुचाने जा रहा था। तभी आकाशवाणी हुई की इसका आठवा पुत्र तेरा काल बनेगा। इतना सुनते ही कंस देवकी की हत्या करने की उधत हो गया वासुदेव जी ने कहा कि आपको आठवीं संतान दे दूँगा । लेकिन कंस ने उन दोनो को जेल में डाल दिया । कंस ने नारद के उपदेश से छः पुत्रों को मार दिया। सप्तम संतान को संकर्षण के द्वारा माँ रोहिणी में स्थापित कर दिया। इसलिए इनका नाम बलदाऊ रखा गया। अष्टम संतान के रूप में भगवान ने अवतार लिया। और कहा कि आप मुझे गोकुल में नंद जी के यहाँ पहुंचा दो। वहाँ से उनकी कन्या को लेकर आओ वासुदेव जी ने ऐसा ही किया तब राक्षस जागे और कंस को बताया तो कंस आया और कन्या को मारने के लिए उपर उठाया तभी वहा कन्या हाथ से फिसल गयी। और आकाशवाणी करके बताया की तुझे मारने वाला वृजमंडल में पैदा हो चुका है।

कथा क्रम में छठी के दिन बहुत बड़ा उत्सव नंदालय में मनाया जाने लगा। कंस ने पूतना नामक राक्षसी को गोकुल भेजा कि छः महीने में जो बच्चे जन्मे है उनका वध करदो। पूतना अति सुंदरी वनकर उत्सव में सम्मिलित हो गयी। यशोदा जी उपहार भेंट स्वीकार करने में लग गई। पूतना भगवान कृष्ण के पालने के समीप जाकर उन्हे गोद में उठा लिया और उनकी हत्या की योजनानुसार अपने स्तनों में कलकूट विश लगाकर आई थी। उसने स्तन पान कराना शुरु कर दिया भगवान दूध के बहाने उसके प्राण ही खींचने लगे । पूतना छोड़ो छोड़ो कहती रही। भगवान जिसको पकड़ लेते है इसका कल्याण करके छोड़ते है। इस पूतना का भगवान ने उद्धार कर दिया। सर्व प्रथम खन्ना परिवार के पुरोहित जी ने देव पूजन कराया, कार्यक्रम का श्री गणेश श्री रमेश त्रिपाठी एवं प्रसून त्रिपाठी और रामबली ने हनुमान चालीसा का पाठ एवं भजन के माध्यम से प्रभु की स्तुति की। संचालन आचार्य रामानंद दीक्षित ने किया। कथा क्रम में मुख्य यजमान कमलेश कुमार खन्ना ने व्यास एवं अन्य विद्वानों का माल्यार्पण कर स्वागत, पूजन किया। ध्रुवनारायन मेहरा, सुधा मेहरा, सोमनाथ कपूर एवं सरिता कपूर, जयप्रकाश खन्ना व चंद्र शेखर खन्ना (धीरू खन्ना), रोली खन्ना व रागिनी खन्ना, डॉ. राम मेहरोत्रा, आदि अनेक भक्तों का सहयोग रहा। कृष्ण जन्म उत्सव धूम धाम के साथ मनाया गया इस अवसर पर बधाई गीत गाए गए तत्पश्चात आरती एवं प्रसाद वितरण कर आज की कथा को विश्राम दिया। कल पंचम दिवस की कथा दोनों सत्रों में प्रातः 08:30 से 11:30 तक एवं सायंकालीन 03:30 से 06:30 तक होगी।

# सांसद अरुण सागर ने रेलवे बोर्ड अध्यक्ष को समस्याओं से कराया अवगत

**सांसद बोले-शाहजहांपुर की समस्याओं का शीर्ष तक पहुंचाना और उसका समाधान कराना मेरी पहली प्राथमिकता**

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



भाजपा सांसद अरुण सागर ने बुधवार को दिल्ली में रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष सतीश कुमार से मुलाकात कर पत्र देकर जनपद की कई समस्याओं से अवगत कराया। जिसमे उन्होंने रोजा क्षेत्र के वार्ड नंबर 1 में पक्की सड़क का निर्माण को एनओसी दिए जाने की मांग की। डभौरा, मीरानपुर कटरा और कसरक रेलवे क्रासिंग पर निर्माणाधीन रेलवे ओवरब्रिज के शेष कार्य को जल्द से जल्द पूरा कराने की मांग की। इसके अलावा लखनऊ-नई दिल्ली-लखनऊ के मध्यम वंदे भारत ट्रेन का संचालन कर शाहजहांपुर में ठहराव की मांग की है। उन्होंने बोर्ड के अध्यक्ष से कहा कि जनपदवासी इन मांगों को लेकर उनसे कई बार मुलाकात कर चुके हैं। समस्याओं को दूर करने पर जनपदवासियों को काफी राहत मिलेगी। अध्यक्ष ने सांसद को जल्द से जल्द समस्याओं को दूर करने का आश्वासन दिया है। सांसद ने कहा कि रोजा क्षेत्र के वार्ड नंबर 1 में लोगों को आवाजाही करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। वहां पर पक्की सड़क नही है। स्थानीय लोगों ने नगर निगम के माध्यम से 200 मीटर लंबी और 5 मीटर चौड़ी सड़क बनवाने का प्रस्ताव किया गया। वह भूमि रेलवे की है, इसलिए रेलवे की एनओसी मिलना आवश्यक है। उन्होंने अध्यक्ष से आग्रह किया है कि डीआरएम मुरादाबाद मंडल को एनओसी देने के निर्देश दिए जाएं। रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष ने सांसद को आश्वासन दिया है। सांसद ने बताया कि निगोही-तिलहर रेलवे क्रॉसिंग ऊसा (334B), मीरानपुर कटरा रेलवे क्रॉसिंग (341C) तथा कसरक रेलवे क्रॉसिंग (342 Spl) पर रेलवे ओवर ब्रिज (ROB) पर निर्माणाधीन ROB के शेष कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण कराकर इन पुलों को तत्काल चालू कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए जाएं, ताकि क्षेत्र की जनता को आवागमन में हो रही कठिनाइयों से राहत मिल सके। सांसद ने कहा कि लखनऊ-नई दिल्ली-लखनऊ के मध्य प्रतिदिन यात्रियों की संख्या अधिक है। इस मार्ग पर व्यापार, शिक्षा, स्वास्थ समेत अन्य महत्वपूर्ण कार्यों के लिए बड़ी संख्या यात्री आवागमन करते हैं। कई ट्रेने संचालित भी हैं लेकिन एक तेज गति और आधुनिक ट्रेन की आवश्यकता है। उन्होंने इस मार्ग पर वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन के संचालन कराने और उसका शाहजहांपुर में ठहराव देने की मांग की है। सांसद ने कहा कि रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष सतीश कुमार ने शाहजहांपुर की बताई गई समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान कराने का आश्वासन दिया है। सांसद ने कहा कि भाजपा सरकार में जनता की समस्याओं का समाधान कराना ही पहली प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि जनपद की समस्याओं को वह लगातार शीर्ष नेतृत्व तक पहुंचाकर उसका समाधान कराने का प्रयास करते रहेंगे।

# खुटार में गूंजे बालाजी के जयकारे, श्री बालाजी के जागरण में भजनों पर झूमे श्रद्धालु

**झांकियों ने जगाई आस्था, देर रात तक जुटे श्रद्धालु**

**खुटार, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



नगर के खालसा प्लाटिंग के मैदान में 10 मार्च की रात श्रीबालाजी का जागरण बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में दूर-दूर से आए प्रसिद्ध भजन गायकों और कलाकारों ने अपनी मधुर प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को पूरी रात भाव-विभोर कर दिया। जागरण में क्षेत्र सहित आसपास के कई जिलों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और बालाजी के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। कार्यक्रम की शुरुआत विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना से हुई। महाराज अनिल पांडे ने पूजा कर भगवान बालाजी का आशीर्वाद लिया और उपस्थित श्रद्धालुओं को धर्म और भक्ति का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में आस्था और भाईचारे को मजबूत करते हैं। जागरण में शाहजहांपुर से आए भजन गायक शुभम रंगीला, उत्तराखंड के रुद्रपुर से अमन सांवरिया, मुंबई (महाराष्ट्र) से सुमित सैनी तथा अंतर्राष्ट्रीय भजन गायिका अंजलि द्विवेदी (बरेली) ने एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत किए। कलाकारों की प्रस्तुतियों पर श्रद्धालु पूरी रात झूमते रहे और ÷जय श्री बालाजी÷ के जयकारों से मैदान गूंजता रहा। बताया जाता है कि जागरण में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। देर रात तक लोग भजनों का आनंद लेते रहे और बालाजी के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। आयोजन स्थल पर भव्य सजावट, प्रकाश व्यवस्था और श्रद्धालुओं के बैठने की विशेष व्यवस्था की गई थी। कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों का भी सम्मान किया गया। आयोजकों द्वारा पत्रकारों को पटका पहनाकर तथा प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पत्रकारों ने भी धार्मिक कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए कमेटी के प्रयासों की सराहना की। जागरण को सफल बनाने में कमेटी के सभी सदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और पूरी व्यवस्थाओं को व्यवस्थित तरीके से संभाला। वहीं कार्यक्रम के दौरान पुलिस प्रशासन का भी सुरक्षा व्यवस्था में पूरा सहयोग रहा। पुलिसकर्मी लगातार मौके पर मौजूद रहे, जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सका। 11 मार्च को प्रातः हवन-पूजन के साथ भंडारे का भी आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया और बालाजी का आशीर्वाद प्राप्त किया।

# डीएम-एसपी की अध्यक्षता में अलविदा व ईद को लेकर बैठक

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

आगामी अलविदा तथा ईद के त्योहारों को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह एवं पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित बिस्मिल सभागार में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में ईदगाह कमेटी के सदस्य, धर्मगुरु तथा शहर के संभ्रांत नागरिक उपस्थित रहे। बैठक के दौरान बताया गया कि 13 मार्च शुक्रवार को जनपद की विभिन्न मस्जिदों सहित ईदगाहों में अलविदा की नमाज अदा की जाएगी तथा इसके उपरांत आगामी दिनों में ईद के अवसर पर ईद की नमाज का आयोजन जनपद की सभी मस्जिदों में किया जाएगा। अलविदा की नमाज रमज़ान माह के अंतिम शुक्रवार को अदा की जाती है, जिसमें बड़ी संख्या में नमाजी शामिल होते हैं। इसको दृष्टिगत रखते हुए जिला प्रशासन द्वारा आवश्यक तैयारियों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

बैठक में ईदगाह कमेटी के सदस्यों एवं धर्मगुरुओं ने अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याओं से जिलाधिकारी को अवगत कराया। उन्होंने मस्जिदों एवं ईदगाहों के आसपास साफ-सफाई की व्यवस्था, छुट्टा पशुओं को नियंत्रित करने, निर्बाध विद्युत आपूर्ति, पेयजल की समुचित व्यवस्था तथा नमाज के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के लिए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित किए जाने का अनुरोध किया। इसके अतिरिक्त जिन स्थानों पर सड़कें खुदी हुई हैं, वहां धूल नियंत्रण के लिए पानी का छिड़काव कराए जाने की भी मांग रखी गई। जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने नगर आयुक्त को निर्देशित किया कि जनपद की प्रमुख मस्जिदों तथा ईदगाह, जामा मस्जिद के पहुंच मार्गों का निरीक्षण कर आवश्यक मरम्मत कार्य शीघ्र पूर्ण कराया जाए तथा आसपास साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने चुना छिड़काव कराने के भी निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिए कि अलविदा के दिन सड़कों पर छुट्टा पशु न घूमने पाए इसके लिए नगर निगम आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करे। साथ ही डेयरी संचालकों को भी निर्देशित किया जाए कि अलविदा के दिन अपने पशुओं को सड़कों पर न निकालें, जिससे आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा न हो।उन्होंने अधिशासी अभियंता विद्युत को निर्देशित किया कि त्योहारों के दौरान निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि नमाज के समय किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो। पुलिस अधीक्षक ने कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए साथ ही शहर पेश इमाम हुज़ूर अहमद मंजरी से कहा कि किसी भी स्थिति में आवश्यकता पड़ने पर तत्काल कॉल करके समस्या से अवगत करा सकते हैं। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने सभी संबंधित विभागों को समन्वय स्थापित कर आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए, जिससे रमज़ान अलविदा एवं ईद का त्योहार जनपद में आपसी सौहार्द, शांति एवं भाईचारे के वातावरण में संपन्न हो सके। बैठक के दौरान नगर आयुक्त डॉ विपिन कुमार मिश्र, अपर जिलाधिकारी प्रशासन रजनीश कुमार मिश्र , अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अरविंद कुमार, नगर मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार, एसपी ग्रामीण सहित संबंधित अधिकारियों मौजूद रहे।



# एग्जाम: 13 केंद्रों पर 18 हजार परीक्षार्थी देगें पुलिस उपनिरीक्षक परीक्षा

- 14-15 मार्च को जनपद में परीक्षा कराई जाएगी आयोजित



**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

जनपद में 14-15 मार्च को पुलिस उपनिरीक्षक परीक्षा का आयोजन कराया जाएगा। जिसको लेकर सारी तैयारियां जिला प्रशासन द्वारा पूरी कर ली गई है। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच 2 पाली में दोनों दिन परीक्षा होगी। पहली पाली सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक व दूसरी पाली 3 बजे से शाम 5 बजे तक संपन्न होगी।

लगभग 18 हजार परीक्षार्थी पुलिस परीक्षा में अपना भविष्य बुनने के सपने लेकर गैर जनपदों से शाहजहांपुर आ रहे हैं। प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर एक एक सेक्टर व स्टैटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती कर दी गई है।जोकि आयोग की गाइडलाइन के अनुसार परीक्षा को शांतिपूर्ण व सकुशल ढ़ंग से संपन्न कराएगें। परीक्षा के दृष्टिगत डीएम की ओर से निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए अधीक्षण अभियंता विद्युत व पुलिस बल को सुरक्षा व्यवस्था के लिए आदेशित किया गया है। परीक्षा केंद्रों की सुरक्षा को सीसीटीवी कैमरों को लगवाया गया है और परीक्षा के दौरान परीक्षा केंद्रों के बाहर ट्रैफिक व्यवस्था सुदृढ रखने को एसपी सिटी, सिटी मजिस्ट्रेट, सीओ सिटी, एआरटीओ को जिम्मेदारी सौंपी गई है। परीक्षा केंद्रों पर नकलचियों से निपटने को खुफियां एजेंसियों को भी अलर्ट कर दिया गया है।

> 14-15 मार्च को जनपद में पुलिस उपनिरीक्षक की परीक्षा होनी है। इसमें शाहजहांपुर में 13 सेंटर है, जिसमें चार पाली में लगभग 18 हजार परीक्षार्थी शामिल होगे। इसमें जो परीक्षार्थी बाहर से आ रहे हैं, उनके लिए परिवहन, ठहरने की व्यवस्था कराई जा रही है। कन्ट्रोल रुम से परीक्षा केंद्रों की निगरानी कराई जाएगी। मजिस्ट्रेटों की तैनाती कर दी गई है।
>
> -धर्मेंद्र प्रताप सिंह, डीएम

### इन केंद्रों पर परीक्षा

आर्य महिला इंटर कॉलेज, आर्य महिला पीजी कॉलेज, देवी प्रसाद इंटर कॉलेज, जीएफ कालेज ब्लाक ए व बी, जीआईसी, गवर्नमेंट पालीटेक्निक, इस्लामिया इंटर कॉलेज, जनता इंटर कॉलेज, श्रीहरि कुमार पाठक कन्या इंटर कॉलेज, स्वामी धर्मानंद सरस्वती इंटर कॉलेज, एसएस कालेज ब्लाक ए व ब्लाक बी।

## खबरें एक नजर में

### मारपीट कर घर से निकालने व दूसरी शादी करने का पत्नी का आरोप

**खुटार, शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र पुवायां की रहने महिला ने थाना खुटार में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसकी शादी करीब 1 वर्ष पूर्व थाना क्षेत्र खुटार के एक गांव में हुई थी। शादी के उपरांत उसके पति व उसकी सास के द्वारा उस के साथ आए दिन मारपीट में तंग तराश करते थे जिसके चलते वह अपने मायके थाना क्षेत्र पुवायां के एक गांव में रहने चली गई। महिला का उसके पति के विरुद्ध पारिवारिक न्यायालय में वाद विचाराधीन है उसके बावजूद महिला के रिश्तेदारों ने उसे बताया कि उसके पति के द्वारा दूसरी शादी कर ली गई। पीड़ित महिला के द्वारा थाना खुटार में प्रार्थना पत्र देकर न्याय के गुहार लगाई गई।

### दरवाजे पर आकर युवक को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

**बंडा, शाहजहांपुर।** भूसा फूंकने की शिकायत करना एक युवक को भारी पड़ गया। शिकायत से नाराज आरोपियों ने उसके घर पहुंचकर गाली-गलौज करते हुए लाठियों से मारपीट कर दी। घायल युवक ने थाने में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। गांव तिहार ऐजनपुर निवासी आलोक शर्मा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसने गांव के ही चन्दन मिश्र पुत्र राजकुमार और राजकुमार उर्फ छोटे पुत्र रामप्रकाश मिश्र के खिलाफ भूसा फूंकने की शिकायत की थी। इसी बात को लेकर दोनों आरोपी उससे रंजिश मानने लगे। आरोप है कि 2 मार्च 2026 की सुबह दोनों आरोपी उसके दरवाजे पर आकर और नाम लेकर गंदी-गंदी गालियां देने लगे। जब उसने गाली देने से मना किया तो आरोपियों ने लाठियों से उसकी पिटाई कर दी और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित का आरोप है कि मारपीट में वह घायल हो गया कुछ दिनों तक अपना इलाज कराता रहा। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# महिला दिवस पर रिट्ज संस्था द्वारा महापौर अर्चना वर्मा का सम्मान

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शहर की सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था रिट्ज द्वारा एक गरिमामयी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर की महापौर श्रीमती अर्चना वर्मा को महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान संस्था की अध्यक्ष श्रीमती रितु बजाज ने महापौर श्रीमती अर्चना वर्मा को पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक श्रीमती रिचा गर्ग ने कहा कि महापौर अर्चना वर्मा शहर की महिलाओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं और वे समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। अपने संबोधन में महापौर श्रीमती अर्चना वर्मा ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने और शिक्षा को जीवन का सबसे सशक्त माध्यम बनाने का संदेश दिया। उन्होंने रिट्ज संस्था का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज में महिलाओं के सम्मान, आत्मविश्वास और सहभागिता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के दौरान अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का उत्सव केक काटकर हर्षोल्लास के साथ मनाया गया तथा सभी ने एक-दूसरे को महिला दिवस की शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. टीना अग्रवाल, नीता चौधरी, अनु मिश्रा, सिम्मी अरोड़ा, सिल्की सलूजा, मधु अग्रवाल, कुशा मोहन, शिल्पी गोयल, गरिमा खन्ना, पल्लवी खन्ना, मनप्रीत कौर सहित अन्य सदस्यों का विशेष सहयोग रहा।

# खेत की रखवाली करने गया युवक नदी में डूबा



**सिधौली, शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र के महादुर्ग गांव में खेत की रखवाली कर रहे एक व्यक्ति के नदी में डूब जाने से हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही ग्रामीणों की भीड़ मौके पर पहुंच गई। पुलिस, फायर ब्रिगेड और गोताखोरों की टीम देर रात से ही नदी में लापता व्यक्ति की तलाश में जुटी हुई है। बताया गया कि महादुर्ग गांव निवासी लगभग 45 वर्षीय रामसेवक उर्फ सुखदेव मंगलवार शाम करीब 8 बजे अपनी पत्नी के साथ खेत की रखवाली करने के लिए नदी किनारे गए थे। उनके खेत में इस समय मिर्च, बंद गोभी, लहसुन और मेथी की फसल खड़ी है, जिसकी सुरक्षा के लिए पति-पत्नी दोनों रात में खेत पर ही रुकते थे। परिजनों के अनुसार रात करीब 3 बजे रामसेवक को प्यास लगी तो वह नदी की ओर पानी पीने चले गए। इसी दौरान उनका पैर फिसल गया और वह नदी में जा गिरे। पत्नी ने उन्हें डूबते देख कई बार आवाज लगाई और बाहर निकालने की कोशिश भी की, लेकिन अकेली होने के कारण वह उन्हें बचा नहीं सकी। कुछ ही देर में यह खबर गांव तक पहुंच गई, जिसके बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण नदी किनारे पहुंच गए और तलाश शुरू कर दी। सूचना मिलने पर पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम भी मौके पर पहुंच गई। गोताखोरों की मदद से नदी में लगातार तलाश अभियान चलाया जा रहा है, लेकिन खबर लिखे जाने तक रामसेवक का पता नहीं चल सका था। रामसेवक अपने पीछे 17 वर्षीय बेटी सुधा, 13 वर्षीय दिव्यांशी और 8 वर्षीय पुत्र जितिन प्रसाद को छोड़ गए हैं। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बताया जाता है कि रामसेवक अपने भाई जयवीर से बड़े थे। कोतवाल रविंद्र सिंह ने बताया कि एक व्यक्ति के नदी में डूबने की सूचना मिली है। गोताखोरों की मदद से तलाश अभियान जारी है और पुलिस व फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर मौजूद है।

# कोतवाली से छात्र गायब होने का आरोप, परिजनों ने लगाया आधा घंटे जाम

- राजकीय इंटर कॉलेज से पूछताछ के लिए लाई थी पुलिस, प्रभारी निरीक्षक बोले-छात्र की तलाश जारी

**कांट, शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र में गुरुवार को एक अजीबोगरीब मामला सामने आया। राजकीय इंटर कॉलेज में पढ़ने आए एक छात्र को पुलिस बच्चों के आपसी विवाद के मामले में पकड़कर थाने ले आई, लेकिन परिजनों के अनुसार छात्र थाने से ही गायब हो गया। जानकारी के अनुसार कस्बा काँट की पट्टी मोहल्ला निवासी देव कुमार (17) पुत्र रामपाल को तीन दिन पहले पुलिस राजकीय इंटर कॉलेज से यह कहते हुए थाने ले गई थी कि बच्चों के बीच हुए विवाद के मामले में उससे पूछताछ करनी हैपरिजनों का आरोप है कि 10 मार्च को वे थाने जाकर अपने बेटे से मिले थे, लेकिन 11 मार्च 2026 की सुबह करीब 11 बजे जब उसकी मां माया देवी और पिता रामपाल फिर मिलने पहुंचे तो पुलिस ने उन्हें मिलने नहीं दिया और कहा कि हम चाय पिला देंगे। इसके बाद जब काफी देर तक बेटे से मुलाकात नहीं कराई गई तो परिजन भड़क गए। आरोप है कि गुस्साए परिजनों ने काँट थाने के सामने शाम के समय करीब आधा घंटा जाम लगाकर हंगामा किया और पुलिस पर बेटे को गायब करने का आरोप लगाया।वहीं इस मामले में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली काँट का कहना है कि देव कुमार को पूछताछ के लिए थाने लाया गया था, उसकी तलाश की जा रही है।

# बारात में डीजे पर डांस को लेकर मचा जमकर बबाल

- बाराती पक्ष के दो गुट भिड़े लातघूंसे डंडे और कुर्सियों से हुए प्रहार
- दोनों पक्षों के दर्जन भर बाराती हुए लहूलुहान, रिपोर्ट दर्ज
- देर रात से सुबह नौ बजे विदाई तक पुलिस ने डेरा डाला

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



डीजे पर डांस को लेकर बारातियों के दो गुटों में जमकर बबाल हुआ। लात घूंसे टेंट की कुर्सियों से ताबड़ तोड़ प्रहार के चलते दोनों पक्षों के करीब दर्जन भर लोग लहूलुहान हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल भिजवाया। देर रात से विदाई होने तक पुलिस मौके पर डटी रही। पुलिस ने मारपीट की धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। हालांकि पीड़ितों ने सोने की चेने आदि छीनने से बड़ा नुकसान होने की बात कही है। कोतवाली क्षेत्र के गांव धर्मपुर कंजा निवासी एक ग्रामीण की बेटी की शादी का हाइवे स्थित बिलहरी गांव के बाहर बालाजी लॉन में मंगलवार रात फरीदपुर क्षेत्र के गांव ढढरुआ से प्रभात की बारात आई थी। द्वारचार की रस्म के बाद जब डीजे के आगे डांस करने को लेकर फरीदपुर व कटरा थाना क्षेत्र के गांव छिकड़ापुर से आए बारातियों के बीच विवाद शुरू हो गया। शादी में आए अन्य लोगों ने मामला संभालने का प्रयास किया। लेकिन लालपरी की झोंक में देखते ही देखते दोनो पक्षों की ओर से टेंट की कुर्सियां एक दूसरे पर फेंकने का दौर शुरू हो गया। लात घूंसे डंडे या जो जिसके हाथ लगा उसी से प्रहार होने लगे। कुछ ही देर में दोनों पक्षों के करीब दर्जन भर बाराती लहूलुहान हो विशुध हो गए। चारों ओर चीख पुकार मच गई। बबाल की सूचना मिलते ही कोतवाल जुगुल किशोर पाल भरी पीस बल के साथ मौके पर पहुंचे और खून से तर बतर दूल्हेदूल्हे के चाचा समेत 11 लोगों को सीएचसी भिजवाया। घायलों में दुर्वेश, जगदीश, जसवीर, अखिलेश, पवन सूरज का उपचार सीएचसी में किया गया। जबकि गंभीर घायल रजनीश, राम सुहानी, निर्मल, विपिन और पुष्पेंद्र को जिला मेडिकल मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। घायल अखिलेश का आरोप है कि हमलावरों ने उसकी सोने की चैन भी तोड़ ली गई। कोतवाल जुगुल किशोर पाल ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है। जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

# रोडवेज बस और कार की टक्कर होने से तीन युवकों की मौत, दो घायल

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



अल्हागंज थाना क्षेत्र में बुधवार सुबह भीषण सड़क हादसा हुआ। बरेली फर्रुखाबाद हाईवे पर सुगसुगी मोड़ से पहले रोडवेज बस और कार की आमने-सामने से जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में कार सवार 30 वर्षीय अरुण, 32 वर्षीय ऋषभ और 30 वर्षीय संजय की मौत हो गई। तीन युवक लखीमपुर खीरी के थाना मोहम्मदी क्षेत्र के मुड़ा खालसा अमीन नगर के निवासी थे। दो लोग घायल हुए हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मौके पर ही तीनों युवकों की मौत पुलिस के अनुसार, बुधवार सुबह करीब सात बजे बरेली डिपो की रोडवेज बस और कार के बीच आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में कार सवार अरुण, ऋषभ और संजय की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं अनिल और गौरव निवासी मूड़ा भाई छतौनिया, थाना हैदराबाद, जिला लखीमपुर खीरी गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया, जहां से हालत गंभीर होने पर उन्हें फर्रुखाबाद रेफर कर दिया गया। मार्ग पर यातायात रहा प्रभावित पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी। बताया गया है कि सुबह के वक्त घना कोहरा था। आशंका है। कोहरे के कारण ही हादसा होने की आशंका जताई गई है। हादसे के बाद कुछ समय तक मार्ग पर यातायात भी प्रभावित रहा। थाना प्रभारी ओम प्रकाश ने बताया कि तहरीर आने पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। एसपी ने बताया हादसे में तीन लोगों की मौत हुई है। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे की जांच की जा रही है।

# टायर फटने से अनियंत्रित कार हाइवे किनारे खाई में पलटी, चालक बाल बाल बचा

**तिलहर - शाहजहांपुर।** बुधवार सुबह टायर फटने से अनियंत्रित होकर एक चौपहिया वाहन हाईवे किनारे खाई में पलट गया। हादसे में कार चालक बाल बाल बच गया। यह घटना नेशनल हाईवे स्थित गुरगिया बहादुरपुर गांव के पास सुबह करीब साढ़े नौ बजे हुई। कार का पिछला टायर अचानक फट गया। जिससे चालक कार पर नियंत्रण खो बैठा। अनियंत्रित कार पहले हाईवे किनारे बनी पुलिया से टकराई। फिर एक जामुन के पेड़ से जा टकराई और सड़क किनारे खाई में जाकर पलट गई। राहगीरों ने आनन फानन में कार चालक को गाड़ी से बमुश्किल बाहर निकाला। जिसकी पहचान अमरोहा के आदमपुर निवासी तसनीम अहमद के रूप में हुई। मौके पर पहुंची पुलिस ने हाईवे की टीम को सूचित किया। नेशनल हाईवे की टीम ने कार को खाई से निकालने का काम शुरू किया।

### सूचना

मेरा हाइस्कूल वर्ष 2014 का अंक पत्र व सह प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है। जसपाल सिंह पुत्र रनजीत सिंह निवासी ग्राम-पड़रिया दलेलपुर, थाना-बंडा, जनपद-शाहजहांपुर।

# गेहूं खरीद तैयारियों की समीक्षा बैठक डीएम की अध्यक्षता में सम्पन्न

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



रवी विपणन वर्ष 2026-27 के अंतर्गत जनपद में गेहूँ खरीद एवं भण्डारण व्यवस्थाओं को सुचारु रूप से संचालित करने के उद्देश्य से आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में अपर जिलाधिकारी/जिला खरीद अधिकारी, जिला खाद्य विपणन अधिकारी, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता, समस्त मंडी सचिव तथा संबंधित सभी क्रय एजेंसियों के जिला प्रबंधक उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त उत्तर प्रदेश राज्य भण्डारण निगम, बरेली के क्षेत्रीय प्रबंधक भी बैठक में शामिल हुए।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सभी क्रय संस्थाओं के जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनपद में स्वीकृत 158 गेहूँ क्रय केन्द्रों को शीघ्र सक्रिय किया जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि संबंधित संस्थाएं अपने क्षेत्रीय मंडी सचिवों से समन्वय स्थापित करते हुए सभी क्रय केन्द्रों पर आवश्यक उपकरण, अभिलेख एवं किसानों की सुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करें, ताकि सभी केन्द्रों को 17 मार्च 2026 से पूर्व पूर्ण रूप से क्रियाशील किया जा सके। खाद्य विभाग के ई-उपार्जन पोर्टल द्धह्लह्लश्चह्य॰//द्धष्ह्य.ह्रश्च.द्द१1.द्धठ्ठ/ पर गेहूँ विक्रय के लिए किसानों का पंजीकरण कार्य प्रारम्भ हो चुका है। किसानों से अपील की गई कि वे अपनी उपज का लाभकारी मूल्य प्राप्त करने के लिए शीघ्र अपने मोबाइल फोन अथवा जनसुविधा केन्द्र के माध्यम से पंजीकरण कराएं, जिससे समय से सत्यापन होने के बाद उन्हें अपनी उपज के विक्रय में किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े। फसल की कटाई के पश्चात किसान अपनी सुविधा के अनुसार पंजीकरण प्रपत्रों सहित निकटतम गेहूँ क्रय केन्द्र से संपर्क कर टोकन प्राप्त करें तथा निर्धारित तिथि पर ही अपना गुणवत्तापरक गेहूँ विक्रय हेतु लेकर आएं।

सभी क्रय संस्थाओं को यह भी निर्देशित किया गया कि उनके केन्द्र प्रभारी 17 मार्च से प्रतिदिन प्रातः 9ः00 बजे से सायं 6ः00 बजे तक क्रय केन्द्रों पर उपस्थित रहकर गेहूँ खरीद का कार्य सुनिश्चित करेंगे। साथ ही यह भी कहा गया कि केन्द्रों पर आने वाले किसानों के साथ सौम्य एवं सहयोगपूर्ण व्यवहार किया जाए तथा उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाए। गेहूँ खरीद से संबंधित शिकायतों एवं सुझावों के लिए नियंत्रण कक्ष/हेल्प डेस्क नंबर 05842-221986 तथा व्हाट्सएप नंबर 95190-63411 जारी किए गए हैं, जिन पर किसान संपर्क कर सकते हैं। शासन द्वारा निर्धारित गुणवत्ता मानकों के अनुरूप गेहूँ न होने की स्थिति में उसकी नीलामी प्रतिदिन मंडी में व्यापारियों और केन्द्र प्रभारियों की उपस्थिति में दो बार बोली लगवाकर कराई जाएगी, ताकि किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य प्राप्त हो सके। जनपद के किसानों से यह भी अपील की गई कि वे शासन द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार गेहूँ को अच्छी तरह सुखाकर और साफ करके ही क्रय केन्द्रों पर लाएं, जिससे सरकारी गेहूँ खरीद केन्द्रों पर विक्रय के दौरान किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो।


## उत्तर रेलवे

### ई-ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन आमंत्रित किया जाता है।

| | |
|---|---|
| Admin Unit/Zone | Lucknow-NR-Division-Commercial/Northern Railway |
| Auction catalogue No./ Lot no. | Ctg-lko-bsb-4-2 |
| Description of Work | Allotment of catering Stall at various stations of Lucknow Division, Northern Railway for the period of 05 years. |
| Catalogue Published on | 09.03.2026 |
| Auction Start (All Lots) | 25.03.2026 at 11:00 hrs. |
| Auction close Date/Time | 25.03.2026 at 12:00 hrs. |
| Website particulars where complete details of auction can be seen by registered bidders | E-Auction Module of **www.ireps.gov.in** |

Details of catering stalls to be auctioned are as under: -

| S N | Station | Lot No | Stall ID | Close Date/ Time | Quota | Sub Quota |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Lucknow | Catg-LKO-LKO-SMU-199-26-1 | LKO/PF-6&7/27 | 25.03.2026 at 11:30 hrs. | SMU | SC |
| 2 | Lucknow | Catg-LKO-LKO-SMU-201-26-1 | LKO/PF-2&3/6 | 25.03.2026 at 11:40 hrs. | SMU | FF/WW/ WRW/LD |
| 3 | Varanasi | Catg-LKO-BSB-SMU-109-25-1 | BSB/PF-10&11/214 | 25.03.2026 at 11:50 hrs. | SMU | SC (Women) |
| 4 | Lucknow | Catg-LKO-LKO-SMU-200-26-1 | LKO/PF-6&7/26 | 25.03.2026 at 12:00 hrs. | SMU | FF/WW/ WRW/LD |

No. C-285-E-Tender/SMU/D.E.F/2022/JSM Date:- 11.03.2026 — 814/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## दिल्ली की राजनीति में आए तूफान का मतलब

शराब घोटाले की आंच से झुलसी आम आदमी पार्टी (आआपा) को निचली अदालत से मिली राहत स्थाई नहीं दिख रही है। सीबीआई की याचिका पर हाईकोर्ट ने पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया समेत सभी लोगों को जवाब देने के लिए नोटिस दिया है। दस साल से ज्यादा दिल्ली की सत्ता में रही आआपा पिछले साल हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा से पराजित होकर सत्ता से बाहर हो गई। एक तो चुनाव में आआपा पराजित हुई, दूसरा चुनाव का सबसे बड़ा मुद्दा बना-शराब घोटाला। अपने को कट्टर ईमानदार होने का दावा करने वाली आआपा और उसके सर्वेसर्वा अरविंद केजरीवाल भ्रष्टाचार के आरोप में पराजित हुए। इसके चलते दिल्ली में मुख्य विपक्षी पार्टी होने के बावजूद आआपा हाशिए पर जाती दिखती थी। पंजाब में सरकार होने के बावजूद आआपा नेताओं में पहले वाले तेवर नहीं दिख रहे थे। लेकिन 27 फरवरी को दिल्ली की राउज एवेन्यू विशेष न्यायालय के न्यायाधीश जितेन्द्र सिंह की अदालत ने साफ कहा किया शराब घोटाले के आरोपों को साबित करने के लिए ठोस साक्ष्य नहीं दिए गए हैं। अदालत ने सभी आरोपियों को न केवल आरोप मुक्त किया बल्कि सीबीआई के जांच अधिकारी के खिलाफ जांच के आदेश दिया।इसे आधार बनाकर केजरीवाल और आआपा ने दिल्ली में हंगामा खड़ा कर हारी हुई बाजी पलटने की कोशिश की। वे सालों बाद वापस जंतर-मंतर गए जहां से उनकी राजनीति शुरू हुई थी। जिन दावों के बल पर आआपा दिल्ली जीती और देशभर में राजनीति कर अखिल भारतीय पार्टी बनी, उसी बुनियाद पर नया महल बनाने की प्रयास करने लगी। आआपा की राजनीति की यूएसपी (मूल तत्व) ही अपने को कट्टर ईमानदार साबित करने और सरकारी धन से मुफ्त की रेवड़ियां बांटना था। वैसे तो 49 दिन की पहली अल्पमत सरकार के जाने के बाद 2015 में प्रचंड बहुमत की सरकार बनते ही आआपा नेताओं का चाल, चरित्र और चेहरा सामने आने लगा लेकिन प्रचंड बहुमत की दूसरी सरकार में खुलकर भ्रष्टाचार दिखने लगा। शराब घोटाले ने उसे उजागर कर दिया। किसी भी राज्य सरकार का अधिकार है कि वह आबकारी (शराब) नीति बनाए लेकिन खुद बना कर और हड़बड़ी में वापस लेकर इस सरकार ने भ्रष्टाचार के सबूत दे दिए। 17 नवंबर, 2021 को नई शराब नीति लागू की गई। इसके तहत 32 जोन बनाए गए। हर जोन में अधिकतम 27 दुकानें खुलनी थी। पहले 60 फीसदी दुकान सरकारी और 40 फीसदी निजी होती थी। इस बार 3500 करोड़ लाभ होने के नाम पर सभी दुकानें निजी कारोबारी को दी गई। जनता और सरकार दोनों को नुकसान होने के आरोप लगने पर आनन-फानन में 30 जुलाई, 2022 को नई आबकारी नीति को वापस लेकर पुरानी को बहाल कर दी गई। आरोप है कि इससे निजी कारोबारियों को करोड़ों का फायदा हुआ और सरकार के राजस्व का सीएजी के मुताबिक करीब दो हजार (2002.68) करोड़ रुपए का नुकसान हुआ। इसमें सौ करोड़ रुपए की रिश्वत का आरोप है। शराब नीति में भ्रष्टाचार होने की शिकायत मिलने पर 8 जुलाई, 2022 को मुख्य सचिव ने उप राज्यपाल विनय कुमार सक्सेना को अपनी रिपोर्ट दी। 22 जुलाई, 2022 को नियमों के उल्लंघन पर सीबीआई जांच की सिफारिश की।

# महाविनाशक अर्थव्यवस्था का दौर

अति महात्वकांक्षा एवं सुपर पावर शाक्ति प्राप्त करने के लिए अमरीका ऐसा पहली बार नही कर रहा बल्कि सौ साल पहले भी अमरीका ने हजारों कराड़ों रूपये की होली खेली है। यह युद्ध केवल ईरान-इजरायल युद्ध में अमेरिका के लिए घातक नही है बल्कि इसका प्रभाव अब वैश्विक स्तर पर दिखाई देने लगा है। लाखों जीवन तबाह होने के साथ जिस तरह से आर्थिक रूप से यह युद्ध तबाही की ओर बढ़ रहा है इसके परिणाम विश्व के अन्य देशों के साथ स्वंय अमरीका और इजराइल को भी भोगनें होगें। युद्ध के दो सप्ताह के अन्दर ही महंगाई की शुरूआत होना इस बॉत का संकेत है कि जितने अधिक दिनों तक यह युद्ध चलेगा इसका असर ईरान-इजरायल युद्ध में अमेरिका के साथ दुनिया भर में बढ़ता जाएगा। हम केवल आर्थिक दृष्टि से नजर डाले तो ईरान के साथ जारी सैन्य संघर्ष में अमेरिका हर दिन करीब 891 मिलियन से 1.43 बिलियन डॉलर तक खर्च कर रहा है। यानी भारतीय मुद्रा में यह रोजाना लगभग 7,000 करोड़ से 12,000 करोड़ रुपये के बराबर है। विशेषज्ञों का मानना है कि अगर यह संघर्ष लंबा चला तो इसकी लागत सैकड़ों अरब डॉलर तक पहुंच सकती है। इसका सबसे बड़ा खतरा तेल आपूर्ति और वैश्विक अर्थव्यवस्था जुड चुका है। अमेरिका और इजरायल ने 28 फरवरी को ईरान पर हमला किया था। इसके बाद से ईरान ने जवाबी हमले शुरू किए थे। इस तरह से मंगलवार इस युद्ध का 11 वां दिन था। अब ईरान उन देशों को भी निशाना बना रहा है, जिनमें अमेरिकी सेना के अड्डे हैं। इस वजह से यह युद्ध कई देशों में फैल गया है। इस युद्ध की वजह से तेल-गैस के बाजार में हाहाकार मचा हुआ है। इस युद्ध में ईरान, इजरायल और अमेरिका के अलावा साइप्रस, लेबनान, ईराक, कुवैत, जॉर्डन, बहरीन, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमिरात, सीरिया, कतर, ओमान भी शामिल हैं। यानि अप्रत्यक्ष रूप से इसका असर विश्व के अंतिम छोर तक के देशों में दिखाई पड़ेगा। यानि कोविड-19 कोरोनावायरस महामारी ने वैश्विक अर्थव्यवस्था पर गंभीर नकारात्मक प्रभाव डाला। 2020 के दौरान, विश्व का कुल सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 3.4 प्रतिशत गिरा था। अब इस युद्ध ने विश्व को महाविनाशक अर्थव्यवस्था की ओर धकेल दिया है। ईरान-इजरायल युद्ध में अमेरिका की भूमिका व्यापक है। अमेरिका ने ना सिर्फ इजरायल के साथ इस जंग में हिस्सा लिया है बल्कि उसकी सहायता ने जमीन पर समीकरण बदले हैं। अमेरिका ने ही इस युद्ध की दिशा को बदल दिया है। अमेरिका दुनिया की सबसे बड़ी सुपरपावर है, उसके पास संसाधनों की कोई कमी नहीं। यही वजह है कि पिछले कई दशकों में जब दुनिया ने भीषण युद्ध देखे, अमेरिका ने उनमें अपनी अहम भूमिका अदा करते हुए अरबों-खरबों



डॉलर खर्च किए। पहले विश्व युद्ध में अमेरिका का खुल खर्च 32 अरब डॉलर रहा था। अमेरिका ने द्वितीय विश्व युद्ध में लगभग 4.1 ट्रिलियन डॉलर खर्च किए थे। इजरायल और अमेरिका ने ईरान पर जो हमला किया है, उसकी आर्थिक कीमत बहुत बड़ी मानी जा रही है। उधर अमरीका में ही यह चर्चा शुरू हो चुकी है कि अमेरिकी सेना कुशल है, लेकिन युद्ध का अंतिम लक्ष्य अस्पष्ट है। यह सैनिकों के लिए खतरा है और प्रशासन की रणनीति लगातार बदल रही है। ट्रंप की सैन्य नीतियाँ तो और भी शानदार हैं। अमेरिकी सेना को फिर से महान बनाने के लिए अरबों डॉलर खर्च किए। ड्रोन हमले बढ़ाए। सीरिया में बम गिराए। वेनेजुएला के राष्ट्रपति का रातोंरात अपहरण कर लिया। युद्धजीवी पाकिस्तान को गोदी में बिठा लिया। ईरान को तबाह कर दिया। क्या यह शांति है ? इस युद्ध ने वेस्ट और मिडिल ईस्ट के देशों के लिए नई जियोपॉलिटिक्स की परिभाषा लिख दी है। वो ट्रंप के साथ भी नहीं रह सकते और उनके बिना भी नहीं रह सकते। युद्ध का अंत अमेरिकी सहयोगियों के लिए भी एक बारूदी सुरंग जैसा होगा। वहीं, खाड़ी में अमेरिका के प्रति लोगों का नजरिया बदलेगा, लेकिन ईरान के व्यवहार पर भी इसका असर पड़ेगा। ईरान युद्ध के नतीजे गंभीर और लगातार बढ़ते जा रहे हैं। वे दुनिया को बदलने की ओर इशारा कर रहे हैं। ट्रंप का खास तरीका है कि वे पहले से बने-बनाए ढांचों को तोड़ देते हैं, यह देखने से पहले कि टुकड़े कहां गिरेंगे और जीत का ऐलान करने का कोई तरीका ढूंढते हैं। मिडिल ईस्ट में यह तरीका लागू होने पर यह रणनीति बहुत ज्यादा रिस्की हो सकता है और साथियों के लिए इस युद्ध के अंजाम का अंदाजा लगाना नामुमकिन है।पश्चिम एशिया बारूद के ढेर पर है। इजराइल द्वारा ईरान के सैन्य और परमाणु प्रतिष्ठानों पर व्यापक बमबारी के जवाब में ईरान की बहुस्तरीय प्रतिघात रणनीति ने संघर्ष को सीमित झड़प से क्षेत्रीय युद्ध की दिशा में धकेल दिया है। अब यह टकराव केवल दो देशों के बीच नहीं, बल्कि व्यापक त्रासदी का कारण बनता लग रहा है। दोनों पक्ष अपने-अपने नैरेटिव में आत्मरक्षा और निवारण का हवाला दे रहे हैं, किंतु परिणामस्वरूप युद्ध की परिधि बढ़ती जा रही है। बाजारों की घबराहट, तेल की कीमतें, शरणार्थी संकट और साइबर हमलों का जोखिम-सब मिलकर इसे वैश्विक चिंता का सबब बना रहे हैं।

## राष्ट्रपति पर राजनीति, थोथा चना, बाजे घना

थोथा चना, बाजे घना? दो संवैधानिक पदधारकों राष्ट्रपति और मुख्यमंत्री के बीच परिहार्य वाक्युद्ध? जी हां। क्या इस पर सार्वजनिक रूप से तू-तू, मैं-मैं होनी चाहिए? बिल्कुल नहीं। इसकी शुरूआत राष्ट्रपति मुर्मू के सिलीगुड़ी में 7 मार्च को 9वें अंतर्राष्ट्रीय संथाल सम्मेलन में भाग लेने से हुई, जहां पर पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा प्रोटोकॉल का उल्लंघन किया गया। इस सम्मेलन में आदिवासियों की कम उपस्थिति पर खिन्नता प्रकट करते हुए राष्ट्रपति ने प्रश्न उठाया कि सम्मेलन स्थल विधान नगर से गोसियापुर क्यों स्थानांतरित किया गया। उन्होंने कहा कि ममता मेरी छोटी बहन जैसी है। मैं भी बंगाल की बेटी हूं। मैं नहीं जानती कि क्या वे परेशान हैं। शायद राज्य सरकार आदिवासियों का कल्याण करना नहीं चाहती, इसलिए उन्हें यहां आने से रोका गया है। उनके इस बयान के बाद खूब शोर-शराबा हुआ। केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने ब्ल्यू बुक, जिसमें राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और उनके पारिवारिक सदस्यों के लिए सुरक्षा और प्रोटोकॉल की रूपरेखा निर्धारित की गई है, पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा राष्ट्रपति की यात्रा के दौरान उसके उल्लंघन की जांच शुरू की, जिसमें सम्मेलन में मुख्यमंत्री, राज्य के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक द्वारा राष्ट्रपति के आगमन पर उनके स्वागत में उपस्थित न होना भी शामिल है। राज्य सरकार ने यह कहते हुए किसी भी प्रोटोकॉल के उल्लंघन का खंडन किया कि राष्ट्रपति की अगुवाई सिलीगुड़ी के मेयर, पुलिस आयुक्त और जिला मैजिस्ट्रेट द्वारा की गई। इसकी बजाय ममता बनर्जी ने इस चयनात्मक विरोध पर प्रश्न उठाया और कहा कि आप तब विरोध प्रदर्शन क्यों नहीं करते, जब आदिवासियों के विरुद्ध अत्याचार होते हैं। चुनाव के समय पर भाजपा की सलाह के अनुसार राजनीति मत कीजिए, जो चुनाव के निकट आते ही बंगाल को निशाना बना रही है। ममता ने कहा कि मैं इस कार्यक्रम में भाग नहीं ले सकी क्योंकि मैं एस.आर.आई. के मुद्दे पर लोगों के लिए धरने पर बैठी हूं। मेरी प्राथमिकता क्या होनी चाहिए? राष्ट्रपति के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए उन्होंने सुझाव दिया कि मुर्मू की टिप्पणियां भाजपा द्वारा प्रभावित हैं और उन्हें यहां राजनीति करने के लिए भेजा गया है। उन्होंने यह भी कहा कि राष्ट्रपति से इस सम्मेलन में भाग लेने की अपेक्षा नहीं की जाती थी क्योंकि यह राज्य सरकार द्वारा प्रायोजित नहीं, एक निजी कार्यक्रम था और राज्य प्रशासन ने आगाह कर दिया था कि वह ऐसे सम्मेलन का आयोजन करने के लिए तैयार नहीं है, जिसमें राष्ट्रपति भी आ रही हैं। यह मामला यहीं समाप्त नहीं हुआ। ममता ने आरोप लगाया कि भाजपा राष्ट्रपति का सम्मान नहीं करती। एक सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान एक फोटोग्राफ दिखाते हुए उन्होंने बताया कि इस तस्वीर में मोदी बैठे हुए हैं और राष्ट्रपति खड़ी हैं। यह सरासर राष्ट्रपति का अपमान है। प्रधानमंत्री ने इस घटना पर टिप्पणी की कि यह शर्मनाक और अभूतपूर्व है और तृणमूल सरकार पर राष्ट्रपति का अपमान करने का आरोप लगाया। किंतु मुख्य तथ्य यह है कि राष्ट्रपति अपने समुदाय के सम्मान में आयोजित सम्मेलन में गई और वहां उन्हें लगा कि उनका स्वागत नहीं किया जा रहा। राजनीतिक संदर्भ जो भी हो, यह ऐसा आरोप नहीं है जिसे कोई भी राज्य सरकार आसानी से नजरंदाज कर सके। चाहे कोई कार्यक्रम सार्वजनिक हो या निजी, राज्य सरकार संवैधानिक दृष्टि से राष्ट्रपति को पूर्ण वी.वी.आई.पी. सुरक्षा और व्यवस्था करने के लिए बाध्यकारी है। तथापि यह घटना अन्य सामान्य राजनीतिक टकराव से अलग है।

विचार

# जहां से सिंथेटिक ड्रग्स की शुरुआत, वहीं से मुकाबला

सिंथेटिक ड्रग्स की शुरुआत सड़कों पर नहीं होती। उनकी शुरुआत उससे कहीं पहले, कारखानों, गोदामों और उन शिपिंग कंटेनरों में होती है जो हर दिन रसायनों को सीमाओं के पार ले जाते हैं। इनमें से कई रसायन कानूनी हैं और फार्मास्यूटिकल तथा अन्य उद्योगों में व्यापक रूप से उपयोग किए जाते हैं। लेकिन जब तस्कर इन्हें दूसरे रास्ते ले जाते हैं, तो यही पदार्थ उन सिंथेटिक ड्रग्स के निर्माण की नींव बन जाते हैं जो समुदायों और सार्वजनिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुँचाते हैं। ड्रग एन्फोर्समेंट एडमिनिस्ट्रेशन (डीईए) में सहायक विशेष एजेंट-इन-चार्ज केटी डोराइस बताती हैं कि प्रीकर्सर रसायनों को नियंत्रित करना अमेरिकी सरकार की प्राथमिकता क्यों है। डीईए, एक फेडेरल कानून प्रवर्तन एजेंसी है जो तस्करों को इन रसायनों को हानिकारक नशीले पदार्थों में बदलने से रोकने के लिए काम करती है। प्रीकर्सर क्या होते हैं? डोराइस कहती हैं, 'प्रीकर्सर रसायन वे आवश्यक घटक होते हैं जिनका उपयोग मेथामफेटामीन और फेनेटाइल जैसे नियंत्रित पदार्थों का अवैध रूप से निर्माण करने में किया जाता है।' वे यह भी जोड़ती हैं कि इनमें से कई रसायनों के वैध उपयोग भी होते हैं। समस्या का पैमाना अत्यंत विशाल है। वह कहती हैं, '2024 में, डीईए ने फेनेटाइल -मिश्रित 6 करोड़ से अधिक नकली गोलियाँ और लगभग 8,000 पाउंड फेनेटाइल पाउडर जब्त किया। ये जब्तियाँ फेनेटाइल की 38 करोड़ से अधिक घातक खुराकों के बराबर हैं।' ये आँकड़े दर्शाते हैं कि अमेरिकी सरकार प्रीकर्सर नियंत्रण को केवल नियामक मुद्दा नहीं बल्कि सार्वजनिक सुरक्षा का प्रश्न क्यों मानती है। 2025 के अंत में, डीईए ने फेंटानिल फ्री अमेरिका नामक एक अभियान शुरू किया, जिसका उद्देश्य फेनेटाइल की



आपूर्ति और मांग दोनों को कम करना है। डोराइस कहती हैं, 'डीईए अमेरिकी जीवन और समुदायों को फेनेटाइल के विनाशकारी प्रभावों से बचाने के लिए प्रतिबद्ध है। फेंटानिल फ्री अमेरिका का अर्थ रोकथाम, शिक्षा और साझेदारी है। शृंखला को तोड़ना इन रसायनों के वैध उपयोग भी होते हैं, तस्कर अक्सर सबकी नजरों के सामने छिपे रहते हैं। डोराइस एक सामान्य तरीके की ओर इशारा करती हैं जिसे ट्रांसशिपमेंट कहा जाता है। वह कहती हैं, 'इस प्रणाली में आयात/निर्यात से जुड़े ऐसे छिद्र हैं जिनसे निपटना कठिन है।' आपराधिक समूह कमज़ोर निगरानी वाले बंदरगाहों के माध्यम से रसायनों को स्थानांतरित करते हैं और फिर उन्हें आगे भेज देते हैं। वह जोड़ती हैं, 'यह प्रक्रिया प्रारंभिक निर्यातक देश के लिए कागजी रिकॉर्ड को साफ-सुथरा दिखाती है।' डीईए के लिए इस चरण पर दुरुपयोग को रोकना अत्यंत महत्वपूर्ण है। डोराइस कहती हैं, 'डीईए प्रीकर्सर रसायनों के नियंत्रण को प्राथमिकता देता है, जिससे ड्रग तस्करों के लिए नशीले पदार्थ बनाने हेतु कच्चा माल प्राप्त करना कठिन हो जाता है। एक और सामान्य तरीका, गलत घोषणा (मिस-डिक्लेरेशन), किसी शिपमेंट की वास्तविक प्रकृति या गंतव्य को छिपाने से जुड़ा होता है। वह समझाती हैं, 'प्रीकर्सर रसायन ऑनलाइन खरीदे जाते हैं और आयात/निर्यात के दौरान उनकी गलत घोषणा की जाती है।' इस जोखिम से निपटने के लिए डीईए कंपनियों के साथ नो योर कस्टमर (केवाईसी) प्रथाओं पर काम करता है। डोराइस बताती हैं, 'केवाईसी का सिद्धांत यह है कि कोई रासायनिक या फार्मास्यूटिकल कंपनी ऐसी नीतियाँ लागू करे जिससे ज्ञात प्रीकर्सरों की बिक्री केवल उन ग्राहकों तक सीमित रहे जिन्हें वास्तविक माना जाता है। उभरते जोखिमों की पहचान में वैज्ञानिक विश्लेषण भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। डोराइस बताती हैं, 'अमेरिका में डीईए की प्रयोगशाला प्रणाली सिंथेटिक ड्रग्स के खिलाफ लड़ाई में अग्रणी है।' 'यह जब्त किए गए रसायनों- जैसे पाउडर, तरल और गोलियाँ- का विश्लेषण करती है। वर्षों में, डीईए ने प्रीकर्सर सिग्नेचर, संश्लेषण मार्गों, अशुद्धता प्रोफाइल और उभरते एनालॉग्स का एक विशाल डेटाबेस तैयार किया है।' तस्करों द्वारा रणनीतियाँ बदलने के साथ सरकारों को भी अनुकूलन करना पड़ता है। वह कहती हैं, 'एआई और डेटा एनालिटिक्स दूसरे रास्ते भेजे गए हुए प्रीकर्सर रसायनों का पता लगाने में शक्तिशाली उपकरण हैं।' डेटा एनालिटिक्स किसी भी एजेंसी को रसायनों की खरीद की मात्रा, शिपिंग जानकारी, आयात और निर्यात डेटा जैसी विसंगतियों की पहचान करने में सक्षम बनाता है। ये उपकरण जांचकर्ताओं को उच्च-जोखिम वाले शिपमेंट पर रियल-टाइम अलर्ट लगाने या किसी कंपनी द्वारा असामान्य गंतव्य पर बड़ी मात्रा में प्रीकर्सर रसायन बेचने की पहचान करने में मदद कर सकते हैं। डीईए भारत के साथ सहयोग के महत्व पर जोर देता है। डोराइस कहती हैं, 'भारत वैध प्रीकर्सर रसायनों के दुनिया के सबसे बड़े उत्पादकों में से एक है, इसलिए साझेदारी आवश्यक है।' बताती हैं कि डीईए भारत की सेंट्रल रेवेन्यूज़ कंट्रोल लेबोरेटरी (सीआरसीएल) के साथ प्रीकर्सर रसायनों और सिंथेटिक ओपिओइड्स की पहचान पर काम कर रहा है। डीईए का नई दिल्ली कार्यालय भारत के नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो, डायरेक्टरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस और सेंट्रल ब्यूरो ऑफ नारकोटिक्स के साथ भी जानकारी साझा करने और संयुक्त जांचों के समर्थन के लिए निकटता से काम करता है। अगस्त 2025 में डीईए ने वर्जीनिया के स्टर्लिंग स्थित स्पेशल टेस्टिंग एंड रिसर्च लेबोरेटरी से दो रसायनज्ञों को भारत में समकक्षों के साथ रासायनिक विश्लेषण और सर्वोत्तम प्रथाओं पर चर्चा करने के लिए भेजा। डीईए 2026 में सीआरसीएल के साथ अतिरिक्त कार्यक्रमों की उम्मीद करता है ताकि बदलते ड्रग रुझानों की निगरानी और सूचना साझा करना जारी रखा जा सके। यह गठबंधन जिसे अमेरिकी सरकार के कार्यक्रमों और कूटनीतिक सहभागिता का समर्थन हासिल है, वैध व्यापार का साथ देते हुए निगरानी को मज़बूत करता है। रोकथाम, निगरानी और साझेदारियों पर ध्यान केंद्रित करके, डीईए का लक्ष्य खतरनाक ड्रग्स को अमेरिकी समुदायों तक पहुँचने से पहले ही रोकना है।

साहित्य



## वैश्विक संघर्ष के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था: ये संकट नहीं, सावधानी और अवसर का समय

डॉ. मयंक चतुर्वेदी

पश्चिम एशिया के खाड़ी क्षेत्र में बढ़ता सैन्य तनाव इस समय विश्व राजनीति और वैश्विक अर्थव्यवस्था का सबसे बड़ा विषय बन गया है। इजरायल, ईरान और अमेरिका से जुड़े सैन्य ठिकानों के इर्द-गिर्द बनती युद्ध जैसी स्थिति ने विश्व के वित्तीय बाजारों, ऊर्जा आपूर्ति और व्यापारिक गतिविधियों को अस्थिर कर दिया है। हर बार देखने में यही आया है कि जब भी खाड़ी क्षेत्र में संघर्ष बढ़ता है, उसका सीधा प्रभाव वैश्विक तेल बाजार, महंगाई और आर्थिक विकास पर पड़ता है। स्वाभाविक रूप से भारत जैसे बड़े आयातक देश को लेकर भी कई तरह की आशंकाएं व्यक्त की जा रही हैं, किन्तु इन आशंकाओं के बीच एक सशक्त और आश्वस्त करने वाली सच्चाई भी सामने आ रही है कि भारत की अर्थव्यवस्था पहले की तुलना में कहीं अधिक मजबूत, संतुलित और तैयार स्थिति में है।



## राशिफल

**मेषः**- मधुरवाणी से संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। जीविका क्षेत्र में लाभ के अच्छे अवसर प्राप्त होंगे।

**वृषभः**-मन प्रसन्न व उत्साहित रहेगा। प्रियजनों का सानिध्य प्राप्त होगा। महत्वपूर्ण कार्य सार्थक होने का योग है। नौकरी का वातावरण सुखद होगा।

**मिथुनः**- आर्थिक क्षेत्र में आप कुछ नई योजनाओं को सार्थक करेंगे। कोई व्यक्तिगत संबंध परिवार में विवाद का कारण बन सकता है। प्रणय संबंधों को लेकर मन में चिंता होगी।

**कर्कः**-पूर्वाग्रहवश मन में किसी प्रकार की शंका न पालें। गलतियों को स्वीकारते हुए सगे-संबंधों में क्षमायाचक बने और शांत भाव से अच्छे कायरे द्वारा उसकी प्राश्चित भी करें।

**सिंहः**-पुरानी गलतियों से सीख लेते हुए वर्तमान को सुधारें। परिवार को सुव्यवस्थित चलाने में आपका विशेष योगदान होगा। किसी संबंध को लेकर पूरे परिवार के विरोध का सामना करना पड़ेगा।

**कन्याः**-मन ढ़ेर सारे पूर्वाग्रहों से प्रभावित होगा। पुरानी बातों कों भूलकर वर्तमान के साथ समझौता करें। मन पर नियंतण्ररख कर्त्तव्यनिष्ठ बने। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद संभव।

**तुलाः**- आज सकारात्मक सोच को अपनाते हुए जीवन को सही दिशा की ओर केंद्रित करें। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव।

**वृश्चिकः**- आज परिजनों के सुख-दुख से प्रभावित मन परिवार को एकजुट रखने में केंद्रित होगा।

**धनुः**- निराशावादी विचारों को त्याग आशावादी बनें। नाजुक संबंधों के बीच भावनात्मक कष्टों को भूल वर्तमान को बेहतर बनायें। परिवार में खुशहाल माहौल रहेगा।

**मकरः**-मकरः- मन सुंदर विचारो से सिंचित होगा। धार्मिक व पारंपरिक कायरें की ओर मन केंद्रित होगा। नये कायरें में संलग्नता से लाभ संभव। आलस्य का त्याग करें।

**कुंभः**- अपने सुख-दुख को छोड़ परिजनों के सुख के बारे में सोचें। सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा। नयी आकांक्षाएं मन को उद्वेलित करेंगी। पुराने संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी।

**मीनः**- किसी अचल सम्पत्ति को लेने की योजना बन सकती है। कार्यक्षेत्र के किसी सहकर्मी से मतभेद संभव। धनागम की नयी युक्तियों पर मन केंद्रित होगा। जीवन साथी का भावनात्मक स्नेह प्राप्त होगा।

# न्यायपालिका में भ्रष्टाचार की चर्चा रोकने की हड़बड़ी क्यों?

*योगेन्द्र यादव*

पहली नजर में बात चाय के प्याले में तूफान जैसी थी। लेकिन जरा गहराई से देखें तो एन.सी.ई.आर.टी. की किताब में न्यायपालिका के भ्रष्टाचार के जिक्र पर उठा बवाल हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था की एक गहरी चुनौती की ओर इशारा करता है। सवाल यह नहीं है कि न्यायपालिका को बदनाम करने की साजिश किसने और क्यों की, असली सवाल यह है कि इस साजिश को ढूंढने और इसे रोकने की आड़ में क्या खेल हो गया। एक तीर से कितने निशाने सध गए। किस्सा मामूली सा था। केंद्रीय शिक्षा बोर्ड सी.बी.एस.ई. स्कूलों के लिए पाठ्य पुस्तक लिखने वाली संस्था एन.सी.ई.आर.टी. की 8वीं कक्षा की समाज विज्ञान की पाठ्य पुस्तक के दूसरे हिस्से में देश की राजनीतिक प्रणाली का परिचय देते हुए एक अध्याय न्यायपालिका पर है, जिसमें एक छोटा सा सैक्शन न्यायपालिका से जुड़ी समस्याओं पर है और एक पन्ना 'न्यायपालिका में भ्रष्टाचार' उपशीर्षक से है। सारा बवाल इसी एक पन्ने पर है। मजे की बात यह है कि इस हिस्से में ऐसा कुछ भी नहीं है जो विवादास्पद हो। मैं न इस किताब से जुड़ा हूं, न ही एन.सी.ई.आर.टी. की इन नई किताबों का मुरीद हूं लेकिन कम से कम इस हिस्से में कुछ भी आपत्तिजनक नहीं है-पूरी न्यायपालिका को भ्रष्ट बताने या फिर न्यायपालिका में भ्रष्टाचार के सनसनीखेज किस्से सुनाने जैसी कोई भी बात इस पुस्तक में नहीं है। बड़े ही सरकारी अंदाज में पुस्तक यह कहती है कि सभी लोकतांत्रिक संस्थाओं की तरह न्यायपालिका को भी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। फिर बस इतना कहती है कि 'लोग न्यायपालिका के विभिन्न स्तरों पर भ्रष्टाचार का सामना करते हैं। इसके कारण गरीब और वंचित लोगों के लिए न्याय हासिल करना और भी कठिन हो जाता है। न्यायाधीशों की कमी, जटिल कानूनी प्रक्रिया और कमजोर आधारभूत ढांचे के चलते न्यायिक प्रणाली को मामलों के भारी संख्या में लंबित मामलों के बोझ का भी सामना करना पड़ता है।' इसके बाद यह बताया गया है कि न्यायपालिका ने इन चुनौतियों का सामना करने के लिए क्या कुछ किया है-सुप्रीम कोर्ट द्वारा बनाई गई आचार संहिता, आंतरिक जांच व्यवस्था का जिक्र है। कुल मिलाकर एक साधारण सी किताब का नामुराद औपचारिक सा हिस्सा है जो पढने के बाद आपको याद भी नहीं रहेगा। बहस इस पर हो सकती है कि 8वीं कक्षा के लिए इस तरह की औपचारिक सूचनाओं का क्या महत्व है। यह पूछा जा सकता है कि क्या इस किताब में कार्यपालिका और व्यवस्थापिका के भ्रष्टाचार का जिक्र भी किया गया है या नहीं। लेकिन न्यायपालिका की अवमानना जैसी कोई बात यहां थी ही नहीं। अब देखिए कि इस हिस्से पर क्या बवाल कटा। इस हिस्से को एक अंग्रेजी अखबार ने पहले पन्ने पर छाप दिया। पढ़कर ऐसा लगता था मानो पाठ्य पुस्तक में कुछ बड़ा क्रांतिकारी प्रयोग हो गया हो। बस फिर क्या था, तुरत-फुरत सुप्रीम कोर्ट ने मामले का स्वतरू संज्ञान लिया। उसी सुप्रीम कोर्ट ने, जो हर रोज अखबारों में छपने वाले नफरती बयानों या पाठ्य पुस्तकों के जरिए फैलाए जा रहे झूठ और घृणा के मामलों का स्वतरू संज्ञान कभी नहीं लेता। माननीय मुख्य न्यायाधीश ने इस सच्चाई को सामने लाने के लिए मीडिया का धन्यवाद किया। एन.सी.ई.आर.टी. को कड़ी फटकार लगाते हुए माननीय न्यायाधीश ने इसके पीछे गहरी साजिश का अंदेशा बताया। यही नहीं, कोर्ट की अवमानना के ब्रह्मास्त्र का प्रयोग करने की चेतावनी देते हुए एन.सी.ई.आर.टी. को नोटिस दे दिया। कोर्ट की इस फुर्ती को देखकर न जाने कितने लोगों ने सोचा होगा-काश कोर्ट अपने अलावा दूसरों के मामले में भी इतनी ही कड़ाई और फुर्ती दिखाता। सुप्रीम कोर्ट के कितने ही आदेश फाइलों में पड़े धूल खा रहे हैं। न्यायपालिका के कितने ही आदेशों की हर रोज धज्जियां उड़ती हैं-मसलन बुलडोजर राज को रोकना या मैला उठाने की प्रथा को बंद करने के आदेश। काश सुप्रीम कोर्ट अवमानना के ब्रह्मास्त्र का प्रयोग इन मामलों में भी करता। अगर आप एक दिन किसी कचहरी में जाकर वहां व्याप्त भ्रष्टाचार की चर्चा सुन लें तो आप इस किताब तो भूल जाएंगे। कौन याद दिलाता कि कुछ ही महीने पहले पूरे देश ने दिल्ली हाईकोर्ट के एक जज साहब के कारनामे की खबरें पढ़ी हैं? कि पिछले 10 साल में उच्च न्यायपालिका में भ्रष्टाचार की 8,630 शिकायतें दर्ज हुई हैं? कौन पूछता कि इनमें से कितने मामलों की जांच हुई है? कि कितने न्यायाधीशों ने अपनी ही बनाई आचार संहिता का पालन किया है? एन.सी.ई.आर.टी. ने एकदम हथियार डाल दिए। अपनी ही किताब के हक में एक भी तर्क दिए बिना माफी मांग ली। सरकार ने हाथ खड़े कर दिए, शिक्षा मंत्रालय ने भी हाथ झाड़ लिए। किताब को रद्द ही नहीं किया गया, बल्कि इसकी प्रतियां वापस मंगा ली गईं। मानो दिन रात झूठी खबरों, नफरती भाषणों और पर्चों तथा भड़काऊ फिल्मों से भरे इस देश में 8वीं की यह किताब सबसे खतरनाक साहित्य था। माननीय न्यायाधीशों की नीयत जो भी रही हो लेकिन इस आदेश का एक ही अर्थ निकाला जाएगा-कोई भी न्यायपालिका पर उंगली उठाने की जुर्रत न करे। इससे यह संदेह पैदा होता है कि इतिहास के जिस दौर में न्यायपालिका की स्वतंत्रता और निष्पक्षता पर गहरे सवाल उठ रहे हैं, वहां अपने गिरेबान में झांकने की बजाय न्यायपालिका आलोचना का मुंह बंद कर रही है। जाहिर है इससे सरकार को भी कोई ऐतराज नहीं होगा। जब तक न्यायपालिका सरकार को अपने विरोधियों का मुंह बंद करने से न रोके। सरकार की आलोचना बंद करने पर न्यायपालिका चुप रहे और न्यायपालिका की आलोचना बंद करने पर सरकार चुप रहे-ऐसी कोई भी जुगलबंदी का संदेश लोकतंत्र के लिए घातक होगा।

सवाल 8वीं कक्षा की किताब का नहीं है। सवाल उस किताब का है जिसे हम संविधान कहते हैं।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,7007352978**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### किशोरी लापता, गुमशुदगी दर्ज

**शाहाबाद हरदोई।** मंझिला थाना क्षेत्र के एकगांव से 17 वर्षीय किशोरी लापता हो गई। ढूढने का काफी प्रयास किया गया परंतु कोई पता नहीं चल सका। गुमशुदगी दर्ज कराई गई है। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पिता के अनुसार उसकी 17 वर्षीय पुत्री 8 मार्च को घर से बिना बताए कहीं चली गई है। सभी नाते रिश्तेदारों और उसकी सहेलियों के घर ढूंढने का प्रयास किया गया परंतु कोई पता नहीं चल सका। प्रभारी निरीक्षक मंझिला सत्येंद्र कुमार ने बताया गुमशुदगी दर्ज कर किशोरी की तलाश की जा रही है।

### पत्रकार एसोसिएशन के बैनर तले पिहानी में होली मिलन समारोह



**पिहानी/हरदोई।** हरदोई पत्रकार एसोसिएशन के बैनर तले नगरपालिका परिषद प्रांगण में होली मिलन समारोह आयोजित हुआ। पत्रकारों, जनप्रतिनिधियों और नगर के गणमान्य लोगों ने अबीर-गुलाल लगाकर एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं। कस्बे के साथ-साथ आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से भी लोग शामिल हुए और आपसी भाईचारे का संदेश दिया।समारोह में चेयरमैन प्रतिनिधि सैफ खां, जिलाध्यक्ष सुधांशु मिश्रा, विराट सिंह, जुबैर जफर, शुएब जफर, महेश प्रसाद सेठ, विधायक प्रतिनिधि विपिन मिश्रा, आदर्श सिंह, नगर अध्यक्ष गौरव गुप्ता, इंस्पेक्टर छोटेलाल, सब इंस्पेक्टर मुकुट सिंह, धीरेंद्र अवस्थी, सोनू मिश्रा, आनंद शुक्ला, गोपाल अवस्थी, संजय कुशवाहा, अरुण अग्निहोत्री तथा किसान नेता राहुल मिश्रा सहित कई लोग मौजूद रहे।आयोजन में मयंक गुप्ताऔर अरविंद यादव की प्रमुख भूमिका रही, जबकि रामलखन सविता व नवनीत बाजपेई ने भी सहयोग दिया। समारोह में जुबेर खान, राजा खान, बबलू प्रजापति, नीरज अवस्थी, डॉ. कफिल खान, सुनील प्रजापति, ओम रस्तोगी, उमाकांत अर्कवंशी, पीयूष शुक्ला और अरविंद राठौर सहित पत्रकार मौजूद रहे कार्यक्रम में अतिथियों के लिए भोजन की व्यवस्था भी की गई। इस दौरान दिवंगत पत्रकार प्रियंक दीक्षित तथा नगर के अभय गुप्ता और संदीप प्रजापति को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई।

### दहेज हत्या में सास ससुर सहित तीन गिरफ्तार



**हरदोई।** कोतवाली शहर थाना छेत्र के अंतर्गत अतिरिक्त दहेज़ की मांग को लेकर जहरीला दूध देकर विवाहिता की हत्या के मामले में पुलिस ने वांछित चल रहे सास ससुर सहित तीन लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है पुलिस मुख्य आरोपी को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। प्राप्त विवरण में 14 नवंबर को विवाससागर पुत्र स्व. चन्द्रनलाल निवासी ग्राम पन्योरा बल्लिया थाना बेहटा गोकुल द्वारा कोतवाली शहर पर तहरीर दी गयी कि सोमकार, उसके पिता बृजकिशोर, माँ रामवती उर्फ ऊषा पत्नी बृजकिशोर निवासीगण ग्राम भिठारी थाना को0 शहर सहित 06 अभियुक्तों द्वारा अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर वादी की पुत्री को प्रताडित किया गया तथा दूध में जहर पिला दिया, जिससे वादी की पुत्री की उपचार के लिये जाते समय रास्ते में मृत्यु हो गई। इस संबंध में कोतवाली शहर पर आरोपियों के विरुद्ध नामजद दहेज़ हत्या का अभियोग पंजीकृत किया गया। कोतवाली शहर के एस आई उमेश चंद्र तिवारी और पुलिस बल द्वारा उपरोक्त अभियोग में नामजद वांछित चल रहे सोमकार पुत्र बृजकिशोर, बृजकिशोर पुत्र नेतराम और रामवती उर्फ़ ऊषा को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। एक अभियुक्त पूर्व में गिरफ्तार किया जा चुका है।

### अमरज्योति सेवा संस्थान ने अर्जुनपुर में नवनिर्मित पुल के नामकरण के लिए विधायक को सौंपा पत्र




**हरपालपुर, हरदोई।** अमर ज्योति सेवा संस्थान द्वारा अर्जुनपुर -बड़ागांव के मध्य रामगंगा नदी पर नवनिर्मित पुल का लोकार्पण करने के लिए नामों का सुझाव देते हुए विधायक के माध्यम से मुख्यमंत्री को पत्र भेजा है। अमर ज्योति सेवा संस्थान के तत्वावधान में मुख्यमंत्री को सम्बोधित विधायक माधवेन्द्र प्रताप सिंह रानू को दिए गए पत्र में अर्जुनपुर-बड़ागांव के मध्य रामगंगा नदी पर पक्के पुल का निर्माण कराए जाने के लिए सनजसेवी संस्था व क्षेत्रीय जनता की तरफ से आभार प्रकट करते हुए कहा है कि उक्त पक्के पुल का लोकार्पण निकट भविष्य में किया जाना है।इसलिए समाजसेवी संस्था अमर ज्योति सेवा संस्थान व क्षेत्रीय जनता की मांग है कि उक्त पुल का लोकार्पण विश्व पटल पर सनातन धर्म व संस्कृति को सर्वोच्च रूप से प्रतिष्ठित करने बाले स्वामी विवेकानंद जी के नाम पर फ्रविवेकानंद सेतुफ्रअथवा स्वतंत्रता आंदोलन के महान नायक नेता जी सुभाष चन्द्र बोस के नाम पर फ्रसुभाष सेतुफ्र अथवा राजनीति के अजात शत्रु पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न फ्रअटल विहारी बाजपेयीफ्र के नाम पर फ्रअटल सेतुफ्रके नाम से किये जाने पर आम जनमानस में इसका सकारात्मक व दूर गामी संदेश जाएगा।पत्र भेजने बालो में संस्था के अध्यक्ष स्वामी मुकुंदानंद जी महाराज,महासचिव प्रमोद कुमार तिवारी,राम प्रताप पांडेय, अरविंद मिश्र,मुन्नूलाल पांडेय, स्वदेश तिवारी,अखिलेश दीक्षित,राकेश तिवारी प्रमुख रूप से शामिल रहे।

### डीएम ने गैस रिफलिंग, कालाबाजारी करने वालों पर कार्रवाई के दिये निर्देश

**उरई (जालौन)।** बुधवार को जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने आईओसीएल, बीपीसीएल, एचपीसीएल के एलपीजी एवं रिटेल आउटलेट (पेट्रोल पम्प) के बिक्री अधिकारियों के साथ बैठक आहूत की गयी। समीक्षा बैठक में उपस्थित तेल कम्पनी के बिक्री अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में गैस डीजल, पेट्रोल की कोई कमी नहीं है तथा जनपद जालौन में पर्याप्त स्टॉक सभी वितरक (डीलर) के पास उपलब्ध है। जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि आम जनमानस किसी भी प्रकार की अफ्वाह में न आये। गैस की रिफिलिंग अथवा कालाबाजारी करने वालों के विरूद्ध संज्ञानित होने पर कठोर कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। समस्त होटल संचालक एवं मैरिज होम मालिकों से अपेक्षा है कि वह किसी भी प्रकार का घरेलू गैस सिलेण्डर (14.5 किग्रा) का प्रयोग न करें। बैठक में समस्त गैस एवं रिटेल आउटलेट के ऑयल कम्पनी के विक्रय अधिकारियों को निर्देश दिये गये हैं कि वह नियमित रूप से एलपीजी, डीजल, पेट्रोल की आपूर्ति सुनिश्चित कराते रहें। बैठक में जिला पूर्ति अधिकारी, हाकिम सिंह क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी, गैस कम्पनी के बिक्रय अधिकारी भूपेन्द्र नौटियाल आईओसीएल अमीर अतीक बीपीसीएल, आशुतोष तिवारी तथा रिटेल आउटले के बिक्री अधिकारी शिवम शुक्ला आईओसी, शुभम एचपीसी, महेन्द्र कुमार वैरव बीपीसी तेल कम्पनी के आदि उपस्थित रहे।

### पत्नी के नाराज होकर मायके जाने से क्षुब्द युवक फांसी पर झूला



**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** पत्नी के नाराज होकर मायके जाने से क्षुब्द होकर युवक ने घर के अंदर बिजली की केबिल से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक तीन भाइयों में छोटा था। तीन वर्ष पूर्व इसकी शादी हुई थी। इसके एक डेढ़ वर्ष की दुध मुही बच्ची है। ग्राम पंचायत पत्योरा के मजरा शिवरामपुर डेरा निवासी अमित निषाद 26 वर्ष ने पत्नी के नाराज होकर मायके चले जाने से क्षुब्द होकर दोपहर में सूना घर पाकर बिजली की केबिल से छत के कुंडे में लगे पंखे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की सूचना पत्नी जूली को देकर मायके से बुलाया गया है। मृतक के बड़े भाई अनिल निषाद ने पुलिस को सूचना दी है। घटना की सूचना पाकर पत्योरा पुलिस इंचार्ज निशांत दुबे मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक अपने पीछे पत्नी जूली, डेढ़ वर्ष की पुत्री आरोही को रोता बिलखता छोड़ गया है। मृतक मजदूरी करके परिवार का भरण पोषण करता था।

### कार में टक्कर मारने वाले डीसीएम चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**जालौन (उरई)।** लगभग 15 दिन पूर्व कोंच रोड पर विपरीत दिशा से आ रहे डीसीएम चालक ने बेकाबू होकर कार में टककर मार दी थी। मामले में पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी डीसीएम व उसके चालक के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर ली है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सिकरीराजा निवासी सुनील कुमार ने पुलिस को बताया कि बीती 25 फरवरी को वह अपने साथी सुमित, सौरभ और वीरू के साथ किसी काम के चलते जालौन गए थे। रात्रि लगभग साढ़े 12 बजे वह वापस अपने गांव लौट रहे थे। जब उनकी कार उदोतपुरा और देवरी गांव के बीच पहुंची तभी विपरीत दिशा से आ रहे तेज रफ्तार डीसीएम चालक ने बेकाबू होकर उनकी कार में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार में सवार चारों लोग घायल हो गए और कार का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। टक्कर के बाद डीसीएम चालक वहां से भाग निकला। राहगीरों ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया। जहां से उन्हें उच्च संस्थान रेफर कर दिया गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी डीसीएम व उसके चालक के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने हेतु न्यायिक अधिकारियों की हुई बैठक

**हरदोई, समृद्धि न्यूज।**



जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती रीता कौशिक के कुशल निर्देशन में दिनांक 14 मार्च 2026 को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का निस्तारण कराए जाने हेतु जिला जज/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्षता में समस्त न्यायिक अधिकारियों के साथ बैठक की गई। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण काव्या सिंह ने बताया कि 14 मार्च 2026 को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में समझौते योग्य आपराधिक मामले, मोटर दुर्घटना मामले, वैवाहिक मामले, श्रम विवाद, भूमि अधिग्रहण मामले, विद्युत एवं जल बिल (अशमनीय वादों को छोड़कर) सिविल वाद एवं राजस्व वाद आदि निस्तारण योग्य मामलों का निस्तारण किया जाएगा। जिला जज द्वारा न्यायिक मजिस्ट्रेट को आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का निस्तारण सुलह-समझौता के आधार पर कराएं जाने हेतु दिशा-निर्देश दिए गए तथा राष्ट्रीय लोक अदालत से पूर्व दिनांक 11.03.2026, 12.03.2026 व दिनांक 13.03.2026 को पेटी ऑफेंस( छोटे अपराध) हेतु विशेष लोक अदालत तथा दिनांक 12.03.2026, 13.03.2026 व 14.03.2026 को धारा-138 एनआई एक्ट के वादों हेतु विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है विशेष लोक अदालत की सफलता हेतु न्यायिक मजिस्ट्रेट को नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत अपर जिला जज यशपाल द्वारा आवश्यक निर्देश दिए गए। उक्त बैठक में समस्त न्यायिक अधिकारी उपस्थित रहे।

## बेनीगंज कोतवाली का चार्ज संभालते ही एक्शन में आए मारकण्डेय सिंह

▸ गरीब असहाय और हर पीड़ित को मिलेगा निष्पक्ष न्यायः इंस्पेक्टर



**हरदोई।** बेनीगंज कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक ओमप्रकाश सरोज के निलंबन के बाद रिक्त हुई कोतवाली का चार्ज अब मारकण्डेय सिंह ने संभाल लिया है। चार्ज लेते ही नए कोतवाल मारकण्डेय सिंह एक्शन मोड में नजर आए और क्षेत्र में कानून व्यवस्था को मजबूत करने का संदेश दिया। कोतवाली का कार्यभार संभालने के बाद उन्होंने स्पष्ट कहा कि उनकी प्राथमिकता क्षेत्र के गरीब, असहाय और पीड़ित लोगों को न्याय दिलाना है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि कोतवाली क्षेत्र में किसी भी व्यक्ति के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा और पीड़ितों की हर संभव मदद की जाएगी। मारकण्डेय सिंह ने अपराधियों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि क्षेत्र में अपराध करने वालों के लिए कोई जगह नहीं है। अपराधी चाहे कोई भी हो, वह कानून से बच नहीं पाएगा और उस पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि बेनीगंज कोतवाली क्षेत्र में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखना उनकी सबसे बड़ी जिम्मेदारी है और इसके लिए पुलिस पूरी तरह सतर्क और सक्रिय रहेगी।

## यज्ञशाला के गेट पर लगा पीतल का घंटा हुआ चोरी, पुलिस ने शुरू की चोर की तलाश



**हरदोई।** जिले के सुरसा थाना क्षेत्र के महुरा कला स्थित यज्ञशाला से मंगलवार रात करीब 50 किलो वजनी घंटा चोरी हो जाने का मामला सामने आया है। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों और श्रद्धालुओं में आक्रोश फैल गया और मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों के अनुसार महुरा कला यज्ञशाला के मुख्य गेट पर लोहे के पाइप में काफी समय से एक भारी घंटा बंधा हुआ था, जिसे श्रद्धालु पूजा के दौरान बजाते थे। बुधवार सुबह जब गांव के लोग यज्ञशाला परिसर की साफ-सफाई के लिए पहुंचे तो देखा कि पाइप कटा हुआ पड़ा है और घंटा वहां से गायब है। इससे साफ हुआ कि चोर रात के अंधेरे में घंटा काटकर ले गए। ग्रामीणों के अनुसार यज्ञशाला से कुछ ही दूरी पर पुलिस सहायता केंद्र मौजूद है, जहां पुलिसकर्मी भी तैनात रहते हैं। इसके बावजूद इतनी बड़ी चोरी हो जाना पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर रहा है। घटना की सूचना मिलते ही सुरसा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस ने संदेह के आधार पर दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की हैस्थानीय लोगों ने बताया कि क्षेत्र में धार्मिक स्थलों पर चोरी की घटनाएं पहले भी हो चुकी हैं।

# गैस की कालाबाजारी से बढ़ रही समस्या, प्रशासन का घरेलू गैस उपलब्धता का दावा हवा-हवाई

▸ लाइन में लगे उपभोक्ताओं ने रसूख और ब्लैक में सिलेंडर लेने वालों को गैस सिलेंडर दिए जाने का लगाया आरोप

**शाहाबाद हरदोई, समृद्धि न्यूज।**



ईरान और इजराइल के मध्य युद्ध के लम्बे खिंचने से देश में गैस का संकट छाया हुआ है। जिसे देखते हुए शाहाबाद सहित पूरे जनपद में गैस की किल्लत से उपभोक्ता जूझ रहे हैं। एक ओर जिला प्रशासन घरेलू गैस की कमी को सिरे से नकारते हुए अफवाह फैलाने वालों के विरुद्ध कार्यवाही किये जाने की चेतावनी दे रहा है वहीं दूसरी ओर आठ दस घंटे घरेलू गैस लेने वाले जरुरतमंद गैस न मिलने पर त्राहि त्राहि कर रहे हैं। लाइन में घरेलू गैस के लिए लाइन में जूझ रहे उपभोक्ताओं ने गैस एजेंसी संचालक और कर्मचारियों पर ब्लैक में गैस बेचने का आरोप लगाते हुए आक्रोश व्यक्त किया है। इस समय विवाह का सीजन चल रहा है और रमजान भी चल रहे हैं।जब से गैस का चलन हुआ है धीरे धीरे लकड़ी से जलने वाले चूल्हे बिलकुल खत्म हो गए ऐसे में सभी परिवारों में खाना बनाने का एक मात्र साधन घरेलू गैस ही है। रामजान के महीने में अन्य दिनों की अपेक्षा ज्यादा ईंधन की खपत होती है। फिर ईद जैसा बड़ा त्यौहार भी आने वाला है। लड़ाई लम्बी खिंचने की सम्भावना को देखते हुए उपभोक्ता चिंतित हैं। लेकिन इस मौके का फायदा उठाने वालों ने अपना तिकड़म फिट कर लिया है। वे इस आपदा के अवसर पर विवाह समारोहों में मनमाने दाम पर घरेलू और कामर्षीयल गैस की आपूर्ति कर रहे है। लेकिन आम उपभोक्ता को घरेलू गैस भी दस घंटे लाइन लगाने के बाद भी नहीं मिल पा रही है। जिससे उपभोक्ताओं में आक्रोश है। उन्होंने गैस एजेंसी संचालक और एजेंसी कर्मचारियों पर ब्लैक मार्केटिंग का आरोप लगाया है। मंगलवार को जनपद के जिलाधिकारी अनुनय झा ने जनपद वासियों से अपील कर घरेलू गैस की कमी को नकारते हुए अफवाह फैलाने वाले अराजक तत्वों पर कार्यवाही किये जाने का एलान किया था। जब की बुधवार को शाहाबाद के पाली रोड स्थित इण्डेन गैस एजेंसी के बाहर सुबह पांच बजे से गैस सिलेंडर लेने वाले सैकड़ों उपभोक्ताओं की लाइन ने जिलाधिकारी के घरेलू गैस पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध होने के दावे को निराधार साबित कर दिया।

# डीएम, एसपी ने पुलिस भर्ती परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

▸ निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश
▸ 14-15 मार्च को दो पॉलियों में आयोजित करायी जायेगी परीक्षा

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**



उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा उप निरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती परीक्षा को पूर्ण शुचिता, पारदर्शिता एवं सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने जनपद के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने आचार्य नरेंद्र देव इंटर कॉलेज, सर्वोदय इंटर कॉलेज आदि में बनाए गए परीक्षा केंद्रों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की। जिलाधिकारी ने परीक्षा केंद्रों पर बनाए गए कमांड कंट्रोल रूम का निरीक्षण करते हुए सीसीटीवी कैमरों की स्थिति एवं उनकी कार्यशीलता का अवलोकन किया तथा निर्देश दिए कि प्रत्येक कक्ष एवं परिसर की गतिविधियों की सतत निगरानी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि परीक्षा की निष्पक्षता बनाए रखने के लिए सभी व्यवस्थाएं सुदृढ़ एवं प्रभावी रहनी चाहिए। उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों के लिए पेयजल, स्वच्छ शौचालय, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था तथा साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि परीक्षा केंद्रों पर किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो और परीक्षार्थियों को शांतिपूर्ण वातावरण में परीक्षा देने का अवसर मिले। संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि परीक्षा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रखी जाए तथा केंद्रों के आसपास अनावश्यक भीड़ न लगने दी जाए। उन्होंने यह भी कहा कि बाहर से आने वाले अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो और वे आसानी से अपने परीक्षा केंद्र तक पहुंच सकें, इसके लिए यातायात एवं अन्य व्यवस्थाएं भी सुचारु रखी जाएं। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित यह परीक्षा 14 एवं 15 मार्च 2026 को प्रतिदिन दो पालियों में सम्पन्न कराई जाएगी। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि परीक्षा को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने के लिए पूर्ण जिम्मेदारी एवं सतर्कता के साथ कार्य करें।

## बैंक लोन कराने के नाम पर घूस लेने वाले बसपा के पूर्व जिला अध्यक्ष गिरफ्तार

▸ हाई प्रोफाइल गिरफ्तारी से मची हलचल

**हरदोई।** हरदोई में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी रोजगार योजना के नाम पर रिश्वतखोरी के मामले में सीबीआई ने बसपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेश चौधरी को गिरफ्तार किया है।सुरेश चौधरी कछौना में बैंक ऑफ बड़ौदा के बीसी केंद्र के संचालक हैं।मंगलवार शाम लखनऊ से आई सीबीआई टीम ने उन्हें दबोच लिया।अचानक हुई इस कार्रवाई से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। बघौली थाना क्षेत्र के अछरामऊ निवासी सीमा नाम की युवती ने योजना के तहत पांच लाख रुपये के ऋण के लिए आवेदन किया था। आरोप है कि इस लोन को पास कराने के बदले सुरेश चौधरी ने 50 हजार रुपये की रिश्वत मांगी थी।पीड़िता की शिकायत पर सीबीआई ने जाल बिछाया और कार्रवाई को अंजाम दिया।हिरासत में लिए जाने के दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष मीडिया के कैमरों से अपना चेहरा छिपाते नजर आए। गिरफ्तारी के बाद सीबीआई टीम द्वारा सुरेश चौधरी से कछौना रेलवे स्टेशन के गार्ड रूम में कड़ी पूछताछ की गई।टीम ने उनके पास मौजूद कई महत्वपूर्ण दस्तावेज भी अपने कब्जे में ले लिए हैं।देर रात सीबीआई उन्हें गिरफ्तार कर लखनऊ ले गई।हालांकि,सुरेश चौधरी ने इन आरोपों को निराधार बताते हुए इसे अपने खिलाफ एक बड़ी साजिश करार दिया है। इस हाई-प्रोफाइल गिरफ्तारी के बाद जिले की सियासी हलचल तेज हो गई है।

### तपोभूमि के राधा कृष्ण मंदिर में खेली गई फूलों की होली



**भरुआ सुमेरपुर।** कस्बे की श्री गायत्री तपोभूमि प्रांगण के राधा कृष्ण मंदिर में बुधवार को भक्तों की ओर से फूलों की होली का आयोजन किया गया। यहां होली खेलने के लिए भारी भीड़ उमड़ी हुई थी कस्बे के श्री गायत्री तपोभूमि प्रांगण में स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर में तपोभूमि के भक्तों की ओर से बुधवार को फूलों की होली का आयोजन कराया गया। यहां पर राधा कृष्ण के वेश में कलाकारों ने राधा कृष्ण की होली गीतों पर जमकर नृत्य किया और लोगों पर फूलों की बौछार की। होली का आनंद उठाने के लिए भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी हुई थी।

## रिकबरी करने गये अमीन पर महिला एव पुत्र ने गाली-गलौज कर की अभद्रता

▸ सूचना पर पहुंचे तहसीलदार ने तहरीर दे अभद्रता करने वालो के विरुद्ध पंजीकृत कराया मुकदमा

**पनवाड़ी/महोबा, समृद्धि न्यूज।**

आज प्रातः करीब नो वजे अमीन कमलापत अपने अमले के साथ वसूली अभियान को रफ्तार देते हूए कस्वे के वालिका इन्टर कालेज के समीप स्थित एक मकान मे रहे 62000 हजार का वकायेदार से वसूली माँगी गयी तब महिला एव उसके पुत्र ने अमीन के साथ गाली गलौज कर अभद्रता की। जिसकी सूचना अमीन द्वारा देने पर तहसीलदार प्रमित सचान अपने अमले के साथ थाना पनवाडी पहुँचे और अभद्रता करने वाले माँ एव पुत्र के विरूद्ध तहरीर पुलिस को दी जिस पर थाना प्रभारी निरीक्षक वीरेन्द्र प्रताप सिह ने पुलिस वल भेज पति पत्नी एव पुत्र सहित तीनो को पुलिस हिरासत ले लिया है। इस सम्वन्ध मे तहसीलदार प्रमित सचान से पत्रकारो ने घटना के सम्वन्ध जानकारी मे वताया कि उपरोक्त आरसी वसूली का मामला है उन्होने वताया कि वाद सख्या 204/2022 श्रीमती फूला आदि वनाम हरनारायन उन्होने वताया कि उपरोक्त वसूली के लिए प्रशासन के सख्त आदेश है वसूली न होने पर तहसीलदार का वेतन रोक दिया गया है।पुलिस ने तसीलदार द्वारा दी गयी तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया।

### गैस एजेंसी में सिलेंडर खत्म ग्राहकों में अफरा-तफरी

**भरुआ सुमेरपुर।** बुधवार को कस्बे की एक मात्र गैस एजेंसी में गैस नहीं आने से कस्बे में हड़कंप मच गया। लोग दिनभर गैस एजेंसी के चक्कर काटने को मजबूर रहे। मंगलवार को वितरण के बाद बचे आधा सैकड़ा गैस सिलेंडर ही बुधवार को सुबह बट सके। इसके बाद गैस नहीं होने की बात कहकर ग्राहकों को लौटा दिया गया। कस्बे की एक मात्र गैस एजेंसी में गत शनिवार के बाद मंगलवार को एक ट्रक में 400 सिलेंडर प्राप्त हुए थे जिनका वितरण मंगलवार को किया गया था। करीब 50 सिलेंडर ही भर सके थे। जिनको बुधवार को बांटा गया था। इसके बाद सिलेंडर खत्म होने की बात कह दी गई। इससे ग्राहक दिन भर परेशान रहे गैस एजेंसी संचालक मनोज कुमार पालीवाल ने बताया कि बुधवार को उन्नाव डिपो से गाड़ी नहीं प्राप्त हुई है गुरुवार को आने की उम्मीद है गाड़ी आने पर ही ग्राहक सिलेंडर प्राप्त होंगे।

### घटिया निर्माण पर भड़के मोहल्लेवासी, काम रुकवाकर मजदूरों को भगाया



**मौदहा (हमीरपुर)।** नगर के वार्ड नंबर एक तकिया में नगर पालिका परिषद के ठेकेदार द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्य में कथित अनियमितताओं को लेकर मोहल्ले के लोग भड़क उठे। आक्रोशित लोगों ने निर्माण कार्य रुकवाते हुए मौके पर काम कर रहे मजदूरों को भगा दिया। सूचना पर पहुंचे अवर अभियंता ने ठेकेदार को कड़ी चेतावनी देते हुए नियमानुसार निर्माण कराने के निर्देश दिए। जानकारी के अनुसार कार्यदायी संस्था नगर पालिका परिषद मौदहा द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय योजना के अंतर्गत तकिया मोहल्ले में लाला जी यादव के घर के सामने से मस्जिद तक करीब एक सौ पचास मीटर लंबी व तीन मीटर चौड़ी सी सी सड़क नाली निर्माण का टेंडर स्वीकृत किया गया है। इस कार्य की अनुमानित लागत करीब 14 लाख 35 हजार रुपये बताई जा रही है।

**ARMY PUBLIC SCHOOL FATEHGARH CANTT (UP)**

**Phone No-7080667367**

1.Quotations are invited for printing of School Magazine, Teachers Diary, Student Diary, Out Pass, Student Attendance Register & PTM Mark Register for APS, Fatehgarh Cantt. For details and downloading the quotations visit school website www.apsfatehgarh.com Last date for submitting the quotation form duly filled is **17 Mar 26.**

2. School authority reserve all the rights to accept/reject any quotations at any stage without assigning any reason and vendor/supplier etc who participates has no objection at all to it.

**Principal**

# पनीर, मिठाई व मिलावटी खाद्य पदार्थों की नियमित जांच कराएंः मंडलायुक्त

▸ कलेक्ट्रेट सभागार में मंडलायुक्त की अध्यक्षता व जिलाधिकारी की उपस्थिति में सम्पन्न हुई समीक्षा बैठक

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



मंडलायुक्त चित्रकूट धाम मण्डल बाँदा अजीत कुमार की अध्यक्षता एवं जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की उपस्थिति में विभागीय समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में मंडलायुक्त नें जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि राशन समय से वितरित कराएं एवं वितरण में तौल सही हो इसकी प्रोपर मॉनिटरिंग की जाये तथा गैस की कालाबाजारी को रोका जाये ।उन्होंने खाद्य सुरक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि मिठाई, पनीर एवं अन्य खाद्य पदार्थों के नमूने लेकर नियमित जाँच कराये तथा मिलावटी खाद्य पदार्थ न बिक्रय होने दें। उन्होंने अधिशाषी अभियंता जल निगम ग्रामीण एवं शहरी को निर्देशित करते हुए कहा कि शहरी एवं ग्रामीण इलाके में समय पर पानी की सप्लाई हो। उन्होंने अधिशाषी अभियंता विद्युत को निर्देशित किया कि जर्जर तारों की मरम्मत शीघ्र कराई जाए और लोगों के घरों के ऊपर से जो तार निकले हैं, उनको तत्काल हटवाया जाए तथा ज्यादा बिल आने की समस्या का तत्काल निस्तारण कराया जाए किसी भी हालत में विद्युत चोरी ना हो पाए, इसकी चेकिंग की जाए तथा पेयजल आपूर्ति के समय विद्युत कटौती न की जाए।उन्होंने बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि सभी विद्यालयों का निरंतर निरीक्षण किया जाए और बच्चों को अच्छी शिक्षा प्रदान की जाए। उन्होंने लोक निर्माण विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि जो भी निर्माण कार्य अधूरे हैं उनको जल्द से जल्द गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराया जाए। नवीन कारागार का शेष कार्य जल्द पूर्ण कराएं।निर्माण कार्य से संबंधित जितने प्रोजेक्ट पूरे होने वाले हैं उनको हर हालत में बरसात के पहले पूरा कराया जाए और बड़े प्रोजेक्ट में काम तेजी से कराया जाए तथा सामग्री की गुणवत्ता की जांच की जाए।उन्होंने कहा कि नगर पालिका, नगर पंचायतों में जन्म प्रमाण पत्र व मृत्यु प्रमाण पत्र समय से जारी किए जाएं। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी बलराम कुमार, अपर जिलाधिकारी वित्त -राजस्व कुंवर पंकज, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मोईनुल इस्लाम, उपजिलाधिकारी सदर शिवध्यान पांडे, उपजिलाधिकारी चरखारी धीरेन्द्र कुमार, उपजिलाधिकारी कुलपहाड़ डॉ प्रदीप कुमार सहित सभी विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

**कार्यालय नगर पंचायत कुलपहाड़ जनपद-महोबा**

पत्रांक-499/एन.पी.के./निविदा सूचना/2025-26 दिनांक- 11.03.2026

(ई प्रोक्योरमेण्ट नोटिस)

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

सीवरेज एवं जल निकासी योजना एवं राज्य वित्त आयोग निधि के अन्तर्गत नगर पंचायत, कुलपहाड़ द्वारा निर्माण कार्य की निविदायें दिनांक 12.03.2026 से 18.03.2026 को अपरान्ह 06:00 बजे तक डाउनलोड व ऑनलाइन अपलोड की जायेगी, जिनकी तकनीकी बिड दिनांक 19.03.2026 को प्रातः 11:00 बजे ऑनलाइन खोली जायेगी, जिन्हें विभाग की वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर भी देखा जा सकता है। बिडर को सलाह दी जाती है कि बिड की नियम व शर्तो को ध्यान से पढ़ लें।

| | |
|---|---|
| **प्रवेन्द्र कुमार** | **वैभव अरजरिया** |
| **अधिशाषी अधिकारी** | **अध्यक्ष** |
| **नगर पंचायत कुलपहाड़** | **नगर पंचायत कुलपहाड़** |
| **जनपद- महोबा** | **जनपद- महोबा** |

# ट्राली के नीचे दबकर किसान की मौत

**मसौली बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

जिला प्रशासन की लापरवाही एव कोल्ड स्टोरेज मालिकों की अव्यस्थाओ के चलते मंगलवार की देर शाम बिंद्रा कोल्ड स्टोरेज मे आलू लेकर आये एक किसान की ट्राली के नीचे दबकर दर्दनाक मौत हो गयी। घटना के बाद चालक ट्रैक्टर ट्राली छोड़कर फरार हो गया है। कोल्ड स्टोरेज मे आलू रखने आये किसानो ने स्टोर मालिक पर अव्यवस्था का आरोप लगाया है।

बताते चले कि मंगलवार की शाम करीब 4 बजे जहांगीराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम पिपरौली निवासी 55 वर्षीय किसान उमेश चंद्र वर्मा पुत्र भगवती प्रसाद नगर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत बिंद्रा कोल्ड स्टोरेज मे आलू रखने के



लिए गये थे कोल्ड स्टोरेज में फैली अव्यवस्थाओं के कारण वहां आड़े तिरछे खड़े ट्रैक्टर ट्राली के बैक करने के दौरान किसान उमेशचंद्र वर्मा की ट्राली के नीचे आ जाने से दर्दनाक मौत हो गयी दुर्घटना के बाद ट्रैक्टर बैक कर रहा चालक ट्रैक्टर ट्राली छोड़कर फरार हो गया तथा कोल्ड स्टोरेज मे अफरातफरी मच गयी किसान को आननफानन मे जिला अस्पताल पहुंचाया जहा चिकित्स्कों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची नगर कोतवाली पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सबसे बड़ी दुःख की यह बात रही कि कोल्ड स्टोरेज परिसर मे इतनी बड़ी घटना के बाद भी मृतक के परिजनों की कोई सुध नहीं ली। मेंथा किसान समिति के अध्यक्ष डॉ. राजेश कुमार वर्मा ने घटना पर दुःख प्रकट करते हुए बताया कि इस हादसे से किसान का परिवार गहरे संकट में आ गया है। परिवार में कोई दूसरा कमाने वाला नहीं है और घर में मातम का माहौल है।

### परिवार पर टूटा दु:खो का पहाड़

मृतक किसान उमेशचंद्र के एक मात्र पुत्र रवि था जिसकी 4 वर्ष पूर्व नयागाँव के निकट दुर्घटना मे मौत हो गयी थी मृतक उमेशचंद्र के ऊपर एक पुत्री व दो पौत्रियों की शादी की जिम्मेदारी है घर के कमाऊ व्यक्ति की मौत से गाँव मे कोहराम मचा हुआ है।

### नियमों की अनदेखी अव्यस्थाओ का बोलबाला

किसानो का सुचारु रूप से कोल्ड स्टोरेज मे आलू रखने के लिए जिला प्रशासन द्वारा टोकन की व्यवस्था करने के बाद भी कोल्ड स्टोरो मे टोकन न दिये जाने से किसानो मे अफरातफरी का महौल है जिससे किसानो मे होड़ मची हुई है कोल्ड स्टोरेज मालिक गेट पर गेटमैन तक की व्यवस्था नहीं किये हुए है जिससे कोल्ड स्टोरेज मे आड़ी तिरछी ट्रैक्टर ट्रालियां खड़ी हुई है उल्लेखनीय हो कि कोल्ड स्टोरेज मालिको ने किराया बढ़ाने को लेकर सभी लामबंद हो गये थे लेकिन व्यवस्था के नाम पर कोई भी कोल्ड स्टोर मालिक रुचि नहीं ले रहा हैं।

## कोतवाल ने की क्षेत्र में शांति बनाये रखने की अपील

**मसौली बाराबंकी।** बुधवार को थाना मसौली परिसर मे अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक सनत मिश्रा की अध्यक्षता मे ईद एव अलविदा की नमाज को सकुशल सम्पन कराने के उद्देश्य से जनप्रतिनिधियो की बैठक सम्पन्न हुई बैठक मे अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक ने पूर्व की भांति यह ईद उल फित्र आपसी भाईचारे व सौहार्द के साथ मनाये जाने की अपील की। अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक सनत मिश्रा ने कहा कि ईद को शांतिपूर्ण, सकुशल संपन्न कराना हम सभी का दायित्व है उन्होंने कहा कि ग्राम प्रधानों अन्य प्रबुद्धजनों से भी अपने स्तर पर लोगों को जागरूक करें तथा शांति एवं भाईचारे के साथ ईद मनाने की अपील करते हुए अलविदा नमाज तथा ईद की नमाज के दृष्टिगत रास्तो सड़क, साफ-सफाई, पेयजल उपलब्ध कराने के लिए कहा।

# रसोई गैस की किल्लत पर कांग्रेसियों ने सौंपा ज्ञापन

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**



कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रसोई गैस की किल्लत और कीमतों में वृद्धि के विरोध में उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस जिला अध्यक्ष मोहसिन किदवई के नेतृत्व में बुधवार दोपहर करीब 12 बजे तहसील मुख्यालय पर दिया गया। ज्ञापन में बताया गया है कि सिरौलीगौसपुर तहसील में पिछले एक सप्ताह से रसोई गैस की भारी कमी बनी हुई है। कांग्रेसियों ने आरोप लगाया कि एक ओर सरकार गृहणियों को लकड़ी के चूल्हे से मुक्ति दिलाने और मुफ्त रसोई गैस उपलब्ध कराने की बात करती है, वहीं दूसरी ओर त्योहारों और वैवाहिक समारोहों के इस महत्वपूर्ण समय में आम जनता को गैस उपलब्ध न कराना सरकार की विफलता है। कार्यकर्ताओं ने यह भी बताया कि देश की जनता पहले से ही महंगाई की मार झेल रही है। ऐसे में रसोई गैस के दाम में प्रति सिलेंडर 60 रुपये की वृद्धि कर दी गई है, जिसे उन्होंने आम जनता के मौलिक हितों पर कुठाराघात बताया।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहसिन किदवई ने कहा कि पिछले एक हफ्ते से सिरौली गौसपुर ब्लॉक में कुकिंग गैस की डिलीवरी बैन बंद कर दी गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह एसेशियल कमोडिटी एक्ट का उल्लंघन है, जिसके तहत आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति बाधित नहीं की जा सकती। इसके परिणामस्वरूप गैस एजेंसियों पर लंबी लाइनें लग रही हैं और लोग दिनभर इंतजार करने को मजबूर हैं। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उपजिलाधिकारी से मांग की है कि एसेंशियल कमोडिटी एक्ट के तहत आवश्यक वस्तुओं की सुचारु आपूर्ति सुनिश्चित की जाए और घर-घर तक मिलने वाली सुविधाओं को बहाल किया जाए।

# ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने पेट्रोल पम्पों का किया निरीक्षण



**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

ज्वाइंट मजिस्ट्रेट उपजिलाधिकारी तेजस के ने तहसीलदार बालेन्दु भूषण वर्मा और पूर्ति निरीक्षक सुनील कुमार के साथ पेट्रोल पंपों और इंडियन गैस एजेंसी का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बुधवार दोपहर करीब 3 बजे, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट तेजस के अधिकारियों के साथ इंडियन गैस सर्विस सैदनपुर पहुंचे। यहां एजेंसी मालिक फ़ैज़ अहमद की देखरेख में गैस का वितरण हो रहा था। उन्होंने उपभोक्ताओं से गैस वितरण संबंधी जानकारी ली, जिस पर उपभोक्ताओं ने बुकिंग के बाद गैस मिलने की बात कही। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने एजेंसी मालिक फ़ैज़ अहमद से स्टॉक की स्थिति के बारे में पूछताछ की। फ़ैज़ अहमद ने बताया कि बुकिंग के बाद ओटीपी के माध्यम से उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

# न्यू स्टैण्डर्ड पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव आयोजित

**लालगंज, रायबरेली समृद्धि न्यूज।**



न्यू स्टैण्डर्ड पब्लिक स्कूल, लालगंज के प्री -प्राइमरी विंग के वार्षिकोत्सव का आयोजन बड़े ही उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि लालगंज क्षेत्राधिकारी अमित सिंह तथा एनएसपीएस त्रिपुला विद्यालय शाखा के प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर एवं मां सरस्वती के पूजन के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य शिवांग अवस्थी ने सभी अतिथियों को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरुआत नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत स्वागत गीत से हुई, जिसने उपस्थित अतिथियों एवं अभिभावकों का मन मोह लिया। इसके बाद विद्यार्थियों ने मनमोहक नृत्य, गीत तथा लघु नाटकों की प्रस्तुतियों से दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं।

मुख्य अतिथि सीओ लालगंज ने अपने संबोधन में शिक्षा के साथ-साथ संस्कार और अनुशासन के महत्व पर जोर देते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने विद्यालय की शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों की सराहना भी की। कार्यक्रम के अंत में सभी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। साथ ही विद्यालय में शत - प्रतिशत उपस्थित बच्चों को उनके अभिभावकों के साथ सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए एन एस पी एस त्रिपुला शाखा के प्रधानाचार्य श्री शिवलखन प्रजापति ने बताया कि शिक्षा कि गुणवत्ता व बच्चों के सही मार्गदर्शन के लिये शिक्षकों के साथ-साथ अभिभावकों का भी जागरूक होना जरुरी है। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका प्रकृति श्रीवास्तव, प्रियांशी गुप्ता ने किया गया।

अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य शिवांग अवस्थी ने सभी अतिथियों एवं अभिभावकों के प्रति आभार व्यक्त किया एवं उन्होंने कहा कि विद्यालय निरंतर शिक्षा के क्षेत्र में आधुनिक नवाचार को अपना कर बच्चों में छुपी हुई प्रतिभा को निखारने में निरंतर प्रयासरत है।इस अवसर पर लालगंज कोतवाली निरीक्षक अनिल कुमार सिंह, उपनिरिक्षक निखिल यादव एवं हेड कांस्टेबल अजय मिश्रा एवं अमित कुमार, विद्यालय कोर्डिनेटर कविता शर्मा व विद्यालय के अध्यापक - अध्यापिकाएं एवं समस्त कर्मचारीगण तथा प्री प्राइमरी विंग के छात्र-छात्राएं व उनके अभिभावक गण उपस्थित रहे।

# जायस नगर पालिका में सम्मानित हुईं नारी शक्तियां



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**

महिलाओं के अद्वितीय साहस, समर्पण और समाज में उनके बहुमूल्य योगदान को सम्मानित करने के उद्देश्य से नगर पालिका परिषद जायस में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित कर उनके योगदान को नमन किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद जायस की अध्यक्ष मनीषा सिंह, अधिशासी अधिकारी शैलेन्द्र कुमार मिश्र तथा डीपीएम सूर्य प्रताप की उपस्थिति में महिलाओं को सम्मानित किया गया। महिलाएं आज हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा, परिश्रम और नेतृत्व क्षमता के बल पर समाज को नई दिशा दे रही हैं। अध्यक्ष मनीषा सिंह ने कहा कि महिलाओं के साहस, समर्पण और संघर्ष की भावना समाज के लिए प्रेरणादायक है।

## खबरें एक नजर में

### आईमन अहमद से कृतिका बन गई मुस्लिम लड़की

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** रायबरेली में फिर एक मुस्लिम युवती हिन्दू युवक से विवाह कर आईमन अहमद से कृतिका बन गई है। दोनों मे पांच साल से प्रेम सम्बन्ध था और युवती के बालिग होते ही दोनों ने मंदिर मे हिन्दू रीति रिवाज से शादी कर ली है। आईमन अहमद 14 दिन पूर्व ही 18 साल की हुई है। आईमन लालगंज कोतवाली क्षेत्र मे सेमरपहा की रहने वाली है और एक दिन पहले उसने ऐहार के बालहेश्वर मंदिर मे हिन्दू रीति से विवाह रचाया है। इस विवाह से शिवम् और आईमन से कृतिका बनी नव विवाहिता भी प्रसन्न है।

### ध्रुव चरित्र प्रह्लाद की कथा सुन स्रोता हुए भावविभोर

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** पूरे झाम तिवारी मजरे बहुता गांव में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में दूसरे दिन वृंदावन धाम से पधारे कथा व्यास मुरली मनोहर शास्त्री ने वामन अवतार ध्रुव चरित्र प्रहलाद चरित्र की कथा का वर्णन किया उन्होंने बताया कि वामन अवतार के रूप में भगवान विष्णु ने राजा बलि को महत्वपूर्ण शिक्षा दी। उन्होंने समझाया कि दंभ और अहंकार से जीवन में कुछ नहीं मिलता। धन और संपदा क्षणभंगुर होती है। अहंकार, गर्व, घृणा और ईर्ष्या से मुक्त होने पर ही व्यक्ति को ईश्वर की कृपा प्राप्त होती है। ईर्ष्यालु व्यक्ति जीवन में प्रगति नहीं कर सकता। इस अवसर पर सिद्धनाथ त्रिपाठी विनोद त्रिपाठी रामकुमार मिश्र ओमप्रकाश अवस्थी हरिश्चंद्र त्रिपाठी राकेश तिवारी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### सांसद राहुल गांधी का दो दिवसीय दौरा प्रस्तावित

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** नेता प्रतिपक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता राहुल गांधी का अमेठी-रायबरेली संसदीय क्षेत्र का दो दिवसीय दौरा प्रस्तावित है। प्राप्त कार्यक्रम के अनुसार राहुल गांधी 12 मार्च को फुरसतगंज एयरपोर्ट पहुंचकर सीधे रायबरेली जाकर जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक में शामिल होंगे। बैठक में विभिन्न विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों के साथ क्षेत्रीय विकास से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करेंगे। बैठक के उपरांत रात्रि विश्राम भूएमऊ में निर्धारित है। दौरे के दूसरे दिन 13 मार्च को सुबह राहुल गांधी जनता दर्शन कार्यक्रम में शामिल होकर क्षेत्र के लोगों से मुलाकात करेंगे तथा उनकी समस्याएं सुनेंगे। इसके बाद वे अमेठी जनपद के तिलोई विधानसभा क्षेत्र स्थित बहादुरपुर में नैना रिजॉर्ट पहुंचकर अमेठी संसदीय क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ महत्वपूर्ण बैठक करेंगे। इस बैठक में संगठन की मजबूती, आगामी रणनीति तथा क्षेत्रीय मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। इसके उपरान्त राहुल जी अमेठी के गौरीगंज क्षेत्र में कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष स्वर्गीय योगेंद्र मिश्रा के निवास पर आयोजित उनकी तेरहवीं में शामिल होकर शोक संतप्त परिजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करेंगे। इस दौरान सांसद किशोरी लाल शर्मा की विशेष उपस्थिति रहेगी। उनके साथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल सहित अमेठी व रायबरेली के कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे। कार्यक्रमों के उपरांत राहुल गांधी लखनऊ के लिए प्रस्थान कर दिल्ली रवाना होंगे।

### त्यौहारों के दृष्टिगत पुलिस ने की पीस कमेटी के साथ गोष्ठी

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** बुधवार को जनपद पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में आगामी त्यौहारों ईद-उल-फितर, चैत्र नवरात्र, श्रीराम नवमी एवं शांति, सुरक्षा व कानून व्यवस्था के दृष्टिगत जनपद पुलिस द्वारा थाना मुसाफिरखाना पर क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना अतुल कुमार सिंह द्वारा, थाना मोहनगंज पर क्षेत्राधिकारी तिलोई दिनेश कुमार मिश्रा द्वारा व जनपद के विभिन्न थानों पर प्रभारी निरीक्षक थानाध्यक्ष द्वारा थानाक्षेत्र के सम्भ्रान्त व्यक्तियों, धर्मगुरूओं, एस-10, डिजिटल वॉलेंटियर्स व ग्राम प्रहरी के साथ पीस कमेटी की गोष्ठी की गयी। गोष्ठी में आपस में प्रेम व सौहार्दपूर्वक त्यौहार मनाने तथा अफवाहों पर ध्यान न देने एवं अफवाहों को फैलने से रोकने आदि के सम्बन्ध में आमजन को जागरूक करने की अपील की गयी।

## आरसीसी नाले के निर्माण में उठे सवाल

**रामसनेहीघाट,बाराबंकी।** नगर पंचायत रामसनेहीघाट में हाल ही में बनाए गए आरसीसी नाले के निर्माण कार्य पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। लगभग एक माह पूर्व लाखों रुपये की लागत से बनाए गए कवर्ड नाले के ऊपर रखे पत्थर कई स्थानों पर टूटने लगे हैं, जिससे स्थानीय लोगों में भारी नाराजगी है। लोगों ने निर्माण कार्य को गुणवत्ता विहीन बताते हुए इसकी उच्चस्तरीय जांच कराने और जिम्मेदार ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट करने की मांग की है। बताया जा रहा है कि रामसनेहीघाट कंपोजिट विद्यालय के सामने पुलिया से लेकर सुमेरगंज बाजार स्थित शहनाज बानो के घर के सामने तक नगर पंचायत द्वारा आरसीसी कवर्ड नाले का निर्माण कराया गया था। यह कार्य नगर पंचायत के ठेकेदार ए.के. इंटरप्राइजेज द्वारा कराया गया।

# जालसाजों ने एटीएम कार्ड से धोखाधड़ी कर उड़ाए अस्सी हजार

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

कोतवाली क्षेत्र में एक युवक के एटीएम कार्ड को धोखे से बदलकर उसके खाते से 80 हजार रुपये निकाल लिए गए। यह घटना 19 जनवरी की शाम को हुई, जब युवक का साला एसबीआई एटीएम से पैसे निकालने गया था।

कानपुर के बड़ौर बेड़ामऊ गांव निवासी अरुण पुत्र साधु सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह पिछले तीन साल से हैदरगढ़ में कॉस्मेटिक की दुकान चलाता है। 19 जनवरी की शाम करीब 7 बजे उन्होंने अपने साले के लड़के विकास को एसबीआई बैंक के बगल स्थित एटीएम मशीन से पैसे निकालने भेजा था। एटीएम से पैसे निकालते समय एक अज्ञात व्यक्ति ने धोखाधड़ी से विकास का एटीएम कार्ड बदल लिया।

इसके बाद जालसाज ने अलग-अलग जगहों से अरुण के खाते से कुल 80 हजार रुपये निकाल लिए। घटना की जानकारी होने पर उन्होंने काफी खोजबीन की, लेकिन जालसाज का कोई सुराग नहीं मिला। पीड़ित युवक की शिकायत पर पुलिस ने 10 मार्च को घटना की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है प्रभारी निरीक्षक अभिमन्यु मल्ल ने बताया कि पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

# "हमारा आंगन हमारे बच्चे" उत्सव कार्यक्रम आयोजित

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा, विद्याभवन, लखनऊ के निर्देश के क्रम में विकास क्षेत्र राही, रायबरेली का ब्लाक स्तरीय हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव का आयोजन कृषि विज्ञान केन्द्र, दरियापुर, रायबरेली में किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य 3 से 6 वर्ष के बच्चों को प्री प्राइमरी शिक्षा को लोकेटेड आगनबाड़ी केन्द्रों पर बढ़ावा देने के लिये है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल सिंह एवं विशिष्ट अतिथि खण्ड शिक्षा अधिकारी रोहनिया डॉ. सत्य प्रकाश यादव रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम में प्रा.वि. राजापुर, प्रा.वि. बेहटा खुर्द, प्रा.वि. कोडर जहानपुर के छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। उ.प्रा.वि. सराय मुगला के छात्रों के द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गयी। कार्यक्रम का संचालन स्वदेश रमण त्रिपाठी, ए.आर.पी. राही, रायबरेली द्वारा किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा बच्चों को नियमित आंगनबाड़ी केन्द्रों व प्री प्राइमरी विद्यालयों में भेजने एवं सम्य-समय पर आयोजित विद्यालीय बैठकों में प्रतिभाग करने की अपील करते हुए जनसमुदाय को पूर्व प्राथमिक शिक्षा से जोडने के लिये प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में सम्मिलित हुए छात्रों को पुरुस्कार प्रदान कर उन्हें प्रोत्साहित किया गया। चहक कार्यक्रम में बेहतर कार्य करने वाले वंदना प्रा.वि. दिल्लीहार, ललिता बाजपेयी प्रा.वि. दरियापुर व बंदना प्रा.वि. राजापुर, अंजुल यादव प्रा.वि. विनोहरा, शिवानी सिंह प्रा.वि. बेहटाखुर्द, तृप्ति चौहान प्रा.वि. भैदपुर, कल्पना प्रा.वि. एकौना, अनुराग राठौर कपो0वि0 कचौदा मो0पुर, प्रीती वर्मा प्रा0वि0 पुरे जमुनिहा, जावित्री यादव प्रा0वि0 बेला भेला, शिवकली गोंदवारा, श्यामलली राजापुर व वंदना श्रीवास्तव आंगनबाड़ी कार्यकत्री बेहटा खुर्द को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

# विद्यालयों में गैस की किल्लत से एमडीएम प्रभावित होने की आशंका

- इंडेन गैस की अव्यवस्था से विद्यालयों में एमडीएम पर संकट, सिलेंडर के लिए लाइन में!
- गैस की किल्लत से मिड-डे मील का संचालन कैसे!




**बछरावां, समृद्धि न्यूज़।**

रायबरेली वर्तमान समय में इंडेन गैस सर्विस की कार्यप्रणाली में अव्यवस्था के चलते प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों में गैस की गंभीर किल्लत उत्पन्न हो गई है। वरिष्ठ शिक्षक नेता एवं राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के अध्यक्ष आशुतोष शुक्ल ने बताया कि सभी परिषदीय विद्यालयों में बच्चों को पका-पकाया भोजन देने के लिए एलपीजी सिलेंडर का इस्तेमाल किया जाता है। श्री शुक्ल ने बताया कि आज जब विद्यालय के शिक्षक गैस सिलेंडर के लिए संबंधित एजेंसी के कर्मचारियों को फोन कर रहे हैं, तो कॉल रिसीव नहीं की जा रही है। इस कारण एमडीएम के जिम्मेदार और उनके परिजन विद्यालय कार्य छोड़कर गैस लेने के लिए लाइन में खड़े हैं। विशेषकर प्राथमिक विद्यालय इसिया, कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय मिहीखेडा और उच्च प्राथमिक विद्यालय थुलेडी के स्टाफ के लोग सुबह 10 बजे से बछरावां में सिलेंडर लेने के लिए खड़े हैं, लेकिन अभी तक गैस नहीं मिल पाई है। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के पदाधिकारियों ने संबंधित जिम्मेदार अधिकारियों से तत्काल संज्ञान लेने और प्राथमिक विद्यालयों में बच्चों को समय पर भोजन उपलब्ध कराने हेतु गैस की आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है।

## आखिरी विदाई...शहीद प्रदीप कुमार शर्मा के लिए गंगा घाट पर नम हुई लोगों की आंखें



शहीद की फाइल फोटो

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** जम्मू कश्मीर के डोडा मे सेना का वाहन खाई मे गिरने से शहीद हुए रायबरेली के लाल का शव यहाँ पहुंचा तो कोहराम मच गया। शहीद के अंतिम दर्शन के लिए स्थानीय लोगों का ताँता लग गया। यहाँ के सरेनी थाना क्षेत्र मे गहरौली गांव निवासी वीर सपूत प्रदीप कुमार शर्मा ड्यूटी के दौरान हुए दर्दनाक हादसे में शहीद हुए थे। बताया जा रहा है कि पहाड़ी क्षेत्र में सेना का वाहन खाई में गिरने से यह हादसा हुआ था । इसी में जवान प्रदीप कुमार शर्मा ने देश की सेवा करते हुए वीरगति प्राप्त की थी। जैसे ही शहीद का पार्थिव शरीर उनके पैतृक गांव गहरौली पहुंचा, पूरे गांव में मातम छा गया। अंतिम दर्शन के लिए गांव और आसपास के क्षेत्रों से हजारों लोग उमड़ पड़े। हर किसी की आंखें नम थीं और वातावरण भारत माता की जय तथा शहीद प्रदीप शर्मा अमर रहें के नारों से गूंज उठा। शहीद प्रदीप कुमार शर्मा वर्ष 2010 में भारतीय सेना की 19 वीं सिख रेजिमेंट में भर्ती हुए थे। वह अपने माता-पिता के इकलौते बेटे थे। अपने पीछे पत्नी कल्पना शर्मा और तीन छोटे-छोटे बच्चों को छोड़ गए हैं। पार्थिव शरीर को देखते ही पत्नी और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। शहीद का अंतिम संस्कार आज बक्सर घाट पर पूरे राजकीय सम्मान के साथ किया गया। जहां पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे। देश की रक्षा में शहीद हुए इस वीर सपूत को पूरा रायबरेली जनपद नम आंखों से श्रद्धांजलि दे रहा है।

## एसआई भर्ती परीक्षा को संपन्न कराने को लेकर डीएम-एसपी ने की बैठक

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** आगामी 14 और 15 मार्च को आयोजित होने वाली उत्तर प्रदेश पुलिस उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा-2026 को नकलविहीन, पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी संजय चौहान और पुलिस अधीक्षक सरवणन टी ने ड्यूटी में तैनात अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाए और किसी भी प्रकार की नकल, गड़बड़ी या अवैध गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखी जाए। उन्होंने कहा कि परीक्षा को निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संपन्न कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि परीक्षा के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए विशेष सतर्कता बरती जाएगी।

# डीपीआरओ की संरक्षण में ग्राम पंचायत अधिकारी को मिल रहा प्रभारी एडीओ का चार्ज

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**



जनपद सीतापुर में पंचायत विभाग की कार्यशैली एक बार फिर सवालों के घेरे में है। जिला पंचायत राज अधिकारी निरीश चंद्र साहू पर आरोप लग रहे हैं कि वे शासनादेशों को दरकिनार कर मनमाने तरीके से प्रभारी सहायक विकास अधिकारियों (एडीओ) के चार्ज बांट रहे हैं, जिससे प्रशासनिक व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। सूत्रों के अनुसार विकासखंड मछरेहटा में सचिव संदीप कुमार तथा विकासखंड कसमंडा में सचिव संजय कुमार को प्रभारी एडीओ का चार्ज दिया गया है, जबकि दोनों मूल रूप से ग्राम पंचायत अधिकारी हैं। वहीं दूसरी ओर जनपद में तैनात मूल सहायक विकास अधिकारी अवनीश चौधरी और विनोद कुमार सिंह को मुख्यालय पर अटैच कर रखा गया है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि जब मूल एडीओ उपलब्ध हैं तो उन्हें ब्लॉकों में भेजने के बजाय सचिवों को प्रभारी एडीओ का चार्ज क्यों दिया गया। बताया जा रहा है कि मछरेहटा ब्लॉक में सचिव संदीप कुमार पहले से ही कई ग्राम पंचायतों का कार्यभार संभाल रहे हैं, इसके बावजूद उन्हें प्रभारी एडीओ की अतिरिक्त जिम्मेदारी दे दी गई। विभागीय जानकारों का कहना है कि इस प्रकार एक ही व्यक्ति पर कई जिम्मेदारियां डालना न केवल कार्यप्रणाली को प्रभावित करता है बल्कि पारदर्शिता पर भी प्रश्नचिह्न लगाता है। पंचायत विभाग में चर्चा है कि डीपीआरओ द्वारा लिए जा रहे निर्णयों में शासनादेशों का पालन नहीं किया जा रहा और अपने स्तर से ही तैनाती व चार्ज का निर्धारण किया जा रहा है। यही कारण है कि विभागीय कर्मचारियों और स्थानीय लोगों के बीच यह चर्चा तेज है।

## प्रधान-सचिव की कथित मिलीभगत से लाखों के भुगतान का मामला गरमाया, जांच की मांग तेज

**सीतापुर।** जनपद में प्रशासन द्वारा पारदर्शिता और भ्रष्टाचार पर सख्ती की लगातार बात की जा रही है। जिला प्रशासन के मुखिया डॉ. राजा गणपति आर के नेतृत्व में कई मामलों में कार्रवाई भी हुई है। इसके बावजूद विकासखंड परसेंडी की कुछ ग्राम पंचायतों में सरकारी धन के भुगतान को लेकर गंभीर सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय सूत्रों और ग्रामीणों के अनुसार ग्राम पंचायतों में प्रधान और सचिव की कथित मिलीभगत से नियमों के विपरीत भुगतान किए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि विकास कार्यों के लिए मिलने वाली धनराशि का उपयोग पारदर्शी तरीके से नहीं हो रहा है, जिससे ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ रही है।

**मानदेय से अधिक भुगतान पर उठे सवाल:** विकासखंड परसेंडी की ग्राम पंचायत भवानापुर में सचिव द्वारा ग्राम प्रधान वीरेंद्र कुमार के खाते में मानदेय के अतिरिक्त भुगतान दर्ज किए जाने की चर्चा है। बताया जा रहा है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 और 2025-26 में 15वें और 5वें वित्त आयोग की धनराशि से अतिरिक्त भुगतान दर्शाए गए हैं। बताए जा रहे भुगतान इस प्रकार हैं: 9850 – 22 जुलाई 2024 5250 – 22 जुलाई 2024 5400 – 18 सितम्बर 2024 5400 – 18 सितम्बर 2024 यदि इन भुगतानों की पुष्टि होती है तो यह शासनादेश की मंशा के विपरीत माना जा सकता है और सरकारी धन के उपयोग पर गंभीर सवाल खड़े करता है। नल मरम्मत और रिबोर के नाम पर चार लाख से अधिक भुगतान विकासखंड परसेंडी की ग्राम पंचायत टप्पा खजुरिया में भी वित्तीय अनियमितताओं के आरोप सामने आए हैं। यहां तैनात सचिव दिनेश कुमार पर आरोप है कि नल मरम्मत और नल रिबोर के नाम पर एक ही वित्तीय वर्ष में ?4,11,590 से अधिक का भुगतान दर्शाया गया है।

# डीएम ने की बेसिक शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**




जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बेसिक शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि सभी विद्यालयों में मानकों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण शिक्षण कार्य सम्पन्न कराये जायें तथा शैक्षणिक लक्ष्यों की समय से प्राप्ति सुनिश्चित की जाये। शैक्षणिक लक्ष्यों की प्राप्ति में उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं अकादमिक गतिविधियों का सफलतापूर्वक क्रियान्वयन करने में सहरानीय कार्य करने पर विकास खण्ड खैराबाद के प्राथमिक विद्यालय पड़ावपुरवा एवं विकास खण्ड परसेण्डी प्राथमिक विद्यालय कैमहरा-1 के स्टॉफ को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी विद्यालयों में मानकों के अनुरूप अवस्थापना सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाये। उन्होंने कहा कि डीबीटी के माध्यम से देय राशि समय से अन्तरित की जाये। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि विद्यालयों को प्रेषित समस्त प्रकार की धनराशि का व्यय समय से सुनिश्चित कराया जाये। उन्होंने कहा कि निर्माणाधीन कार्यों को समय से पूर्ण कराया जाये तथा संबंधित अधिकारी नियमित रूप से निरीक्षण कर कार्यों की गुणवत्ता की जांच अवश्य करें। जर्जर भवनों को समय से ध्वस्तीकरण कराये जाने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि लक्ष्य के अनुरूप हर्बल गार्डेन स्थापित कराया जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि निपुण लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु प्रभावी कार्यवाही की जाये तथा संघर्षशील श्रेणी के छात्रों पर विशेष ध्यान दिया जाये। शिक्षण कार्यों में संदर्शिका का प्रयोग अवश्य किया जाये। बैठक में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

नगर में स्वास्थ्य सेवाओं के साथ अब शिक्षा का नया सवेरा

# दीक्षित नेत्र चिकित्सालय में एलाइड हेल्थकेयर कोर्सेज शुरू

**गुरसहायगंज,कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



चिकित्सा के क्षेत्र में अग्रणी और अपनी बेहतरीन सेवाओं के लिए पहचाने जाने वाले दीक्षित नेत्र चिकित्सालय ने अब युवाओं के भविष्य को संवारने की दिशा में एक बड़ा कदम बढ़ाया है। चिकित्सालय द्वारा नगर में एलाइड हेल्थकेयर कोर्सेज की शुरुआत की गई है।

यह जानकारी डॉक्टर सुधीर दिक्षित दीक्षित नेत्र चिकित्सालय के डायरेक्टर ने देते हुए बताया कि पाठ्यक्रम भारत सरकार के राष्ट्रीय स्किल एवं वोकेशनल एजुकेशन विभाग द्वारा संचालित हैं, जिससे क्षेत्र के युवाओं को न केवल उच्च स्तरीय प्रशिक्षण मिलेगा, बल्कि रोजगार के नए अवसर भी प्राप्त होंगे। रोजगारपरक पाठ्यक्रमों का संगम दीक्षित नेत्र चिकित्सालय द्वारा शुरू किए गए इन पाठ्यक्रमों में मुख्य रूप से (डिप्लोमा इन मेडिकल लेबोरेटरी टेक्नोलॉजी), योगा, हॉस्पिटल मैनेजमेंट और नेत्र विभाग से संबंधित डिप्लोमा कोर्स शामिल हैं। वर्तमान समय में स्वास्थ्य क्षेत्र में केवल डॉक्टरों की ही नहीं, बल्कि कुशल पैरामेडिकल स्टाफ की भी भारी कमी है। इन कोर्सेज का उद्देश्य इसी कमी को पूरा करना और स्थानीय युवाओं को आत्मनिर्भर बनाना है। विशेष रूप से हॉस्पिटल मैनेजमेंट और नेत्र डिप्लोमा जैसे कोर्सेज के माध्यम से युवा आधुनिक चिकित्सा प्रणाली का हिस्सा बन सकेंगे।

**हुनर से बढ़ेगा आत्मविश्वास: डॉ. सुधीर दीक्षित** इस पहल की जानकारी देते हुए दीक्षित नेत्र चिकित्सालय के निदेशक डॉ. सुधीर दीक्षित ने प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने शिक्षा और स्वास्थ्य के अंतर्संबंधों पर जोर देते हुए अपना आधिकारिक बयान जारी किया। डॉ. सुधीर दीक्षित ने कहा हमारा लक्ष्य केवल मरीजों का उपचार करना ही नहीं, बल्कि समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए युवाओं को सशक्त बनाना भी है। अक्सर देखा गया है कि डिग्री होने के बावजूद कौशल की कमी के कारण युवाओं को रोजगार नहीं मिल पाता। भारत सरकार के राष्ट्रीय स्किल एवं वोकेशनल एजुकेशन विभाग के सहयोग से शुरू किए गए ये कोर्सेज पूरी तरह से प्रैक्टिकल ट्रेनिंग पर आधारित हैं। हमारे चिकित्सालय में उपलब्ध आधुनिक उपकरणों और अनुभवी फैकल्टी के माध्यम से विद्यार्थी सीधे कार्यस्थल का अनुभव प्राप्त करेंगे। हमारा मानना है कि जब एक युवा कुशल होगा, तभी देश आत्मनिर्भर बनेगा। क्यों खास हैं ये कोर्सेज सरकारी मान्यता सभी पाठ्यक्रम भारत सरकार के संबद्ध विभाग द्वारा प्रमाणित हैं, जिससे सर्टिफिकेट की मान्यता देशभर में रहेगी।

### प्रधानाचार्य ने प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित

**गुरसहायगंज कन्नौज।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा प्रयागराज की हाई स्कूल इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा निष्पक्ष और सकुशल संपन्न कराए जाने पर राजकीय इंटर कॉलेज समधन के प्रधानाचार्य ने शिक्षकों को प्रमाण पत्र अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कॉलेज समधन आशीष शर्मा ने बताया कि उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा प्रयागराज की हाई स्कूल इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा 18 फरवरी से 10 मार्च तक विद्यालय राजकीय इंटर कॉलेज में निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराई गई जिसमें विद्यालय के शिक्षकों के अलावा बाहर से आए शिक्षकों का विशेष योगदान रहा है जिसके लिए सभी शिक्षक बधाई के पात्र हैं इससे पहले मदन मोहन मालवीय इंटर कॉलेज में सहायक अध्यापक करतार सिंह यादव उर्फ डंपी शिव सिंह यादव सहित विद्यालय तथा अन्य विद्यालयों से कक्ष निरीक्षक की ड्यूटी करने आए शिक्षकों को प्रधानाचार्य आशीष शर्मा द्वारा प्रमाण पत्र तथा अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

## सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के मेधावी पुरस्कृत

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**




नगर के विशुनगढ़ रोड स्थित एसपीएल आदर्श विद्यालय में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता परीक्षा के मेधावी छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रबंधक रामपाल सिंह ने मेधावी छात्र छात्राओं को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देकर लक्ष्य की ओर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित कर हौसला अफजाई की। प्रधानाचार्य दीपक यादव ने प्रतियोगिता के जूनियर विंग में प्रथम वैष्णवी, द्वितीय शिप्रा व तृतीय आर्यन यादव और सीनियर विंग में प्रथम अनुराग कुमार, द्वितीय गुलशन यादव व तृतीय कामिनी, कनिष्का सुमेदा को माल्यार्पण कर पुरुस्कृत किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा के माध्यम से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त करके अपने जीवन को सफल बनाया जा सकता है। आज तक आप सभी अपने परिजन व अभिभावक की देख रेख में शिक्षा ग्रहण किए। अगली शिक्षा के लिए लगन और मेहनत की जरूरत है। आगे की शिक्षा तथा लक्ष्य के लिए कई महत्वपूर्ण टिप्स दिए और कहा कि उच्च शिक्षा प्राप्त कर इंजीनियर, डॉक्टर, आईएएस की पढ़ाई करना ही महत्वपूर्ण लक्ष्य नहीं है बल्कि समाज का एक अच्छा इंसान बनना भी महत्वपूर्ण है। विद्यार्थियों को कभी यह नहीं सोचना चाहिए कि उनके पिता किसान हैं या मजदूर हैं तो एक अच्छे मुकाम पर नहीं जा सकते। प्रतिभा किसी की मोहताज नहीं होती।

इस अवसर पर शिक्षक अमित कुमार, यतेंद्र सिंह, धीरेंद्र सिंह, विशाल अग्निहोत्री, अक्षत दुबे, ऋषभ श्रीवास्तव, पीयूष यादव, अनीता प्रजापति, कृतिका चौहान, मानसी दुबे, कामिनी यादव, सोनाली दुबे, प्रिया पाण्डेय, सलोनी राठौर, नम्रता यादव, रिंकी, दिव्या, प्रज्ञा दीक्षित आदि उपस्थित रहे।



### कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ

**छिबरामऊ (कन्नौज)।** असालतनगर, ढकुरैया रोड (धान मील के पास)। कलश यात्रा की भव्य शोभायात्रा के साथ श्रीमद् भागवत महापुराण की कथा का शुभारंभ हुआ। बैंड-बाजों और मंगल गीतों की मधुर ध्वनि के बीच भक्तों ने प्रमुख मंदिरों का दर्शन किया, तत्पश्चात कथा स्थल पर यात्रा समाप्त हुई।
प्रथम दिवस की कथा में श्री धाम वृंदावन से पधारे राष्ट्रीय कथा प्रवक्ता आचार्य प्रखर द्विवेदी ने श्रीमद् भागवत कथा के महत्व, भक्ति, ज्ञान एवं वैराग्य पर प्रकाश डालते हुए प्रवचन दिया। उन्होंने भगवान की लीला और भक्तों के कल्याण पर जोर दिया। कथा में परीक्षित महाराज के दायित्व की भूमिका श्रीमती राजकुमारी एवं श्री राधेश्याम गुप्ता ने सुंदर ढंग से निभाई। प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से सायं 5 बजे तक चलने वाली यह कथा 16 मार्च को विराम लेगी, जबकि 17 मार्च को हवन–पूर्णाहुति एवं भंडारे का आयोजन होगा। इस अवसर पर सर्वेश गुप्ता (रंगपुर वाले), अरविंद गुप्ता (कोटा डीलर), पवन, रामू, रमन, रवी, अभिषेक, ओम, शुभ, प्रेरणा सहित समस्त परिवार एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त उपस्थित रहे।

## धूमधाम से मनाया गया होली मिलन समारोह

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



नगर के मोहल्ला बजरिया स्थित चंद्रकांता पैलेस गेस्ट हाउस में अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की प्रदेश उपाध्यक्ष (महिला) शोभा दुबे के नेतृत्व में होली मिलन समारोह बड़े उत्साह के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर तथा गले मिलकर होली की शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर शोभा दुबे ने कहा होली प्रेम, भाईचारे और खुशी का त्योहार है। यह हमें सभी मतभेद भूलकर एक-दूसरे के साथ मिलजुलकर रहने का संदेश देता है। महिलाओं की भागीदारी से समाज में सकारात्मक बदलाव आता है और हम सब मिलकर एक मजबूत समाज का निर्माण कर सकते हैं। आइए, हर होली पर प्राकृतिक रंगों से खेलें और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लें। सभी को होली की हार्दिक शुभकामनाएं। समारोह में गुलाल, मिठाइयों और गीत-संगीत के साथ उत्सव का रंग छाया रहा। यह आयोजन महिला सशक्तिकरण और सामाजिक एकता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण साबित हुआ। कार्यक्रम में देवसेना संगठन महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष अंबिका भदौरिया, समाजसेवी कविता सक्सेना, सरिता पाण्डेय, उषा गुप्ता, नीतू पाण्डेय, प्रभा पाण्डेय, सविता राठौर, मीना शर्मा, नीतू चतुर्वेदी, शालिनी चौहान, मनोरमा सहित लगभग 100 से अधिक महिलाएं उपस्थित रहीं।

### नाबालिक से दुष्कर्म मामले में आरोपी को आजीवन कारावास

**कन्नौज।** नाबालिक युवती को बहला फुसलाकर भगा ले जाने और और उसके साथ दुष्कर्म मामले में आरोपी को जिले के पॉक्सो कोर्ट न्यायालय ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। जानकारी के मुताबिक, वर्ष 2023 में पीड़ित ग्रामीण द्वारा कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र दिया गया था, जिसमें पीड़ित का कहना था कि, कोतवाली कन्नौज के गांव अकबरपुर निवासी शबी पुत्र एजाद वर्ष 2023 में उनकी बेटी को बहला फुसलाकर भगा ले गया था, इसके अलावा पीड़ित ने उपरोक्त युवक पर बेटी से दुष्कर्म करने का आरोप भी लगाया था। मामले में पुलिस ने पीड़ित के शिकायती पत्र के आधार पर घटनाक्रम का मुकदमा भी दर्ज किया था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 363 और 376 भा.द.वि.तथा 5/6 पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी थी। मामले की विवेचना पूरी करने के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित न्यायालय में आरोप पत्र भी दाखिल किया था।

## तीन दिवसीय रोवर्स/रेंजर्स प्रवेश जांच शिविर का समापन



**छिबरामऊ, कन्नौज।** नेहरू महाविद्यालय में आयोजित तीन दिवसीय रोवर्स /रेंजर्स प्रवेश जांच शिविर का समापन करते हुए प्राचार्य प्रोफेसर जयवीर सिंह ने सभी प्रतिभागियों को बधाई दी और कहा कि स्काउटिंग के माध्यम से समाज की उन्नति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जा सकती है। जिला प्रशिक्षण आयुक्त योगेश कुमार व रेंजर लीडर पूजा वर्मा के मार्गदर्शन में अंतिम दिन शिविरार्थियों ने शिविर के दौरान सीखी गई कलाओं जैसे तंबू निर्माण, प्राथमिक चिकित्सा, फूड प्लाजा इत्यादि का प्रदर्शन किया। तंबू निर्माण व फूड प्लाजा के निरीक्षण उपरांत गौरीशंकर धाम टोली प्रथम, महाराणा प्रताप टोली द्वितीय तथा संयुक्त रूप से मां अन्नपूर्णा टोली व महादेवी वर्मा टोली को तृतीय स्थान दिया गया। यह शिविर प्राचार्य के संरक्षण व रोवर्स प्रभारी मनीष कुमार व रेंजर्स प्रभारी डॉ प्रियंका की देखरेख में संपन्न हुआ इस अवसर पर डायरेक्टर टोटल करियर सॉल्यूशन अमित अवस्थी सहित सभी शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर साथी उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में


### पेंशनर्स एसोसिएशन का होली मिलन कल

**छिबरामऊ, कन्नौज।** पेंशनर्स एसोसिएशन का होली मिलन 13 मार्च को दोपहर 1:00 बजे से नगर के कंपोजिट विद्यालय ने आयोजित किया जाएगा यह जानकारी देते हुए बेसिक शिक्षा पेंशनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष भारत सिंह ने कहा समारोह के दौरान पेंशनर्स की वेतन वृद्धि से संबंधित पेंशन स्वीकृति प्रपत्र भी वितरित किए जाएंगे।

### खेत में महिला से की छेड़छाड़ व जानलेवा हमला

**छिबरामऊ, कन्नौज।** विशुनगढ़ थाना क्षेत्र के सरदामई गांव में खेत पर काम कर रही एक महिला के साथ छेड़छाड़ और जानलेवा हमले का मामला सामने आया है। पीड़ित महिला ने न्याय की गुहार लगाते हुए पुलिस अधीक्षक से शिकायत की है। पीड़िता के अनुसार वह खेत में काम कर रही थी, तभी गांव के कुछ लोगों ने वहां पहुंचकर उसके साथ अश्लील हरकतें और छेड़छाड़ की। जब उसने विरोध किया तो आरोपियों ने उसके पति और बेटे पर लाठी-डंडों तथा धारदार हथियारों से हमला कर दिया। इस हमले में महिला, उसका पति और पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए। शोर सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे, जिसके बाद आरोपी उन्हें जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र सौंपकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गुहार लगाई है।

### नो स्मोकिंग डे पर सीएमओ डॉ. स्वदेश गुप्ता ने दिलाई तम्बाकू से दूर रहने की शपथ



**कन्नौज।** नो स्मोकिंग डे के अवसर पर बुधवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में धूम्रपान का स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में तम्बाकू सेवन से होने वाले गंभीर दुष्प्रभावों के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। संगोष्ठी में मुख्य वक्ता पब्लिक हेल्थ एक्सपर्ट डॉ. सुकेश भारद्वाज ने धूम्रपान के दुष्प्रभावों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पैसिव स्मोकिंग गर्भवती महिलाओं और गर्भस्थ शिशु के लिए बेहद हानिकारक होती है। तम्बाकू का धुआं आसपास मौजूद लोगों के स्वास्थ्य को भी गंभीर रूप से प्रभावित करता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. स्वदेश गुप्ता ने की। उन्होंने कोटपा अधिनियम-2003 के प्रावधानों की जानकारी देते हुए सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान प्रतिबंधित होने तथा तम्बाकू नियंत्रण से जुड़े कानूनी नियमों के बारे में बताया। इस दौरान 65 लोगों ने तम्बाकू का सेवन न करने और दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने की शपथ ली। कार्यक्रम के अंत में नोडल अधिकारी डॉ. के.पी. त्रिपाठी ने सभी प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। वहीं तम्बाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ की टीम ने बस स्टेशन, रेलवे स्टेशन और जिला अस्पताल में आमजन को तम्बाकू व धूम्रपान के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया।

### औद्योगिक गलियारे को लेकर डीएम ने ग्रामीणों से किया संवाद

**कन्नौज।** जनपद में प्रस्तावित औद्योगिक गलियारे के विकास को लेकर जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने तहसील तिर्वा क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय अलियापुर में ग्रामीणों के साथ बैठक कर योजना की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे विकास प्राधिकरण (यूपीडा) द्वारा संचालित इंडस्ट्रियल कॉरिडोर योजना के तहत जिले में औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए चार गांव–ठठिया, अलीपुर अहाना, भुन्ना और चंदौली को प्रस्तावित किया गया है। जिलाधिकारी ने बताया कि अलीपुर अहाना में औद्योगिक गलियारे के विकास के लिए 142.60 हेक्टेयर भूमि का चिन्हांकन किया गया है। उन्होंने कहा कि इस परियोजना से क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे।

## भाजपा के संस्थापक सदस्य उमाकांत मिश्रा का निधन



**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक सदस्यों में शामिल और पूर्व जिला उपाध्यक्ष उमाकांत मिश्रा का बुधवार सुबह निधन हो गया। उनके निधन की खबर से पार्टी कार्यकर्ताओं में शोक की लहर दौड़ गई। नगर के होली मोहल्ला निवासी उमाकांत मिश्रा लंबे समय से भाजपा से जुड़े हुए थे और संगठन में सक्रिय भूमिका निभाते रहे। उनके निधन की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और स्थानीय लोग उनके आवास पर अंतिम दर्शन के लिए पहुंचे। उत्तर प्रदेश सरकार में समाज कल्याण मंत्री एवं सदर विधायक असीम अरुण ने उनके आवास पहुंचकर अंतिम दर्शन किए और दिवंगत नेता को श्रद्धांजलि अर्पित की।

## असीम अरुण ने की स्वच्छता अभियान की सराहना

- बच्चे खुद कर रहे कक्षाओं की सफाई निरीक्षण के दौरान राज्यमंत्री ने सराहा प्रयास

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने बुधवार को सदर तहसील के ग्राम मानीमऊ स्थित कंपोजिट विद्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय में चल रहे स्वच्छता अभियान की सराहना करते हुए इसे स्वच्छता का एक आदर्श मॉडल बताया। निरीक्षण के दौरान राज्यमंत्री ने बताया कि होली के अवसर पर विद्यालय को स्वच्छता किट उपलब्ध कराई गई थी, जिनकी सहायता से बच्चे प्रतिदिन अपने-अपने कक्षों की साफ-सफाई कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इससे बच्चों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता के साथ अनुशासन और जिम्मेदारी की भावना भी विकसित हो रही है। असीम अरुण ने कहा कि भारत की आश्रम परंपरा में भी विद्यार्थी स्वयं अपने आश्रम और परिसर की देखभाल करते थे। आज भी जापान जैसे देशों के विद्यालयों में अलग से सफाईकर्मी नहीं होते, बल्कि बच्चे खुद अपने स्कूलों की सफाई करते हैं और उन्हें व्यवस्थित रखते हैं। इससे उनमें स्वावलंबन और जिम्मेदारी की भावना विकसित होती है।

उन्होंने कहा कि स्वच्छता और स्वावलंबन का यह अनूठा प्रयोग बच्चों के व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इसी मॉडल को अपनाते हुए कन्नौज जिले के अन्य विद्यालयों को भी प्रेरित किया जाएगा, ताकि छात्र पढ़ाई के साथ जीवन मूल्यों में भी आगे बढ़ सकें।

## बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कार देना भी जरूरी: सिंधु कुमार दूबे

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



गांव नगला दुर्गा स्थित बाबा वीरेश्वर महाराज मठिया वाले मंदिर परिसर में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में आचार्य सिंधु कुमार दूबे ने कहा कि शिक्षा के साथ बच्चों को संस्कार भी दें। बिना संस्कार सेवा का लाभ नहीं मिलेगा। उन्होंने कहा आज के समय में कर्म प्रधान है। जैसा करोगे वैसा ही फल पाओगे। व्यक्ति के जीवन की कामनाओं का कभी अंत नहीं होता है। एक कामना पूरी होने पर दूसरी जागृत हो जाती है। केवल सत्संग ही जीवन में ईश्वर प्राप्ति का मार्ग प्रशस्त करता है। संत का हृदय मक्खन के समान शुद्ध व पवित्र होना चाहिए। संत को क्षमाशील होना चाहिए। जिस व्यक्ति ने जीवन में भगवान के चरित्र को नहीं सुना है, उसके जीवन का कल्याण संभव नहीं है। किसी भी व्यक्ति के जीवन में सुख-दुख एक साथ नहीं आते हैं। सुख आता है तो दुख जाता है। दुख आता है तो सुख का अंत हो जाता है। सभी देवताओं में भगवान शिव अति शीघ्र प्रसन्न होते हैं।

## ट्रैक्टर की टक्कर से बाईकों पर सवार तीन युवक की मौत

- युवकों की मौत के बाद परिजनों में मचा कोहराम

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



तेज रफ्तार का कहर और दर्दनाक हादसे का मंजर एक बार फिर कन्नौज में सामने आया। एक दर्दनाक हादसे में दो बाईकों पर सवार तीन लोगों की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। हादसा मंगलवार की देर रात नेशनल हाईवे 34 पर जलालपुर पनवारा/अटारा गांव के निकट हुआ। हादसे में कोल्ड से आलू के पैकेट उतारकर वापस लौट रहा ट्रैक्टर चालक भी घायल हुआ है। हाईवे पर देर रात हुई दुर्घटना के बाद यातायात को सामान्य कराने को मौके पर पहुंची पुलिस को भी मशक्कत करनी पड़ी। जानकारी के मुताबिक बीते मंगलवार को सदर कोतवाली के इनायतपुर गांव निवासी अरबाज और अब्दुल अहद जहां बीती रात एक ही बाइक से गांव से पेट्रोल पंप से डीजल लेने के लिए घर से निकले थे, वहीं छिबरामऊ क्षेत्र के निवासी अमित कुमार दोहरे अपने पिता को कानपुर के एक हॉस्पिटल में उपचार हेतु भर्ती करवाने के बाद बाइक से वापस घर लौट रहा था। नेशनल हाईवे 34 पर जलालपुर पनवारा/गांव अटारा के निकट रात करीब 11 बजे हुये हादसे के वारे में जानकारी के मुताबिक घटनाक्रम के दौरान मवई रिहायक गांव निवासी राजू कोल्ड पर आलू के पैकटों को उतारने के बाद जसोदा की ओर वापस लौट रहा था। बताया जा रहा है कि, उपरोक्त वाहनों में आगे पीछे निकलने की होड़ में ट्रैक्टर चालक द्वारा ट्रैक्टर की गति को तेज कर दिया गया था, इसी दौरान ट्रैक्टर ट्राली अनियंत्रण के कारण सड़क पर पलट गई। बाईकों के आगे निकली ट्राली पलटने से पीछे से आ रहे दो बाईकों पर सवार उपरोक्त तीन लोग बाईकों समेत ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आ गए। दुर्घटना में सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हुए बाइक सवारों और ट्रैक्टर ट्राली पलटने से घायल हुए ट्रैक्टर चालक के मामले की जानकारी पर मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल भिजवाया। यहां डाक्टरों ने उपचार के दौरान उपरोक्त दो बाईकों पर सवार तीनों लोगों की मौत की पुष्टि कर दी।

वहीं ट्राली पलटने से घायल हुए ट्रैक्टर चालक को उपचार के बाद तिर्वा मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया।

## डीएम ने किया अलियापुर प्रा.वि. का निरीक्षण

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



शिक्षा की गुणवत्ता जांचने बुधवार को जिले के जिलाधिकारी ठठिया क्षेत्र के अलियापुर गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय पहुंच गए। यहां निरीक्षण के दौरान डीएम ने बच्चों से बात की। शिक्षा का स्तर परखने के दौरान विद्यालय के बच्चों ने डीएम को ए बी सी डी भी सुनाई।

बताते चलें कि, बुधवार को जिले के प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षा का स्तर जांचने को जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री आकस्मिक दौरे पर रहे। दोपहर जिलाधिकारी ठठिया के प्राथमिक विद्यालय पहुंचे। यहां पहले डीएम ने विद्यालय की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इसमें विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों की संख्या से लेकर शिक्षा की गुणवत्ता, बच्चों की विद्यालय में पंजीकरण संख्या और उपस्थित के अलावा विद्यालय में साफ सफाई, पेयजल की व्यवस्था का भी निरीक्षण किया। विद्यालय प्रबंधन को और अधिक व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश जारी किए गए। विद्यालय में कक्षाओं में मौजूद बच्चों से मिले डीएम ने बच्चों की शिक्षा का जायजा लेने को उनसे ए बी सीडी भी सुनी। विद्यालय में शिक्षकों की संख्या को परखने के अलावा डीएम ने कहा कि शिक्षक विद्यालयों में समय से पहुंचे। डीएम ने कहा कि, अगर विद्यालय में बच्चों की संख्या कम है तो बच्चों को घर से बुलाकर उनको शिक्षा देने कार्य शिक्षक करें। डीएम के निरीक्षण के दौरान विधायक के शिक्षक और अन्य स्टॉफ भी मौजूद रहा।

## सादिकपुर में अवैध बायोडीजल पंप पर छापा, टैंक व नोजल सील

- बिना लाइसेंस हो रही थी पेट्रोल-डीजल की बिक्री
- टीम ने नमूने लेकर शुरू की कार्रवाई

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**




जनपद में पेट्रोलियम पदार्थों के अवैध भंडारण और बिक्री के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत मंगलवार को विकास खंड हसेरन क्षेत्र के सकतपुर-सौरिख मार्ग स्थित ग्राम सादिकपुर में संचालित एक बायोडीजल पंप पर छापेमारी की गई। संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर पंप के दोनों नोजल और भूमिगत टैंक के आउटलेट पाइप को सील कर दिया तथा पेट्रोल और डीजल के नमूने जांच के लिए सुरक्षित कर लिए। छापेमारी क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी कन्नौज, पूर्ति निरीक्षक तिर्वा और पूर्ति लिपिक तिर्वा की संयुक्त टीम ने की। निरीक्षण के दौरान पंप पर मौजूद मोहर सिंह पुत्र गेंदालाल निवासी आदमपुर (ब्लॉक हसेरन) ने खुद को सेल्समैन बताया। टीम ने पंप संचालन से संबंधित लाइसेंस व अन्य अभिलेख मांगे, लेकिन वह कोई भी वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। जांच में बिना सक्षम प्राधिकारी की अनुमति के पेट्रोलियम पदार्थों की बिक्री पाए जाने पर टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए पंप को सील कर दिया और सेल्समैन को अगले आदेश तक बिक्री न करने के निर्देश दिए। पूछताछ में मोहर सिंह ने पंप स्वामी का नाम श्याम किशोर पुत्र दर्शन सिंह निवासी सैफई (जनपद इटावा) बताया। टीम ने उनसे दूरभाष पर संपर्क किया, लेकिन उनके पास भी कोई वैध लाइसेंस नहीं पाया गया।

जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि अवैध भंडारण और बिक्री की पुष्टि होने पर संबंधित लोगों के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि जनपद में इस तरह की अवैध गतिविधियों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### तीन भैंसों की अचानक मौत से बैरागपुर में दहशत

**छिबरामऊ, कन्नौज।** ग्राम पंचायत मिघौली के मजरा बैरागपुर गांव में एक दिन में तीन भैंसों की अचानक मौत हो गई, जिससे पशुपालकों में भय और चिंता का माहौल है। देखते ही देखते पशुओं की हालत बिगड़ गई और उपचार का कोई मौका नहीं मिल सका। इस घटना से किसानों को लाखों रुपये का भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। पीड़ित परिवारों में सिद्ध श्री पत्नी मुकेश कुमार ने बताया कि उन्होंने दो साल पहले 1 लाख रुपये में भैंस खरीदी थी, जो अचानक मर गई। उनके बेटे सुधीश ने बैंक लोन लेकर पशु खरीदा था, लेकिन कर्ज की किस्तें चुकाने से पहले ही भैंस की मौत ने परिवार की कमर तोड़ दी। इसी तरह ज्ञानदेवी पत्नी वीरेंद्र ने डेढ़ साल पहले 75 हजार रुपये की बचत से भैंस खरीदी थी, उसकी भी जान चली गई।

# श्याम बाबा के दरबार में आस्था का दिखा सैलाब

**मनोना धाम के महंत ने दिया आशीर्वाद**



भक्तों को आशीर्वाद देते महंत ओमेंद्र महाराज



बाबा के दरबार में मरीज को ले जाते परिजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

श्रीश्याम आस्था परिवार समिति के तत्वाधान में पंचम श्री श्याम फाल्गुन महोत्सव का आयोजन नगर के क्रिश्चियन इंटर कालेज के मैदान पर आयोजित हुआ। मनोना धाम के महंत ओमेंद्र जी महाराज ने आये हुए भक्तों को आशीर्वाद दिया। जनपद के अलावा दूर दराज से आये भक्तों ने महंत ओमेंद्र महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया। अधिकांश भक्तगण जल लेकर साथ आये। खाटू श्याम बाबा में आस्था रखने वाले भक्तों का उत्साह देखते बन रहा था। बड़ी तादात में भक्त कार्यक्रम स्थल पर कई घंटे पहले से ही आकर बैठ गये। उनके नेत्र मनोना धाम के महंत को देखने के लिए ललाइत थी तो वहीं कान खाटू श्याम बाबा के भजन सुनने को आतुर थे। जिधर देखों उधर ही भक्त ही भक्त दिखायी दे रहे थे। यही नहीं कार्यक्रम स्थल से ज्यादा मनोना धाम के महंत जिस रास्ते आये और जहां कुछ समय के लिए विश्राम किया। उस स्थल पर भी भीड़ बेसुमार देखने को मिली। सुरक्षा में लगे सुरक्षा कर्मियों के पसीने छूट गये। श्री खाटू श्याम बाबा का भव्य दरबार आलौकिक श्रंगार के साथ सजा था। इत्र, पुष्प वर्षा व छप्पन भोग के साथ पूजन अर्चन हुआ। समिति के पदाधिकारियों ने व्यवस्था देखी। ब्रज अनुरागी वृन्दावन बरसाना से आयी पूनम दीदी ने अपने भक्ति गीतों से श्रोताओं को सरावोर किया। मिनी कन्हैया मित्तल अभिनव ऐरन हिसार हरियाणा से आकर खाटू श्याम बाबा के भजन सुनाकर मंत्रमुग्ध किया। पूरा मैदान भक्तों की भीड़ से भरा हुआ था। ओमेंद्र महाराज की झलक पाने के लिए भक्त पहले से ही क्रिश्चियन इंटर कालेज के मैदान पहुंचकर उनका इंतजार कर उनके आशीष वचन प्राप्त कर आशीर्वाद लिया। भक्ति गीतों के अलावा भक्तों ने हाथ उठाकर अभिवादन किया। सुरक्षा की दृष्टि से बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स तैनात रहा। बीमार व असहाय लोग भी बाबा का आशीर्वाद लेने के लिए कार्यक्रम में पहुंचे। परिवार के सदस्यों ने बीमार महिला को गोदी में उठाकर कार्यक्रम में ले जाकर बाबा जी के दर्शन कराये और आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम स्थल से लेकर मुख्य द्वार तक पानी की बोतलों के स्टाल लगाये गये। जहां से भक्तों ने बोतल खरीदकर बाबा से पानी पढ़वाकर घर ले गये। भक्त ऐसा मानते है कि रोगी मनुष्य को यह पानी पिलाने से उसके शरीर से बीमारी खत्म हो जाती है। वहीं मुख्य द्वार पर गुलाब व इत्र, पूजा सामिग्री की भी बिक्री के स्टाल लगे थे। मुख्य द्वार पर दोनों तरफ पंडा खड़े थे और आने वाले भक्तों का तिलक कर रहे थे। तो प्रभु में आस्था रखने वाले भक्त भी उन्हें कुछ न कुछ दान के रुप में दे रहे थे। इस दौरान क्षेत्राधिकारी ऐश्वर्या उपाध्याय ने कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। जिला पर्यावरण समिति की सदस्य सुमन श्रीवास्तव व उनके पति धर्मेन्द्र श्रीवास्तव ने भी मनोना धाम के महंत का स्वागत कर आशीर्वाद लिया।

# ओवरलोड माल ढोने के अभियोग में दो ट्रक सीज

**बकाया कर के अभियोग में सात ट्रक सीज**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



पकड़े गये ट्रक की जानकारी देते परिवहन अधिकारी

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी के निर्देशन में एआरटीओ-प्रवर्तन सुभाष राजपूत द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग के दौरान ओवरलोड माल ढोते हुये 2 ट्रक सीज किये गये व उन पर रू0 71 हजार का जुर्माना लगाया गया। इसके अतिरिक्त बकाया कर के अभियोग में 7 ट्रक सीज किये गये। जिन पर रू0 1.95 लाख का कर बकाया था। भविष्य में भी ओवरलोड वाहनों के विरूद्ध और अधिक कठोर कार्यवाही की जायेगी। राजस्व वसूली के दृष्टिगत 10 मार्च से 16 मार्च तक सघन बकाया वसूली अभियान चलाया जा रहा है। सभी कर बकाया वाहनों वाले वाहन स्वामियों से अपील है कि बकाया कर जमा कर दें, अन्यथा कि स्थिति में वाहन को सीज कर बकाया कर की वसूली की जायेगी।

# हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से मजदूर की मौत



मृतक का फाइल फोटो

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** ट्राला से मौरंग उतारते समय हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से मजदूर गंभीर रुप से घायल हो गया। उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालत बिगड़ने पर चिकित्सक ने लोहिया रेफर कर दिया। जहां मजदूर की मौत हो गयी। जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

कोतवाली कायमगंज क्षेत्र के मईहादीदपुर निवासी 38 वर्षीय रामबरन मजदूरी कर अपने परिवार का भरण–पोषण करते थे। बुधवार को वह गांव में ही एक दुकान पर आए मोरंग के ट्राला से मोरंग उतार रहे थे। ऊपरी से गुजरी हाईटेंशन की लाइन की चपेट में आ गया और गंभीर रुप से घायल हो गया। साथी मजदूरों ने उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया। हालत बिगड़ने पर परिजन उन्हें लोहिया अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना पर पत्नी राखी, मां उर्मिला और तीन बेटे करण, अर्जुन और सनी आदि परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल हो गया। पुलिस ने पहुंचकर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

# अनियंत्रित ट्रैक्टर पलटा, पल्लेदार की मौत, दो घायल

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।**



रोते बिलखते मृतक के परिजन



-अस्पताल में भर्ती घायल

नवाबगंज रोड पर बुधवार को ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलटने से एक पल्लेदार की मौत हो गई, जबकि चालक समेत दो लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार कस्बा निवासी रामनिवास कठेरिया का ट्रैक्टर उसका भांजा अभिषेक कुमार (22 वर्ष) पुत्र बबलू निवासी ग्राम रतनपुर थाना अलाऊ जनपद मैनपुरी चला रहा था। ट्रैक्टर पर उसके साथ मामा का लड़का गौतम पुत्र बेचेलाल निवासी कृष्णा बलराम नगर तथा धीरेंद्र कुमार उर्फ धीरू (20 वर्ष) पुत्र संतराम बाथम सवार थे। तीनों पल्लेदारी करने जा रहे थे। बताया गया है कि तीनों कस्बा निवासी चक्रपाल के यहां आलू लोड करने के लिए जा रहे थे। इसी दौरान नवाबगंज रोड पर रोहिला चौराहे से करीब 200 मीटर पहले शनिदेव मंदिर के पास ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गयाए जिससे तीनों घायल हो गए। घटना की सूचना पर डायल 112 और 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहम्मदाबाद ले जाया गया। वहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर ने धीरेंद्र कुमार उर्फ धीरू को मृत घोषित कर दिया, जबकि अन्य दोनों घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल डॉ0 राम मनोहर लोहिया के लिए रेफर कर दिया गया। सूचना मिलने पर कस्बा इंचार्ज सुरेश चाहर तथा कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया तथा ट्रैक्टर को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। परिजनों के अनुसार मृतक सुबह लगभग 9 बजे घर से मजदूरी के लिए निकला था। मृतक छह भाई-बहनों में सबसे छोटा था। उसकी मौत की खबर से परिवार में शोक का माहौल है और मां सत्यवती का रो-रोकर बुरा हाल है।



संकीर्तन में मौजूद भक्तगण

## श्री हरिनाम संकीर्तन सुन भाव-विभोर हुए भक्तगण

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।** कस्बा अमृतपुर निवासी अनुराग अवस्थी उर्फसोनू के निवास पर पंडित उमचरण अवस्थी (राधे–राधे) के सानिध्य में दो दिवसीय श्री हरिनाम संकीर्तन का आयोजन किया गया। श्रीधाम वृन्दावन से पधारे संतजनों ने मधुर भजनों और संकीर्तन के माध्यम से महामंत्र का संकीर्तन किया। जिसे सुनकर पूरा कस्बा भाव–विभोर हो गया। कार्यक्रम के दूसरे दिन भगवान को सिंहासन पर विराजमान कर कस्बे में भव्य प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी में क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पूरे कस्बे में भक्ति का वातावरण बन गया। इस दौरान प्रधान सचिन देव तिवारी, जिला पंचायत सदस्य अजय कुमार सिंह चौहान लाला भैया, प्रधान राकेश सिंह, रामकुमार सिंह चौहान, देवेंद्र देव तिवारी, नीरज अवस्थी, सुमित अवस्थी, डॉ0 बंगाली सहित क्षेत्र के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# छात्रों के लिए शुरू हुआ एसपीईएल प्रशिक्षण

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**



विद्यार्थियों को जागरूक करते एसआई

कायमगंज कोतवाली में भारत सरकार की योजना के तहत पुलिस विभाग ने युवा पीढ़ी के साथ बेहतर तालमेल बैठाने और विद्यार्थियों के कौशल विकास के लिए एक अभिनव पहल एसपीइएल (छात्र पुलिस अनुभवात्मक शिक्षण) कार्यक्रम की शुरुआत की है। कार्यक्रम के तहत स्नातक स्तर के छात्र-छात्राओं को पुलिस थानों और अन्य पुलिस प्रतिष्ठानों में 30 दिवसीय व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा।

छात्रों को प्रशिक्षण देने वाले एसआई नितिन मिश्रा ने बताया कि कार्यक्रम का मूल मंत्र करके सीखना है। उन्होंने कहा कि अक्सर किताबी ज्ञान और व्यावहारिक जगत में अंतर होता है। छात्रों को पुलिस विशेषज्ञों की देखरेख में प्रशिक्षित किया जाएगा। इसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों के सोचने, समझने और तर्क करने की क्षमता के साथ-साथ उनके संवाद कौशल में गुणात्मक सुधार के साथ आपराधिक प्रक्रिया, अनुसंधान, यातायात नियंत्रण, साइबर क्राइम और मानव तस्करी जैसे गंभीर विषयों की जमीनी हकीकत को समझ सकेंगे। इस योजना से युवाओं के मन में पुलिस के प्रति व्याप्त भ्रांतियों को दूर कर उन्हें पुलिस मित्र के रूप में विकसित करना है। विभाग का मानना है कि इस कार्यक्रम से न केवल छात्रों को लाभ होगा, बल्कि पुलिस विभाग को भी समाज में अपनी छवि सुधारने में मदद मिलेगी।अक्सर कड़ी मेहनत के बाद भी पुलिस के कार्यों को वह प्रोत्साहन नहीं मिल पाता जो अपेक्षित है। एसपीईएल के माध्यम से युवा हमारी चुनौतियों को करीब से देखेंगे और समाज में पुलिस के सकारात्मक पक्ष को रखने वाले ब्रांड एंबेसडर बनेंगे। यह कार्यक्रम छात्रों के लिए करियर के नए द्वार भी खोलेगा। सकारात्मक रूप से प्रेरित विद्यार्थी भविष्य में पुलिस सेवा को अपने करियर के रूप में चुनने के लिए प्रोत्साहित होंगे। साथ ही, ये युवा इंटर्न्स पुलिस को कार्यप्रणाली सुधारने के लिए नए सुझाव देंगे और सोशल मीडिया के माध्यम से विभाग के सकारात्मक कार्यों को जन.जन तक पहुँचाएंगे। उन्होंने बताया कि नगर के लक्ष्मी यदुनंदन महाविद्यालय और विद्या मंदिर महाविद्यालय के एनएसएस व एनसीसी के छात्रों को इसमें प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से 3 बजे तक प्रशिक्षण दिया जाएगा। एलवाई डिग्री कालेज की शिवानी, रानी, शिवांग मिश्रा, सचिन, सौरभ, तथा विद्या मंदिर महाविद्यालय के यश तिवारी, इदु तिवारी, गौरांग तिवारी, रिचा पाल, दिव्यांश शर्मा रहे।

# डीएम ने की जल संचय जनभागीदारी 2.0 पहल की समीक्षा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



बैठक लेते डीएम मौजूद अधिकारीगण

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी ने कलेक्ट्रेट सभागार में जल शक्ति अभियान कैच द रेन के अंतर्गत जल संचय जनभागीदारी 2.0 पहल की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, उप कृषि निदेशक, सहायक अभियंता लघु सिंचाई, जिला उद्यान अधिकारी, सहायक अभियंता सिंचाई सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान सहायक अभियंता लघु सिंचाई द्वारा अवगत कराया गया कि जल संरक्षण से संबंधित कराए जा रहे कार्यों को भारत सरकार के जेएसजेबी 2.0 पोर्टल पर फीड किया जाना है, जिसके अंतर्गत अब तक जनपद में 660 कार्यों की फीडिंग की जा चुकी है। डीएम ने समस्त विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि जल संरक्षण से संबंधित कराए गए कार्यों जैसे रूफटॉप रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, रिचार्ज शाफ्ट, रिचार्ज पिट, सोक पिट, ट्रेंचेस, चेकडैम, तालाब, मेड़बंदी आदि सभी कार्यों की सूचना तत्काल पोर्टल पर फीड कराई जाए। डीएम ने बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि उनके अधीन संचालित सभी शासकीय, अर्धशासकीय एवं वित्तविहीन विद्यालयों में सोक पिट एवं रूफटॉप रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनवाए जाएं। इसके साथ ही पंचायती राज विभाग को प्रत्येक राजस्व गांव में दो सोक पिट बनवाने के निर्देश दिए गए। समस्त अधिशासी अधिकारियों को अपने अपने क्षेत्र में 20-20 सोक पिट बनवाने के लिए निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त वन विभाग को 200 ट्रेंचेस तथा जिला उद्यान अधिकारी को संचालित कोल्ड स्टोरेजों में 200 सोक पिट बनवाने हेतु निर्देशित किया गया। डीएम ने कहा कि जल संरक्षण के लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें तथा अभियान के अंतर्गत कराए जा रहे कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाएए जिससे वर्षा जल का अधिकतम संचयन हो सके और भूजल स्तर में सुधार लाया जा सके।

# जिला स्तरीय जूनियर बालक-बालिका हॉकी प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ी

जिला खेल कार्यालय स्पोर्ट्स स्टेडियम फतेहगढ़ द्वारा जनपद स्तरीय जूनियर बालक/बालिका हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। हॉकी प्रतियोगिता का शुभारम्भ सुशांत गुप्ता, लक्ष्मण अवार्डी ताइक्वाण्डो द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर एवं टॉस कराकर किया गया। हॉकी प्रतियोगिता में 06 टीमों ने प्रतिभाग किया। बालक वर्ग में पहला मैच खेलो इण्डिया सेन्टर फर्रुखाबाद (05 गोल) बनाम जी. आई.सी. फतेहगढ़ ए. (02 गोल)= खेलो इण्डिया सेंटर 5-2 गोल के अन्तर से विजेता बना। दूसरा मैच जी.आइ.सी. फतेहगढ़ बी व जनता इण्टर कालेज फतेहगढ ए. के मध्य में जनता इण्टर कालेज फतेहगढ ए. वाकओवर देकर जी.आइ.सी.फतेहगढ बी टीम विजेता बनी। तीसरा मैच खेलो इण्डिया सेन्टर फर्रुखाबाद (03 गोल) बनाम स्टेडियम फतेहगढ (01 गोल)= खेलो इण्डिया सेंटर 3-1 गोल के अन्तर से विजेता बना। चौथा मैच स्टेडियम फतेहगढ़ (02 गोल) बनाम जनता इण्टर कालेज फतेहगढ बी (01 गोल)= स्टेडियम फतेहगढ़ 2-1 से विजेता बना। फाइनल मैच खेलो इण्डिया सेन्टर फर्रुखाबाद (04 गोल) बनाम जी.आइ.सी.ए. (01 गोल) खेलो इण्डिया सेंटर 4-1 से विजेता बना। वहीं बालिका वर्ग में पहला मैच खेलो इण्डिया सेन्टर फर्रुखाबाद (03 गोल) बनाम जी.जी.आई.सी. फतेहगढ़ ए0 (01 गोल) खेलो इण्डिया सेंटर 3-1 गोल के अन्तर से विजेता बना। दूसरा मैच स्टेडियम फतेहगढ़ (02 गोल) बनाम रखा बालिका इण्टर कालेज फतेहगढ़ ए0 (00 गोल) स्टेडियम फतेहगढ़ टीम 2-0 से विजेता बना। तीसरा जी.जी.आई.सी. फतेहगढ़ बी0 (02 गोल) बनाम रखा बालिका इण्टर कालेज फतेहगढ़ बी0 (00 गोल) जी.जी.आई.सी. फतेहगढ़ बी0 2-0 गोल के अन्तर से विजेता बना। चौथा मैच खेलो इण्डिया सेन्टर फर्रुखाबाद (04 गोल) बनाम स्टेडियम फतेहगढ़ (01 गोल) खेलो इण्डिया सेन्टर फर्रुखाबाद 4-1 से विजेता बना। फाइनल मैच खेलो इण्डिया सेन्टर फर्रुखाबाद (04 गोल) बनाम जी.जी.आई.सी.ए. (00 गोल) खेलो इण्डिया सेंटर 4-0 से विजेता बना। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका में सत्यम मिश्रा, शबनम शाक्य, दीपक कुमार, अजय मासूर, सुशील कुमार, सुशांत गुप्ता, पूनम शर्मा मौजूद रहे। इस अवसर पर अवनीन्द्र सक्सेना सचिव जिला हॉकी संघ/जिला ओलम्पिक संघ स्टेडियम के समस्त कर्मचारियों का सहयोग मिला। 12 मार्च को जिला स्तरीय जूनियर बालक/ बालिका कबड्डी, एथलेटिक्स, वालीबाल बैडमिण्टन प्रतियोगिता का आयोजन प्रातः 09 बजे से प्रारम्भ होगी। जिला स्तरीय जूनियर बालक/बालिका बाक्सिंग प्रतियोगिता 15 मार्च को आयोजन कराया जायेगा। पुरस्कार वितरण समारोह 16 मार्च को दोपहर 03 बजे से मुख्य अतिथि द्वारा वितरित किया जायेगा।

# फूलमती देवी मंदिर में शीतलाष्टमी पर उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**



पूजा अर्चना करते भक्तगण

होली के उल्लास के बाद चैत्र कृष्ण अष्टमी बसोड़ा के अवसर पर कायमगंज स्थित सिद्ध पीठ फूलमती देवी मंदिर शीतला माता मंदिर में आस्था का भव्य स्वरूप देखने को मिला। हज़ारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने माँ के दरबार में मत्था टेका और परिवार की सुख-समृद्धि व आरोग्य की कामना की। परंपरा के अनुसार, माता शीतला को ठंडे और बासी पकवानों का भोग लगाया गया। श्रद्धालुओं ने घर में एक दिन पूर्व तैयार किए गए बाजरा, दही, पुआ, पकौड़ी और मीठे चावलों का नैवेद्य अर्पित किया। कहा जाता है कि शीतला माता शीतल जल और ठंडे भोजन से प्रसन्न होती हैं। उन्हें बासी भोजन अर्पित करने से चेचक, खसरा और अन्य चर्म रोगों से मुक्ति मिलती है तथा शरीर में शीतलता बनी रहती है। बुधवार तड़के 4 बजे से ही मंदिर के कपाट खुलते ही जयकारों से वातावरण गुंजायमान हो उठा। नगर के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों से आए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के कारण मंदिर परिसर में लंबी कतारें देखी गईं। सुरक्षा व्यवस्था और भीड़ प्रबंधन के बीच भक्तों ने धैर्यपूर्वक बारी का इंतजार किया और माता के विग्रह के दर्शन किए। हवन पूजन में पूर्णाहूति के साथ मेले का विधिवत शुभारंभ हुआ। मंदिर के आसपास लगे मेले ने बच्चों और बड़ों, दोनों को अपनी ओर आकर्षित किया। महिलाओं ने घरेलू सामान और श्रृंगार सामग्री की खरीदारी की। चाट पकौड़ी और जलेबी की दुकानों पर दिनभर भीड़ जुटी रही। श्रद्धालुओं की भारी आमद को देखते हुए प्रशासन और मंदिर कमेटी की ओर से पुख्ता इंतजाम किए गए थे। चप्पे चप्पे पर पुलिस बल की तैनाती रही, ताकि महिलाएं और बच्चे सुरक्षित तरीके से दर्शन कर सकें। वही इस बार नाव व अन्य झूले जगह के अभाव में नहीं लग पाए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस बार जगह का अभाव है क्योंकि खाली पड़ी जगह पर प्लाटिंग हो चुकी है और मकान बन चुके हैं। जिससे झूलों के अभाव के कारण छोट छोटे बच्चे मायूस दिखाई दिए।

# ब्लॉक स्तरीय उन्मुखीकरण संगोष्ठी एवं कार्यशाला का हुआ आयोजन

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**



पूजन करती विधायक व चेयरमैन

समग्र शिक्षा अभियान के तहत ब्लॉक संसाधन केंद्र पर विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्षों, प्रधानाध्यापकों और ग्राम प्रधानों की एक दिवसीय ब्लॉक स्तरीय उन्मुखीकरण संगोष्ठी एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक डॉ0 सुरभि, विशिष्ट अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष डा0 शरद गंगवार और संयोजक खंड शिक्षा अधिकारी ओम प्रकाश पाल ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया। प्राथमिक विद्यालय उलियापुर और उच्च प्राथमिक विद्यालय अताईपुर जदीद के छात्र छात्राओं ने मनमोहक सरस्वती वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का स्वागत किया। नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा दी गई सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभागार में मौजूद सभी लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विधायक ने विद्यालयों के कायाकल्प में एसएमसी और ग्राम प्रधानों के सहयोग की जमकर सराहना की। उन्होंने कहा कि शिक्षा के स्तर को सुधारने के लिए सरकार कई महत्वपूर्ण योजनाएं चला रही है, जिसका लाभ अंतिम छोर तक पहुंचना चाहिए। एआरपी सुबोध अग्निहोत्री ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए संगोष्ठी के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष निर्देश गंगवार और वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ आर्येंद्र कुमार सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

कार्यक्रम के दौरान सहायक अध्यापिका शुचिता यादव, अश्मी नाज, रुचि गंगवार और टीम लीडर उदय यादव द्वारा बनाई गई आकर्षक रंगोली आकर्षण का केंद्र रही। वीरेंद्र सिंह द्वारा कार्यक्रम का छायांकन एवं चित्रांकन किया गया। इस अवसर पर एआरपी अनुराग पाठक, श्याम श्रीवास्तव, अश्वनी चतुर्वेदी, मुकेश कुमार, उदित यादव, अवधेश गुप्ता, जयगोपाल, विक्रांत पाठक, अमीर सिंह, हरिशंकर, अभिषेक कुमार, रतन सिंह, वेदपाल, प्रीतम सिंह, राजवीर और मनोज सहित भारी संख्या में शिक्षक एवं समिति सदस्य मौजूद रहे। संचालन योगेंद्र सिंह और ज्योति श्याम गौड़ ने किया।

# जकात के जरिए गरीबों, मोहताजों, मिस्कीनो की करें मदद: मुशीर मियां

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**



इफ्तार में रोजा खोलते रोजेदार

दरगाह हजरत बाबा जूही शाह पर आज 21वां रोजा इफ्तार में भारी तादाद में रोजेदारों ने रोजा इफ्तार किया। दरगाह के सज्जादानशीन सूफी हजरत मुशीर अहमद कादरी चिश्ती वारसी ने कहा मालिक निसाब वो है जिसके पास 7.5 तोला सोना या 52.5 तोला चांदी या दोनों में से किसी एक के बराबर नकद रुपया है और उस पर साल गुजर गया तो उस पर जकात वाजिब है। जकात दुकान गोदाम में रखे माल या दुकानों गोदामों से आए किरायों पर और खेती से पैदा हुई फसल पर भी जकात वाजिब है। जकात उसको दे जो गरीब मोहताज मस्कीन कर्जदार हो और बेहतर है कि जकात अपने कमजोर भाई बहन करीबी रिश्तेदार को दे, फिर पड़ोसी, मदरसा वगैरह को दे। फितरा का हिसाब इस तरह लगाएं 2 किलो 45 ग्राम गेहूं या उसकी रकम ईद की नमाज से पहले अदा करें। फितरा व जकात के तमाम मसाइल और ज्यादा तफसील से जानने के लिए अपने जानने वाले किसी आलिम मुफ्ती से हासिल करें। इफ्तार से पहले फातिहा का एहतिमाम किया गया बाद फातिहा मुल्क और मुल्क के तमाम लोगों की भलाई के लिए दुआ की गई। वहीं विकास खण्ड कायमगंज की ग्राम पंचायत गिर्द कायमगंज के प्रधान उमर सैफ उर्फ लाडले ने रोजा इफ्तार कराया रोजा इफ्तार में भारी तादात मे रोज दारो ने रोजा खोला।

इफ्तार पार्टी में मुफ्ती मुनीर, सलीम खान, संजय शर्मा, विनय सक्सेना, शाहबाज खान, सैयद जमाल अली, अकील खान, नाजिम मंसूरी, हसीब, आमिर हुसैन, जूही, हाफिज रिफत, तौहीदए तमहीद, जमीर अहमद, बबलू भाई, अमरेश गंगवार, शनी बाथम, लाल मियाँ, बाबू खान,मुन्ना राजपूत, धनेश, राहुल सागर, कामरान खान, पवन बॉथम, आदिल अमान, सिराज खान, मसूद खान, दिनेश वाजपई आदि ने शिरकत की।

## दबंगों ने पूर्व सैनिक को मारपीट कर किया घायल



जानकारी देते नरेश चन्द्र

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** पुरानी रंजिश के चलते दबंगों ने पूर्व सैनिक के साथ गाली–गलौज किया। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर घायल का डाक्टरी परीक्षण कराया। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गाँव सिकन्दरपुर तिहैया निवासी पूर्व सैनिक नरेश चन्द्र उम्र 60 वर्षीय पुत्र सोने लाल ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है वह घर के दरवाजे पर झाड़ू लगा रहे थे। उसी दौरान पुरानी रन्जिश को लेकर गांव के पन्छू सत्यपाल, छविनाथ पुत्रगण महेश चन्द ने गाली–गलौज किया। विरोध करने पर दबंगों ने नरेश चन्द्र को लात–घुसों व लाठी–डन्डों से मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने घायल का मेडीकल परिक्षण करवाया और कार्यवाही का आश्वासन दिया।

# डीएम ने गैस एजेंसियों एवं पेट्रोल पम्प संचालकों के साथ की बैठक

▸ बुकिंग के उपरांत एक से दो दिन के भीतर उपभोक्ताओं को गैस डिलवरी के दिये निर्देश



बैठक लेते डीएम



मौजूद गैस एजेंसियों एवं पेट्रोल पम्प संचालक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी डॉ. आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता व पुलिस अधीक्षक आरती सिंह की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद की सभी गैस एजेंसियों एवं पेट्रोल पम्प संचालकों के साथ आवश्यक बैठक आयोजित की गई।

बैठक में सर्वप्रथम विक्रय प्रबंधक एल.पी.जी./पेट्रोलियम पदार्थ द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में गैस, पेट्रोल एवं डीजल की पर्याप्त उपलब्धता है तथा कहीं भी किसी स्तर पर इनकी आपूर्ति में कोई बाधा नहीं है। डीएम ने सभी गैस एजेंसियों को निर्देशित किया कि वे अपनी एजेंसियां प्रातः निर्धारित समय पर खोलना सुनिश्चित करें तथा बुकिंग के उपरांत एक से दो दिन के भीतर उपभोक्ताओं को प्राथमिकता के आधार पर गैस की डिलीवरी उपलब्ध कराएं।

उन्होंने स्पष्ट किया कि जिस उपभोक्ता द्वारा बुकिंग की गई है, उसी को गैस सिलेंडर की डिलीवरी दी जाए। सी.एस.सी. केंद्रों पर गैस केवल उसी स्थिति में दी जाए जब संबंधित उपभोक्ता की बुकिंग हो तथा किसी भी दशा में वहां 100 किलोग्राम से अधिक स्टॉक न रखा जाए। साथ ही स्टॉक की स्थिति एवं के.वाई.सी. प्रक्रिया का प्रदर्शन गैस एजेंसी के शोरूम के साथ.साथ गोदाम पर भी किया जाए। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी गैस एजेंसी एवं पेट्रोल पम्प स्वामी अपने स्टॉक की स्थिति को देखते हुए अग्रिम रूप से धनराशि जमा कराकर गैस, डीजल एवं पेट्रोल की आपूर्ति समय से मंगाना सुनिश्चित करें। भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देशों के अनुसार किसी भी दशा में बोतल, केन अथवा खुले पात्र में पेट्रोल की बिक्री न की जाए तथा पेट्रोल की बिक्री केवल वाहनों की टंकियों में ही की जाए। इस संबंध में सूचना सभी पेट्रोल पम्पों पर प्रदर्शित की जाए। डीजल की बिक्री के संबंध में यह भी सुनिश्चित किया जाए कि किसानों को कृषि कार्य हेतु अनुमन्य मात्रा से अधिक डीजल एक बार में न दिया जाए। उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति अधिक मात्रा में गैस सिलेंडर, डीजल अथवा पेट्रोल खरीदकर जमाखोरी करने का प्रयास करता है तो इसकी सूचना तत्काल प्रशासन को दी जाए। सभी गैस एजेंसी एवं पेट्रोल पम्प संचालकों को यह भी निर्देशित किया गया कि निर्धारित मूल्य एवं निर्धारित मात्रा के अनुसार ही ईंधन की आपूर्ति की जाए। यदि कहीं अधिक मूल्य वसूलने अथवा घटतौली की शिकायत प्राप्त होती है तो संबंधित के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के अंतर्गत विधिक कार्यवाही की जाएगी। पुलिस अधीक्षक ने अवगत कराया कि पुलिस द्वारा जनपद के सभी गैस एजेंसियों एवं पेट्रोल पम्पों का समय-समय पर रैंडम निरीक्षण किया जाएगा। साथ ही भ्रामक सूचना फैलाने वाले अराजक तत्वों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने सभी गैस एजेंसी एवं पेट्रोल पम्प संचालकों को निर्देशित किया कि उपरोक्त निर्देशों का कड़ाई से पालन करते हुए नो हेलमेट, नो फ्यूलअभियान का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करें। बैठक में अनुपस्थित पेट्रोल पम्प एवं गैस एजेंसी संचालकों को कारण बताओ नोटिस/स्पष्टीकरण जारी करने की कार्रवाई की जा रही है।

## बैठक में अनुपस्थित गैस एजेंसियों एवं पेट्रोल पम्प संचालकों को नोटिस

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बैठक में अनुपस्थित पेट्रोल पम्प स्वामी व गैस वितरकों को नोटिस देकर जबाव मांगा गया है। अनुपस्थित रहने वाले गैस वितरकों में ए.के. सिंह इंडेन गैस सर्विस व अनुपस्थित पम्प स्वामी मै0 कारगिल फिलिंग स्टेशन मोहम्मदाबाद, बांके बिहारी फिलिंग स्टेशन रुपनगर मोहम्मदाबाद, श्री गिरीराज जी पेट्रोलियम अलाबलपुर मोहम्मदाबाद, गतिमान फ्यूलम ग्राम खैरबंदी, ओम साई फिलिंग स्टेशन नवाबगंज, हमारा पम्प बाबा फिलिंग स्टेशन रुदायन, हरी उपासग फिलिंग स्टेशन भूलनपुर चिलपुरा इन सभी को नोटिस देकर जबाव मांगा गया है। संतोषजनक जबाव न मिलने पर कार्यवाही की जायेगी।

# भाजपा नेता के होली मिलन समारोह में दिखी एकता की मिसाल, दिया भाईचारे का संदेश

▸ कार्यक्रम में आये सभी अतिथियों का विकास राजपूत ने किया आभार व्यक्त



कार्यक्रम के दौरान विकास राजपूत व मातृ शक्ति

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

होली केअवसर पर भाजपा नेता विकास राजपूत द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में उत्साह, उमंग और आपसी भाईचारे का माहौल देखने को मिला।

कार्यक्रम में विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी, कार्यकर्ता तथा जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में शामिल हुए और एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में जिले के कई राजनीतिक और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी से जनपद में राजनीतिक हलचल भी तेज होती नजर आई। इन दिनों जिले में अलग-अलग स्थानों पर जनप्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों द्वारा आयोजित कार्यक्रमों के कारण राजनीतिक माहौल भी गर्म बना हुआ है। भाजपा नेता विकास राजपूत ने कहा कि होली मिलन समारोह कोई राजनीतिक कार्यक्रम नहीं है, बल्कि सामाजिक समरसता और आपसी भाईचारे को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इसका आयोजन किया गया है।

उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में सभी वर्गों तथा सभी राजनीतिक दलों के लोगों को आमंत्रित किया गया है, क्योंकि होली का त्योहार प्रेम, सद्भाव और एकता का प्रतीक है।

समारोह में एनडीए समर्थक नेताओं सहित विभिन्न क्षेत्रों के गणमान्य लोगों ने भी भाग लिया और एक-दूसरे को गले लगाकर होली की बधाई दी।

# नखास की ऊंची मस्जिद में कुरान मुकम्मल व रोजा के साथ हुई तरावीह



तरावीह पढ़ते लोग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मोहल्ला नखास की ऊंची मस्जिद में कुरान मुकम्मल बशक्ल रोजा तरावीह हाफिज तल्हा ने अदा कराई। मुकम्मल शरीफ के खास मौके पर सदारत और रस्म ए मुकम्मल शरीफ खानकाह फतेहगढ़ हजरत मखदूम शाह सय्यद शहाबुद्दीन औलिया के सज्जादानशीन जानशीन ए हुजूर मोहब्बत शाह हजरत पीरजादा शाह मुहम्मद वसीम उर्फ मुहम्मद मियां ने की और इनामात भी तकसीम कराए गए। इस मौके पर मस्जिद मुतवल्ली ने फातिहा ख्वानी और तबर्रुकात का एहतमाम किया। जिसमें हाजी इखलाक, इर्तिजा हुसैन उर्फ इज्जा भाई, मसर्रत हुसैन, हाजी असद हुसैन, रफत हुसैन, मो0 इमरान, मो0 मोइन, सईद हुसैन उर्फबबलू, अकबर हुसैन, फरहत हुसैन, समद हुसैन, आमिर हुसैन आदि लोग मौजूद रहे।

## लंबे संघर्ष के बाद सुप्रीम कोर्ट ने दिलाई नौकरी



मिठाई खिलाते राजकिशोर शुक्ला

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** उच्च प्राथमिक विद्यालयों में विज्ञान एवं गणित विषयों की सीधी भर्ती में 13 वर्षों के लंबे संघर्ष के बाद सुप्रीम कोर्ट ने दिलाई नौकरी। कायमगंज नगर के प्रतिष्ठित एपी पब्लिक स्कूल के शिक्षक संदीप द्विवेदी का जारी सूची में चयनित होने पर उनके परिजनों, रिश्तेदारों एवं मित्रों में खुशी की लहर दौड़ गई। सीमा शुक्ला, गौरी पाठक, शालिनी, अंजू तिवारी, लीना, सीमा द्विवेदी, युक्ता शुक्ला, मुकेश दुबे, गोपाल कृष्ण पाठक ने उनके आवास पहुंच कर मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री राजकिशोर शुक्ल ने बताया कि संदीप द्विवेदी उनके साले हैं और 13 वर्षों के लंबे संघर्ष के बाद सुप्रीम कोर्ट के निर्णय से उन्हें शिक्षक पद पर नौकरी मिली।

# मेधावियों को प्रशस्ति पत्र व शील्ड देकर किया गया सम्मानित

▸ गुरुकुल वर्ल्ड स्कूल में वार्षिक परीक्षा दिवस का हुआ आयोजन



विद्यार्थियों को सम्मानित करते प्रबंधक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

गुरुकुल वर्ल्ड स्कूल में वार्षिक परीक्षा दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक प्रमोद अग्रवाल, प्रधानाचार्य डॉ. लकी चावला ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कक्षा नवम तथा एकादश के छात्रों को परीक्षा परिणाम वितरित किए गए। जिसमें उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्रों को शील्ड तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य डॉ. लकी चावला ने कहा आज के बच्चे कल का भविष्य हैं, इसलिए हमें उन्हें बेहतर शिक्षा से संबंधित हर सुविधा उपलब्ध करानी चाहिए। उपप्रधानाचार्या डॉ. अंजू सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## संदिग्ध परिस्थितियों में महिला व किशोरी की मौत

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** संदिग्ध परिस्थितियों में महिला व किशोरी की मौत हो गयी। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार कायमगंज कोतवाली क्षेत्र नगर के मोहल्ला सधवाड़ा निवासी रेशमा माथुर उम्र 40 वर्षीय पत्नी वीरेन्द्र माथुर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी। वहीं परिजनों ने बताया कि लगभग 8 दिन पूर्व दोपहर को छत पर बने शौचालय पर शौच करने गयी थी। उसी दौरान वह किसी हवा की चपेट में आकर चीखने चिल्लाने तथा सामान फेंकने लगी। इस दौरान पुत्र आशू ने भगत के बुलाया। भगत ने कहा इस पर बहुत बुरा साया है इसे बरेली ले जाओ। जिस पर परिजन बरेली स्थित एक भगत के पास ले गये। वहाँ उसकी मौत हो गई। शव घर आते ही परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं दूसरी घटना जनपद झारखण्ड निवासी अनीता उम्र 14 वर्षीय पुत्री बाबूराम की माँ अनीता की मौत हो गई थी। बचपन से ही उसकी बुआ गुड़िया ने उसे अपने साथ कायमगंज क्षेत्र के मोहल्ला चिलाँका ले आई। अनीता बुआ के पास ही रहती थी। उसे तीन दिन पूर्व बुखार आया। जिसके बाद बुआ ने एक प्राइवेट चिकित्सक से उपचार कराया। हालत बिगड़ने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहाँ ड्युटी पर तैनात चिकित्सक डा0 जितेन्द्र बहादुर ने अनीता को मृत घोषित कर दिया। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया।

# महिलायें हर क्षेत्र में बन रहीं हैं आत्मनिर्भरः डॉ. वंदना द्विवेदी

## अधिवक्ता परिषद के तत्वाधान में महिला सशक्तिकरण गोष्ठी का हुआ आयोजन



कार्यक्रम में मौजूद अधिवक्ता व नारी शक्ति

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अधिवक्ता परिषद काशी जिला इकाई के तत्वावधान में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला सशक्तिकरण गोष्ठी का आयोजन जिला अधिवक्ता संघ सभागार में किया गया। कार्यक्रम का सुभारंभ मंचासीन अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित कर वंदे मातरम् से किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ. वंदना द्विवेदी ने कहा कि महिलाएं आज किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है। महिलाओं ने अपनी अलग पहचान बनाई है, और धीरे-धीरे आत्मनिर्भर बन रहीं हैं। संचालिका अधिवक्ता परिषद की महिला उपाध्यक्ष उमा मिश्रा ने कहा कि आज हमारे समाज में महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। आज महिलाएं विभिन्न पदों पर आसीन हैं। उनको खुले मन से समाज में अपना स्थान बनाना चाहिए। महिलाओं के सशक्तिकरण में पुरुषों का योगदान बराबर का है। कोई पुरुष ही किसी का भाई पिता एवं पति होता है, हम महिलाओं के आगे बढ़ने में पुरुष का स्थान मुख्य होता है। मुख्य वक्ता सुमन राठौर जी सदस्य-किशोर न्याय वोर्ड ने की। संचालन उमा मिश्रा ने किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गीत से हुआ। कार्यक्रम में अधिवक्ता परिषद की जिला इकाई महिला टोली सदस्य शिवांगी तिवारी, साक्षी गुप्ता, भावना गुप्ता, गायत्री, पर्यावर विशेषज्ञ गुंजा जैन, डॉ. गायत्री मिश्रा, प्रीति तिवारी, डॉ. निधि मिश्रा, बबीता पाठक, चित्र अग्निहोत्री, बबीता सिंह, बबीता सिंधी, शिवांशी गुप्ता, नेहा राठौर, पिंकी बाथम, नेहा प्रजापति, तान्या शर्मा, मोहिनी सिंह, मुस्कान वर्मा, नीलम शाक्य, अन्जली दिवाकर, प्रिया शर्मा आदि उपस्थित रहीं।

# विद्युत विभाग की लापरवाही को लेकर भाकियू अखण्ड प्रदेश 15 मार्च को करेगी घेराव

▸ अधिकारियों की लापरवाही के चलते बिजली के तारों से अभी तक केबिल को जोड़ा नहीं गया



राजेश दीक्षित बबलू

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

दक्षिणांचल विद्युत वितरण खंड लिमिटेड निगम भोलेपुर फतेहगढ़ के द्वारा मसैनी चौराहे से लेकर भूसा मंडी तक अंडरग्राउंड विद्युत केबल काफी समय पूर्व एनएच-730सी बरेली इटावा हाईवे पर चौड़ीकरण के दौरान डाली जा चुकी है, लेकिन विद्युत विभाग के अधिकारियों की लापरवाही के चलते बिजली के तारों से अभी तक केबिल को जोड़ा नहीं गया है। जिस कारण दुर्घटनाएं भी हो चुकी है। भारतीय किसान यूनियन अखण्ड प्रदेश के राष्ट्रीय महासचिव राजेश दीक्षित बबलू ने अधीक्षण अभियंता को कई बार अवगत करा चुके है। उसके बावजूद भी विद्युत केबिल खुली पड़ी है। ऐसे में हादसे होते जा रहे है। लोगों की जान के साथ खिलवाड़ हो रहा है।इस संबंध में भारतीय अखण्ड प्रदेश दोषियों के खिलाफ कार्यवाही के लिए मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजेंगे।

जबकि रामप्रताप सिंह चौहान 7 दिसंबर 2025 को नंगे झूलते हुए तारों की चपेट में आ गए और गंभीर रूप से घायल हो गए, आज भी उनका इलाज चल रहा है और वह अभी तक स्वस्थ नहीं है। अपने बाबा की गंभीर हालात को देखते हुए उनका नाती नितिन चौहान सदमे में चला गया तथा 3 जनवरी को हृदय गति रुकने से उसकी मृत्यु हो गई, लेकिन इसके दोषी और जिम्मेदार बिजली विभाग के अधिकारियों पर कोई भी फर्क नहीं पड़ा। भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने में लिफ्त बिजली विभाग के अधिकारी पूर्णता तानाशाही और मनमानी करते हुए जनता का खुलेआम शोषण कर समस्याएं खड़ी कर रहे हैं। बिजली विभाग के अधिकारियों की कार्यशैली से असंतुष्ट भारतीय किसान यूनियन अखंड प्रदेश 15 मार्च को क्षेत्रीय जनता के साथ बड़ी संख्या में बिजली विभाग का घेराव करेगी और मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजेगी।

# रोजा रखने वालों पर अल्लाह की रहमत बरसती : सज्जादा नशीन



सज्जादा नशीन वसीम खां

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

शहर फतेहगढ़ की ऐतिहासिक व गंगा जमुनी तहजीब की मिसाल खानकाह मखदूम शाह सय्यद शहाबुद्दीन औलिया अलैहि रहमा के सज्जादा नशीन शाह मुहम्मद वसीम उर्फ मुहम्मद मियां बताया मुल्क भर की तकरीबन मस्जिदों व दरगाहों से मुल्क की तरक्की और कामयाबी, आपसी भाई चारे बढ़ावा देने के लिए दुआएं की गई। रमजानुल मुबारक महीने में इबादतों के पवित्र महीने रमजान उल मुबारक के पहले व दूसरे असरे में रोजदारों में उत्साह नज़र आया। वहीं यह महीना रहमतों और बरकतों के महीने रमजान के रोजे की फजीलत बताते हुए कहा कि रोजा इनसान को तकवा एवं परहेजगार बनाता है। इस माह में इबादतों का सवाब कई गुणा बढ़ा दिया जाता है। रोजा रखने वालों पर अल्लाह की रहमत बरसती है। लोगों को चाहिए कि वे रोजे रख कर पूरे माह रब की खूब इबादत करें। उन्होंने कहा कि रमजान का अहतराम करना चाहिए। रमज़ान के रोजे की कई फज़ीलतें हैं, इनमें से कुछ प्रमुख फ़ज़ीलतें ये हैं। जैसे- रोज़ा रखने से ग़रीबों की भूख का अहसास होता है। रमज़ान में रोज़ा रखने और इबादत करने से अल्लाह की रहमत मिलती है। रमज़ान में रोज़ा रखने से तकवा और परहेज़गारी आती है। रमज़ान में रोज़ा रखने से इबादतों का सवाब कई गुना बढ़ जाता है। रमज़ान में रोज़ा रखने से भूख का मतलब समझ आता है। रमज़ान में रोज़ा रखने से वक्त की पाबंदी का एहसास होता है। रमज़ान में रोज़ा रखने से अल्लाह की इबादत करने और दान देने की है। रमज़ान में रोज़ा रखने से कुरान पढ़ने की परंपरा है।

## दबंगों ने घर में घुसकर पीटा, शिकायत एसपी से

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** दंबगों घर में घुसकर मारपीट व गाली गलौज कर भतीजी के गले से सोने की चैन छीन लेने के मामले में स्थानीय पुलिस द्वारा कार्यवाही न किये जाने पर पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थन पत्र देकर कार्यवाही की मांग की।

अनिल कुमार पुत्र बलवन्त सिंह निवासी ग्राम अजीजाबाद थाना शमसाबाद ने पुलिस अधीक्षक को दिये प्रार्थना पत्र में दर्शाया कि 04 मार्च को समय लगभग रात्रि 9 बजे पडोसी मिथुन एवं आकाश पुत्रगण जयवीर तथा अजय पुत्र चन्द्रकिशोर घर में रंग खेलने के बहाने घुस आये तथा मेरी भतीजी साधना पुत्री सरवन के जबरन रंग लगाने लगे। जब मेरे भाई सरवन व भाभी चम्पादेवी एवं भतीजे सुमित तथा विपिन ने विरोध किया तो उक्त लोग गाली-गलौज करके लड़ाई झगड़ा करने लगे। तथा आवाज देकर अपने परिवारीजन जयवीर, चन्दकिशोर, मनोज, सनोज पुत्रगण रूस्तम सिंह तथा उनकी पत्नियां एवं पुत्रियां भी मौके पर परिवार के साथ मारपीट करने लगी। घर पर मौजूद सरवन, चम्पादेवी, सुमित एवं विपिन को उक्त लोगों ने लाठी-डन्डो से बुरी तरह से मारापीटा। जब मैं घर पहुंचा तो उक्त लोगों ने मुझे भी मारापीटा व जान से मारने की धमकी दी व मेरी भतीजी साधना की मारपीट के दौरान सोने की चैन भी खीच ले गये। जब थाने गया तो रिपोर्ट नहीं लिखी गयी और न ही चिकित्सीय परीक्षण कराया गया। उक्त लोग दंबग एवं राजनीतिक प्रवृत्ति के होने के कारण थाने में प्रार्थी की रिपोर्ट दर्ज नहीं होने दे रहे है।

# प्राचीन बढ़पुर देवी मंदिर में धूमधाम से मनाई गई शीतला अष्टमी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जनपद के ऐतिहासिक और धार्मिक गौरव का प्रतीक फतेहगढ़-फर्रुखाबाद मुख्य मार्ग पर बढ़पुर स्थित प्राचीन सिद्ध पीठ बढ़पुर देवी मंदिर में शीतला अष्टमी का पर्व पूरी श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। ब्रह्ममुहूर्त से ही मंदिर परिसर माता के जयकारों से गुंजायमान रहा।

मान्यता और परंपराओं के इस अनूठे संगम में हज़ारों भक्तों ने माता शीतला के दर्शन कर परिवार की सुख-समृद्धि और आरोग्य की कामना की। उत्सव का शुभारंभ तड़के सुबह 5 बजे हुआ। जब मंदिर के अध्यक्ष सचिन कटियार द्वारा माता रानी की भव्य आरती उतारी गई। शंखध्वनि और घंटों की गूँज के बीच शुरू हुई। आरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। आरती के पश्चात मंदिर के पट आम जनता के लिए खोल दिए गए। जिसके बाद जो कतारें लगीं, वे देर रात तक अटूट बनी रहीं।

**दिखा आस्था का सैलाब**

शीतला अष्टमी के पर्व पर बासी भोजन चढ़ाने की प्राचीन परंपरा का निर्वहन पूरी निष्ठा से किया गया। श्रद्धालु अपने घरों से एक दिन पहले तैयार किया हुआ। हलवा-पूरी, पीठा और हथौड़ी का विशेष भोग लेकर आए थे। मान्यता है कि माता शीतला को शीतल चीजें प्रिय हैं, इसलिए इस दिन चूल्हा नहीं जलाया जाता और माता को ठंडे पकवानों का अर्पण किया जाता है।



बढ़पुर मंदिर में भक्तों की भीड़

पूजन के पश्चात भक्तों ने इसी प्रसाद को परिवार के साथ ग्रहण कर निरोगी काया का आशीर्वाद प्राप्त किया। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, शीतला अष्टमी का पर्व ऋतु परिवर्तन का सूचक है। शरद ऋतु (सर्दियों) की विदाई और ग्रीष्म ऋतु (गर्मियों) के आगमन के समय, होली के बाद आने वाली इस अष्टमी का विशेष महत्व है। मंदिर के अध्यक्ष सचिन कटियार ने बताया कि माता शीतला प्रदान करने वाली देवी हैं। वे अपने भक्तों को खसरा, चेचक (स्मॉलपॉक्स) और त्वचा संबंधी अन्य संक्रामक रोगों से दूर रखती हैं। भीषण गर्मी के प्रकोप से पहले शरीर और वातावरण में शीतलता बनाए रखने के संदेश के साथ यह पूजा की जाती है। भक्तों की भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन और मंदिर कमेटी पूरी तरह सतर्क दिखी।

स्थानीय पुलिस बल सुबह से ही मंदिर के बाहर और मुख्य मार्ग पर यातायात और सुरक्षा व्यवस्था संभालने में जुटा रहा। पूरे मंदिर परिसर को तीसरी आँख की निगरानी में रखा गया, जिससे असामाजिक तत्वों पर नज़र रखी जा सके और व्यवस्था सुचारू बनी रहे। मंदिर कर्मचारियों द्वारा पूरे दिन साफ-सफाई की व्यवस्था चाक-चौबंद रखी गई, ताकि भक्तों को दर्शन के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। उत्सव के लिए बढ़पुर देवी मंदिर को किसी दुल्हन की तरह सजाया गया था। विदेशी फूलों, रंग-बिरंगे गुब्बारों और मनमोहक विद्युत झालरों की सजावट देखते ही बन रही थी। रात के समय मंदिर की आभा देखते ही बनती थी, जो दूर से ही श्रद्धालुओं को अपनी ओर आकर्षित कर रही थी।

मंदिर कमेटी द्वारा तय किया गया कि रात 8 बजे भव्य केक काटकर माता रानी का जन्मदिन मनाया जाएगा। इस अनूठे आयोजन को लेकर युवाओं और बच्चों में विशेष उत्साह देखा गया। पूरे भव्य आयोजन को सफल बनाने में मंदिर के पुजारी विकी के साथ अकुर कटियार, शिवम श्रीवास्तव, निखिल श्रीवास्तव, वैभव मिश्रा सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुरालियों का कहर

# होली मिलने आईं महिलाओं पर कुल्हाड़ी से हमला

- दो लाख रुपये अतिरिक्त दहेज की मांग का विरोध करने पर हुआ हमला
- कई महिलाएं गंभीर घायल, एक की हालत नाजुक
- नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज, सभी फरार

**बिजुआ-खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

होली के पर्व पर रिश्तों में मिठास घुलने के बजाय खून-खराबा हो गया। अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुराल पक्ष के लोगों ने होली मिलने आईं महिलाओं पर कुल्हाड़ी व अन्य धारदार हथियारों से हमला कर दिया। इस हमले में कई महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं, जिनमें एक की हालत नाजुक बताई जा रही है। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया और आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार पीलीभीत जिले के माधोटांडा थाना क्षेत्र के ग्राम रूदपुर निवासी नरेंद्र सिंह ने कोतवाली भीरा में तहरीर देकर बताया कि उनकी भांजी संजना देवी की शादी करीब चार माह पहले खीरी जिले के भीरा थाना क्षेत्र के ग्राम दीदारू टांडा निवासी नरेश सिंह पुत्र लालता सिंह के साथ हिंदू रीति-रिवाज से हुई थी। शादी के दौरान तिलक व दहेज भी दिया गया था।

आरोप है कि 9 मार्च 2026 को होली के अवसर पर नरेंद्र सिंह की मां कुसमा देवी, बहन गीता देवी, अनीता देवी और भांजी संजना देवी उसके ससुराल होली मिलने गई थीं। इसी दौरान ससुराल पक्ष के लालता सिंह, महेश, रूप सिंह, वसंत सिंह, कुलदीप सिंह और श्रवण सिंह ने दो लाख रुपये अतिरिक्त दहेज की मांग करते हुए कहा कि जब तक उनकी मांग पूरी नहीं होगी, तब तक उन्हें घर में नहीं रुकने दिया जाएगा। पीड़ित पक्ष के अनुसार जब इस मांग का विरोध किया गया तो आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए अचानक कुल्हाड़ी और अन्य धारदार हथियारों से हमला कर दिया। हमले में कुसमा देवी, गीता देवी, अनीता देवी, संजना देवी और नरेश सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जा रहा है कि कुसमा देवी समेत कई घायलों की हालत गंभीर बनी हुई है और उनका इलाज अस्पताल में चल रहा है। तहरीर में यह भी आरोप लगाया गया है कि आरोपित परिवार इससे पहले भी अपनी बड़ी बहू के साथ गंभीर घटना कर चुका है, जिसमें उसकी मौत हो चुकी है।

> तहरीर के आधार पर नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है। सभी आरोपी मौके से फरार हैं, उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम लगाई गई है। दोषियों को जल्द गिरफ्तार कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।
>
> — **रोहित दुबे, थाना प्रभारी भीरा**

## होली मिलन समारोह, खेली गई फूलों से होली



लखीमपुर खीरी। खमरिया पंडित स्थित मंगलम पैलेस में भारतीय जनता पार्टी का होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। जेटीसी परिवार द्वारा आयोजित कार्यक्रम में रंग-गुलाल की जगह फूलों की होली खेली गई और सभी ने एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी, भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता और धौरहरा विधायक विनोद शंकर अवस्थी सहित कई नेता मौजूद रहे। नेताओं ने कहा कि होली प्रेम, भाईचारे और सामाजिक समरसता का प्रतीक है तथा ऐसे आयोजन संगठन को मजबूत करते हैं। इस मौके पर बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### देशी शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र हलिया कस्बा मटिहरा रोड़ नहर पुलिया के आशीर्वाद पास से मंगलवार की रात्रि में पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर 20पाउच देशी शराब ब्लू लाइम के साथ एक आरोपित को गिरफ्तार कर आरोपित के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है । थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव के निर्देश पर गस्त कर रहे उपनिरीक्षक रमाशंकर मय हमराह हेड कांस्टेबल अभिषेक चौबे, योगेंद्र यादव के सतब मुखबिर की सूचना पर हलिया कस्बा मटिहरा रोड़ नहर पुलिया के आस पास से 20 पाउच देशी शराब ब्लू लाइम के साथ मटिहरा गांव निवासी इंद्रमन को गिरफ्तार कर आरोपित के विरुद्ध 60 आबकारी अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है। आरोपित को चेतावनी देकर निजी मुचलके पर छोड़ दिया है आरोपित शराब को बिक्री करने के लिए लेकर जा रहा था इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया की 20 पाउच देशी शराब ब्लू लाइम के साथ आरोपित को गिरफ्तार कर आरोपित के विरुद्ध 60 आबकारी अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल किया जा रहा है।

### शटरिंग खोलते समय नीचे गिरा युवक, गंभीर रूप से घायल रेफर

**हलिया (मिर्जापुर)।** लालगंज थाना क्षेत्र के बरौधा पुलिस चौकी अंतर्गत नेवादा गांव में बुधवार को मकान का शटरिंग खोलते समय असंतुलित होकर युवक छत से नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने घायल युवक को एम्बुलेंस सेवा वाहन से उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये। जंहा पर चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद सिर में गंभीर चोट को देखते हुए ट्रामा सेंटर मिर्जापुर के लिए रेफर कर दिया है। लालगंज थाना क्षेत्र के नेवादा गांव निवासी 35 वर्षीय जोगेश कोल गांव में मकान का शटरिंग खोलने के लिए गए थे की शटरिंग खोलते समय असंतुलित होकर मकान के क्षेत्र से नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने घायल युवक को उपचार के लिए एम्बुलेंस वाहन से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये जंहा पर चिकित्सक आलोक यादव ने युवक का प्राथमिक उपचार करने के बाद सिर में गंभीर चोट को देखते हुए बेहतर उपचार के लिए ट्रामा सेंटर मिर्जापुर के लिए रेफर कर दिया है इस संबंध में चिकित्सक आलोक यादव ने बताया की युवक के सिर में गंभीर चोट को देखते हुए सीटी स्कैन कराने के लिए ट्रामा सेंटर मिर्जापुर के लिए रेफर कर दिया गया है।




### मिशन शक्ति टीम ने सोनगढ़ा गांव में महिलाओं व बालिकाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए किया जागरूक



**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के सोनगढ़ा गांव में बुधवार को मिशन शक्ति टीम के प्रभारी एसआई रमाशंकर व हेड कांस्टेबल अभिषेक चौबे व महिला कांस्टेबल सलोनी दिवाकर द्वारा चौपाल लगाकर मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत महिलाओ व बालिकाओं को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओ एवं हेल्पलाइन नंबरों से अवगत कराया गया। बालिकाओं के लिए बनाए गए कानूनों के बारे में महिला सशक्तीकरण के बारे जागरूक किया गया। पुलिस हेल्पलाइन नंबर 112, महिला हेल्पलाइन नंबर 1090, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर (आईजीआरएस) –1076 , चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930, एंबुलेंस हेल्पलाइन नंबर 108, गर्भवती महिलाओं के लिए एम्बुलेंस हेल्पलाइन नंबर 102, अग्निशमन हेल्पलाइन नंबर 101, आशा ज्योति केंद्र 181 आदि हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए जागरूक किया गया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया की मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत मिशन शक्ति टीम द्वारा लगातार क्षेत्र में प्रतिदिन दो स्थानों पर चौपाल लगाकर महिलाओ व बालिकाओं को आत्म निर्भर बनाने के लिए शासन के द्वारा बनाये गए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देकर जागरूक किया जा रहा है।

### जिलाधिकारी की अध्यक्षता में निर्वाचन क्षेत्रों के निर्वाचक नामावलियों के विशेष बैठक सम्पन्न



**मिर्जापुर।** जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में अर्हता तिथि 01.01.2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रो के निर्वाचक नामावलियो के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के सम्बंध में बैठक आहूत की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने जनप्रतिनिधिगणो को जानकारी देते हुए बताया कि जनपद मीरजापुर में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के मतदाता सूची के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण 2026 के दौरान दावा एवं आपत्ति अवधि (6 जनवरी से 6 मार्च, 2026 तक) में नागरिकों से दावे व आपत्तियों और इसी अवधि में गणना चरण में मिलान न कराने वाले मतदाताओं तथा मिलान में तार्किक विसंगति वाले मतदाताओं को नोटिस एवं सुनवाई चरण (6 जनवरी से 27 मार्च, 2026 तक) में जारी किये गये नोटिस एवं पूर्ण की गई सुनवाई से सम्बन्धित महत्वपूर्ण आंकड़े यथा– 06 जनवरी, 2026 को प्रकाशित ड्राफ्ट मतदाता सूची में कुल मतदाता–1567539 पुरूष मतदाताओं की संख्या–855675 महिला मतदाताओं की संख्या–711825 तृतीय लिंग मतदाताओं की संख्या–39, नोटिसों की सुनवाई में कुल नोटिसों की संख्या–324498 जनरेटेड नोटिसों की संख्या–324494, नोटिस वितरण की संख्या–323236 (99.61 प्रतिशत), 11 मार्च, 2026 तक सुनवाई–319021 (98.31 प्रतिशत) होगी। उन्होंने समस्त ई.आर.ओ.ध्ए.ई.आर.ओ. को यह निर्देशित किया कि वह सुनवाई हेतु आने वाले मतदाताओं को अथवा उनके द्वारा नामित प्रतिनिधियों को यथासम्भव सहायता प्रदान की जाए जिससे उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा सुनवाई स्थल पर मतदाताओं को कम से कम समय व्यतीत करना पड़े। मतदाताओं को सुनवाई हेतु यह निर्देश जारी किये गये हैं कि मतदाताओं को होने वाली असुविधा को कम करने हेतु सुनवाई प्रक्रिया में मतदाताओं को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने से छूट दी जा सकती है। विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण–2026 के दिशा निर्देशों के अनुसार दिनांक 06.01.2026 को प्रकाशित ड्राफ्ट मतदाता सूची से बिना नोटिस दिए एवं ई.आर.ओ.ध्ए.ई.आर.ओ. द्वारा विहित प्रक्रियानुसार पारित सकारण आदेश के बिना कोई नाम विलोपित (खारिज) नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि 27 मार्च 2026 तक आपत्ति से सम्बन्धित सुनवाई में पहुंचकर अपना दस्तावेज उपलब्ध करा दे। उन्होंने कहा कि सुनवाई में यदि किसी प्रकार की कोई समस्या हो तो सम्बन्धित अधिकारियों को अवगत कराएं तत्काल संज्ञान लेते हुए समाधान कराया जाएगा। बैठक में अपर जिलाधिकारी वि/रा अजय कुमार सिंह, नगर मजिस्ट्रेट अविनाश सिंह, उप जिलाधिकारी सदर गुलाब चन्द्र, जिला महामंत्री भाजपा रवि शंकर पाण्डेय, जिला संयोजक दिलीप सिंह, जिला अध्यक्ष सपा देवी प्रसाद चौधरी, प्रवक्ता राष्ट्रीस काग्रेस पार्टी छोटे खान, जिला अध्यक्ष बासपा मिलगू राम भारती, जिला उपाध्यक्ष बासपा सद्दाम राइन, जिला सचिव सपा गायत्री सिंह पटेल, प्रदेश सचिव आम आदमी पार्टी रमाशंकर साहू, जिला अध्यक्ष आम आदमी पार्टी प्रो. बी. सिंह, जिला मीडिया प्रभारी अपना दल एस शंकर सिंह चौहान, सहित विभिन्न राजनैतिक दलो के पदाधिकारी व सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

# बिजुआ प्रधान संगठन का होली मिलन समारोह संपन्न

- रंग-गुलाल के साथ बढ़ा आपसी भाईचारा, पंचायतों की समस्याओं पर भी हुई चर्चा

**बिजुआ (खीरी), समृद्धि न्यूज़।**

उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन, विकास खंड बिजुआ द्वारा बुधवार को बस्तौला चौराहा स्थित द मिडङ्क्वे मील में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के अनेक ग्राम प्रधानों, जनप्रतिनिधियों और गणमान्य लोगों ने भाग लेकर एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं।

समारोह की शुरुआत आपसी अभिवादन और रंग-गुलाल के साथ हुई। उपस्थित प्रधानों ने अबीर-गुलाल लगाकर होली की खुशियां साझा कीं।




पूरे कार्यक्रम के दौरान उत्साह और उमंग का माहौल बना रहा। सभी ने मिलकर होली गीतों और पारंपरिक तरीके से इस पर्व का आनंद लिया।

इस अवसर पर प्रधान साथियों ने कहा कि होली का पर्व प्रेम, भाईचारे और एकता का प्रतीक है। ऐसे आयोजनों से जनप्रतिनिधियों के बीच आपसी तालमेल मजबूत होता है और विकास कार्यों को लेकर सकारात्मक संवाद का अवसर मिलता है।

कार्यक्रम के दौरान पंचायतों के विकास, विभिन्न समस्याओं और उनके समाधान को लेकर भी चर्चा की गई। प्रधानों ने कहा कि पंचायत चुनाव नजदीक होने के कारण राजस्व विभाग, थाना और विकासखंड स्तर पर ग्राम प्रधानों से जुड़े कई मामलों का निस्तारण प्रभावित हो रहा है। प्रशासन से इस संबंध में स्पष्ट दिशा-निर्देश और व्यवस्था बनाने की मांग की गई।

बैठक में यह भी कहा गया कि आईडी फीजिंग और पेंशन फीजिंग के कारण कई पंचायतों के कार्य प्रभावित हो रहे हैं, जिनके निस्तारण के लिए अस्थायी व्यवस्था किए जाने की आवश्यकता है, ताकि पंचायतों के कार्य बाधित न हों।

प्रधानों ने यह भी निर्णय लिया कि ग्राम प्रधान संगठन के अध्यक्ष ओमकार सिंह के नेतृत्व में विकासखंड बिजुआ के ग्राम प्रधानों का प्रतिनिधिमंडल शीघ्र ही मुख्यमंत्री से भेंट कर पंचायतों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं और मांगों को उनके समक्ष रखेगा। कार्यक्रम में प्रधान संगठन के अध्यक्ष ओमकार सिंह, अरविंद वर्मा, मनीष वर्मा, अखिलेश बाजपेई, आशीष कुमार, तनसीर खान, श्यामल सिंह, रामेंद्र यादव, सूरजपाल, अरविंद कुमार, विशाल पांडे, मुकेश मौर्या, पवन कुमार, आशीष गौतम, बलराम, जयपाल गौतम, अभिषेक पुष्कर, अतहर अली, मनोज राज, विनीत कुमार, बलराम सिंह, महेश सिंह, मुकेश सिंह सहित क्षेत्र के कई ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

## एथनोल फैक्ट्री प्लांट का छानबे विधायक ने किया निरीक्षण

**हलिया (मिर्जापुर)।** क्षेत्र के सेमरिहा गांव में स्थित ब्रजधाम एथनोल प्राइवेट लिमिटेड फैक्ट्री उत्पादन प्लांट का बुधवार को छानबे विधायक रिंकी कोल ने निरीक्षण किया है निरीक्षण के दौरान छानबे विधायक ने एथनोल फैक्ट्री उत्पादन प्लांट में कार्य कर रहे श्रमिकों से मुलाकात किया और जानकारी लिया एथनोल फैक्ट्री उत्पादन प्लांट में सैकड़ो की संख्या में लोगो को रोजगार उपलब्ध हुआ है। एथनोल फैक्ट्री उत्पादन प्लांट में प्रतिदिन दो लाख लीटर एथनोल का उत्पन्न किया जा रहा है। एथनोल फैक्ट्री उत्पादन प्लांट का भाजपा राष्ट्रीय महासचिव ध्राजयसभा सांसद अरुण सिंह द्वारा भव्य उद्घाटन किया गया था एथनोल




उत्पादन प्लांट से क्षेत्र के धान मक्का की खेती करने वाले किसानों को सीधा फायदा हो रहा है साथ ही एक हजार लोगो को रोजगार मुहैया हो रहा है एथनोल उत्पादन प्लांट से तैयार एथनोल मुगलसराय प्रयागराज के साथ देश के अन्य शहरों तक आपूर्ति किया जा रहा है एथनोल डीजल पेट्रोल में उपयोग किया जाता है ग्रीन एनर्जी पर्यावरण को लाभ मिलता है इस दौरान विनोद गिरि, शशिकांत पटेल, तुलसी दास पाल आदि मौजूद रहे।

## दुधवा के जंगलों में बाघ-हाथियों की सुरक्षा को लेकर अलर्ट

- गांव-गांव जाकर चला जागरूकता अभियान, बच्चों और ग्रामीणों को दिए बचाव के टिप्स

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

दुधवा टाइगर रिजर्व क्षेत्र में वन एवं वन्यजीवों की सुरक्षा को लेकर वन विभाग लगातार जागरूकता अभियान चला रहा है। दुधवा के आसपास बसे गांवों में लोगों को वन्यजीवों के प्रति सतर्क करने और उनसे सुरक्षित रहने के उपाय बताने के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में रविवार को दुधवा टाइगर रिजर्व प्रभाग पलिया-खीरी के दुधवा बाघ संरक्षण फाउंडेशन के कार्मिकों ने सीमावर्ती गांवों में पहुंचकर ग्रामीणों और स्कूली बच्चों को जागरूक किया। दुधवा टाइगर रिजर्व वन्यजीवों के संरक्षण की दृष्टि से देश के महत्वपूर्ण संरक्षित क्षेत्रों में से एक माना जाता है। यहां बाघ और हाथियों की



अच्छी संख्या पाई जाती है। इसके अलावा गैण्डा पुनर्वास योजना के तहत यहां कुल 52 गैण्डों का संरक्षण किया जा रहा है। वन विभाग के अनुसार बीते वित्तीय वर्ष में चार गैण्डों को खुले जंगल में स्वच्छंद विचरण के लिए छोड़ा जा चुका है, जबकि छह अन्य गैण्डों को भी जल्द ही मुक्त किए जाने पर विचार किया जा रहा है।

**सीमावर्ती गांवों में पहुंची वन विभाग की टीम:** वन विभाग की टीम ने दक्षिण सोनारीपुर रेंज के सीमावर्ती गांव बुद्धापुरवा और इटैया के प्राथमिक विद्यालयों में जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम का नेतृत्व मोटिवेटर धनीराम ने किया। इस दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और स्थानीय ग्रामीणों को वन्यजीवों के व्यवहार और उनसे बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में ईको विकास समिति के सदस्य भी मौजूद रहे।

प्रधान के आवास पर भी हुआ जागरूकता कार्यक्रमः इसी क्रम में बेलरायां रेंज के समीपस्थ गांव पचपेड़ा और रिछिया में ग्राम प्रधान के आवास पर भी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन मोटिवेटर नाजरुन निशा ने किया। इसमें ग्राम प्रधान के साथ बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। इस दौरान बेलरायां रेंज के वन दरोगा शरीफ अहमद और वन रक्षक विकास तिवारी भी मौजूद रहे।

> **वन्यजीव दिखने पर तुरंत दें सूचना**
>
> जागरूकता कार्यक्रम के दौरान वन विभाग के अधिकारियों और मोटिवेटरों ने ग्रामीणों को बताया कि जंगल से सटे क्षेत्रों में रहने के कारण कभी–कभी हाथी, बाघ या अन्य वन्यजीव गांवों की ओर आ सकते हैं। ऐसे में घबराने के बजाय सावधानी बरतना जरूरी है।

### गैस एजेंसी पर गैस सिलेंडर नही होने से लटक रहा ताला

**हलिया (मिर्जापुर)।** क्षेत्र में इन दिनों गैस सिलेंडर की किल्लत हो गई है जिससे गैस उपभोक्ता गैस सिलेंडर रिफिल कराने के लिए गैस एजेंसी का चक्कर काट रहे है गैस एजेंसी के कर्मियों द्वारा उपभोक्ताओ को आश्वासन दे रहे है । की जल्द ही गैस सिलेंडर गोदाम पर उपलब्ध हो जायेगा विंध्य भारत गैस एजेंसी के गोदाम पर गैस सिलेंडर नही होने से एजेंसी के कर्मी गोदाम पर ताला बंद कर दिए है एजेंसी शोरुम पर उपभोक्ता बुकिंग कराने के लिए पहुंचकर गैस रिफिल कराने के लिए बुक कर रहे है। लेकिन सिलेंडर उपलब्ध नही होने से उपभोक्ताओ के गैस सिलेंडर रिफिल नही हो पा रहा है एक ट्रक गैस सिलेंडर गोदाम पर उपभोक्ताओ के रिफिल के लिए आया था जो एक दिन में ही खत्म हो गया है आरोप है। एजेंसी संचालक द्वारा महंगे दामों पर सहज जनसेवा केंद्रों पर गैस सिलेंडर रिफिल के लिए रात्रि में देने से स्थिति उत्पन्न हुई है।

## जीएस ओलम्पियाड विजेताओं को किया गया सम्मानित

**महाराजगंज, समृद्धि न्यूज।**

एम. पी. पब्लिक स्कूल, आनंदनगर में मंगलवार, 10 मार्च 2026 को जी. एस. ओलम्पियाड में विजयी प्रतिभागियों को विद्यालय के प्रबंधक संतोष पाण्डेय एवं प्रधानाचार्य रॉयचन एंटोनी द्वारा परितोषिक प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष भी विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय एवं अपने अभिभावकों का नाम गौरवान्वित किया। यह प्रतियोगिता तीन समूहों में आयोजित की गई थी, जिसमें प्रत्येक समूह से एक विद्यार्थी को विजेता घोषित किया गया और उन्हें 32 इंच का टेलीविजन पुरस्कार स्वरूप प्रदान किया गया। प्रथम समूह कक्षा 3 से 5 कक्षा 5 की छात्रा आस्था चौधरी द्वितीय समूह कक्षा 6 से 8 कक्षा 6 की छात्रा जान्हवी वर्मा, तृतीय समूह कक्षा 9 से 12 कक्षा 11 के छात्र गोविन्द वर्मा। इसके अतिरिक्त प्रत्येक कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को साइकिल तथा द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को स्कूल बैग पुरस्कार स्वरूप प्रदान किए गए। कक्षा-वार विजेताओं की सूची इस प्रकार है–

कक्षा 3- प्रथम– अनमोल वर्मा, द्वितीय– आयुष कुमार, कक्षा 4- प्रथम– आकर्ष अग्रहरि, द्वितीय– साक्षी चौरसिया कक्षा 5- प्रथम– श्रेयांश चौधरी, द्वितीय– पीयूष चौरसिया कक्षा 6- प्रथम– सुधांशु चौबे, द्वितीय– आराध्या चौधरी कक्षा 7- प्रथम– अदिति मिश्रा, द्वितीय– आदर्श चौधरी, कक्षा 8- प्रथम– ऋचा चौबे, द्वितीय– श्रेया कुमारी कक्षा 9- प्रथम– आर्यन गुप्ता, द्वितीय– अदिति त्रिपाठी कक्षा 10- प्रथम– अनुज कुमार सिंह, द्वितीय– अर्नव चौधरी, कक्षा 11- प्रथम– विनीत साहनी, द्वितीय– मुस्कान राय, कक्षा 12- प्रथम– अर्चना, द्वितीय– लावण्या गुप्ता। इसके अतिरिक्त प्रत्येक कक्षा में छह-छह विद्यार्थियों को सांत्वना पुरस्कार के रूप में लंच बॉक्स प्रदान किए गए। इस प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली कक्षा 8 की छात्रा वर्तिका पाण्डेय को विशेष रूप से स्कूटी प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक संतोष पाण्डेय ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को भविष्य की प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करना है, जिससे वे आगामी वार्षिक परीक्षाओं में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकें।इसके साथ ही कुछ दिन पूर्व के. जी. विंग्स के बच्चों द्वारा आयोजित फूड फेस्ट के सफल आयोजन के लिए बच्चों को उनकी माताओं के साथ उपहार देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम के दौरान विद्यालय में रोबोटिक लैब का भी उद्घाटन किया गया, जिससे विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं नई तकनीकों के बारे में ज्ञान प्राप्त हो सकेगा। आगामी सत्र से कक्षा 3 से कक्षा 8 तक के विद्यार्थी इस रोबोटिक लैब का लाभ उठा सकेंगे।कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के समस्त शिक्षकों एवं स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

### 85 वर्षीय वृद्धा को देवर जान माल की दे रहा धमकी

**गोरखपुर।** खजनी थाना क्षेत्र के ग्राम डोहरिया प्राणनाथ की रहने वाली भानमती देवी को उनका भतीजा जान माल की धमकी दे रहा है। शास्त्री चौक स्थित गोरखपुर जर्नलिस्टस प्रेस क्लब में प्रेस वार्ता के माध्यम से पीड़िता भानमती के भाई दीनानाथ ने बताया कि भानमती ने जमीन विवाद में फर्जीवाड़े और लगातार मिल रही जान से मारने की धमकियों को लेकर गंभीर शिकायत की है। पीड़िता ने पुलिस प्रशासन से तत्काल एफआईआर दर्ज कर आरोपीयों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई तथा अपनी जान–माल की सुरक्षा सुनिश्चित करने की माँग की है। पीड़िता के भाई ने बताया कि उनके पति स्व. निठुरी का नाम खतौनी से फर्जी तरीके से खारिज कर विंध्याचल पुत्र विपत ने जालसाजी कर लाखों की जमीन पर अपना नाम दर्ज करा लिया था। जब इसकी जानकारी हुई तो भानमती ने तहसीलदार खजनी न्यायालय में वाद दायर किया। न्यायालय के आदेश पर पति के स्थान पर भानमती का नाम खतौनी में दर्ज कर दिया गया। न्यायालयीन आदेश के बाद भानमती ने अपनी उक्त भूमि (आराजी) को उचित प्रतिफल लेकर विभिन्न व्यक्तियों के पक्ष में वैध बैनामा कर दिया। इसके बाद विंध्याचल पुत्र विपत, रामकिशन, रामदुलारे, रामसाही, रुधल, आल्हा, मलखा, सुदामा, जयगोपाल तथा जयगोविंद (सभी पुत्रगण विंध्याचल) ने मिलकर भानमती पर बैनामा रद्द करने या पूरी रकम वापस करने का दबाव बनाना शुरू कर दिया। पीड़िता का आरोप है कि उक्त सभी व्यक्ति लगातार उसे फोन पर और आमने–सामने धमकी दे रहे हैं कि बैनामा वापस न किया या रुपए न दिया तो जान से मार देंगे। महिला ने प्रेस के माध्यम से प्रशासन से अपील की है कि मामले में तुरंत एफआईआर दर्ज की जाए आरोपियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए और उन्हें व उनके परिवार को पर्याप्त सुरक्षा प्रदान की जाए ताकि कोई अप्रिय घटना न हो।

# नगर पंचायत की मनमानी के खिलाफ व्यापारियों ने किया प्रदर्शन

- आरसी पर रोक लगाने की मांग लेकर विधायक के साथ डीएम से मिले

**महाराजगंज, समृद्धि न्यूज।**

नगर पंचायत आनंदनगर स्थित गौतम बुद्ध व्यावसायिक भवन के व्यापारियों ने नगर पंचायत प्रशासन पर मनमानी और अनुबंध के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए बुधवार को फरेंदा विधायक वीरेंद्र चौधरी के नेतृत्व में जिलाधिकारी से मुलाकात की। व्यापारियों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर मामले की निष्पक्ष जांच कराने, जारी की गई आरसी पर तत्काल रोक लगाने तथा जिम्मेदार अधिकारियों के



खिलाफ कार्रवाई की मांग की। व्यापारियों का आरोप है कि नगर पंचायत प्रशासन अनुबंध की शर्तों के विपरीत मनमाने तरीके से किराया और मरम्मत शुल्क की मांग कर रहा है। इसके साथ ही व्यापारियों पर आरसी जारी कर वसूली की कार्रवाई शुरू कर दी गई है, जिससे उन्हें मानसिक और आर्थिक रूप से परेशान किया जा रहा है। फरेंदा विधायक वीरेंद्र चौधरी ने बताया कि वर्ष 1988 में नगर पंचायत आनंदनगर द्वारा गौतम बुद्ध व्यावसायिक भवन का निर्माण कराया गया था। भवन की 42 दुकानों का आवंटन तत्कालीन उपजिलाधिकारी संध्या तिवारी द्वारा किया गया था। उस समय दुकानदारों से 14 हजार रुपये प्रत्याभूति राशि ली गई थी तथा मासिक किराया 250 रुपये निर्धारित किया गया था। अनुबंध के अनुसार प्रत्येक 10 वर्ष में किराये में 25 प्रतिशत वृद्धि का प्रावधान भी तय किया गया था। दुकानदारों के अनुसार वर्ष 2020 में कोरोना काल के दौरान नगर पंचायत ने भवन की मरम्मत के नाम पर करीब 14 लाख रुपये की मांग करते हुए किराया बढ़ाकर 6 हजार रुपये प्रतिमाह करने का नोटिस जारी कर दिया, जो अनुबंध की शर्तों के विपरीत था। इस निर्णय के विरोध में दुकानदारों ने उच्च न्यायालय में याचिका दाखिल की, जो अभी विचाराधीन है। अदालत के निर्देश पर व्यापारी 391 रुपये मासिक किराया ट्रेजरी के माध्यम से जमा करते रहे हैं। व्यापारियों ने बताया कि वर्ष 2024 में आपसी सहमति से यह तय हुआ था कि दिसंबर 2024 तक 391 रुपये और जनवरी 2025 से 1300 रुपये मासिक किराया जमा किया जाएगा। कुछ दुकानदारों ने 1300 रुपये जमा करना भी शुरू कर दिया, लेकिन बाद में नगर पंचायत प्रशासन ने किराया लेने से ही इनकार कर दिया। इसके बावजूद दुकानदारों के खिलाफ आरसी जारी कर वसूली की कार्रवाई शुरू कर दी गई है, जिसे व्यापारी पूरी तरह अन्यायपूर्ण बता रहे हैं। व्यापारियों ने जिलाधिकारी से पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराने और न्याय दिलाने की मांग की है। इस दौरान पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष जयप्रकाश, सुरेश, मनोज शर्मा, अखिल कुमार, कृष्ण कुमार, श्याम सुंदर, जयराम, कैलाश, चंद्रपति त्रिपाठी, गोपाल, कयामुद्दीन समेत कई दुकानदार मौजूद रहे।